आषाढ़ कृष्ण पक्ष सप्तमी 01:35 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बुधवार, 18 जून 2025
वर्ष 6, अंक 208, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा 12
सीतारमण ने लद्दाख में परियोजना स्थल का किया दौरा 14

# ट्रंप का अल्टीमेटम- अब कोई बात नहीं होगी, आत्मसमर्पण करे ईरान

## जी-7 सम्मेलन छोड़कर अमेरिका लौटे, तेहरान खाली करने की चेतावनी दी

- ईरानी सेना का डिप्टी कमांडर भी मारा गया, ईरान का मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल और ईरान के बीच बढ़े सैन्य तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जी 7 सम्मेलन छोड़कर अमेरिका लौट गए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए साफ किया कि ईरान से आब कोई बात नहीं होगी। ईरान को आत्मसमर्पण करना होगा। ट्रंप ने तेहरान के लोगों को शहर खाली करने की भी चेतावनी दी।

ट्रंप ने कनाडा में जारी जी-7 शिखर सम्मेलन को छोड़कर वाशिंगटन लौटते हुए एक संदेश में लिखा, ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता। उन्होंने अपने संदेश में कहा, सभी को तेहरान तत्काल खाली कर देना चाहिए। बाद में ट्रंप ने इस बात से इनकार किया कि वह संघर्ष विराम पर काम करने के लिए जल्दबाजी में लौटे हैं। वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, मैं संघर्ष विराम की तरफ नहीं देख रहा हूं। हम उससे भी बेहतर चीज की तरफ देख रहे हैं।

'एयर फोर्स वन' में सवार पत्रकारों ने ट्रंप से पूछा कि उन्होंने तेहरान को खाली करने का अनुरोध क्यों किया, इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं बस यही चाहता हूं कि लोग सुरक्षित रहें। इससे पहले, इजराइली सैन्य बलों ने तेहरान के एक मध्यवर्ती इलाके के लगभग 3,30,000 निवासियों से इलाके को खाली करने की अपील की थी। इजराइल ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरान के उच्च पदस्थ जनरल अली शादमानी को मार गिराया है, जिन्हें हाल ही में खातम अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय का प्रमुख नियुक्त किया गया था।



कनाडा में जी-7 छोड़कर जाते राष्ट्रपति ट्रंप।

### ट्रंप ने कहा- मैं जानता हूं कहां छिपे हैं खामेनेई

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जानता है कि ईरान के शीर्ष (धार्मिक) नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छिपे हैं, लेकिन वह फिलहाल उन्हें मारना नहीं चाहता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आग्रह किया, क्योंकि पांच दिन से जारी संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रंप ने कहा, हमें अच्छी तरह पता है कि तथाकथित सर्वोच्च नेता कहां छिपे हैं। ट्रंप ने कहा, वह एक आसान निशाना हैं, लेकिन वहां सुरक्षित हैं, हम उन्हें अभी मारने नहीं जा रहे हैं, कम से कम फिलहाल तो नहीं।

### भारतीयों से तुरंत तेहरान छोड़ने की अपील

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष तेज होने की पृष्ठभूमि में तेहरान में सभी भारतीय नागरिकों को मंगलवार को शहर से बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाने और दूतावास से संपर्क में रहने का परामर्श जारी किया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान तथा संपर्क नंबर प्रदान करें। भारतीय मिशन ने सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों (पीआईओ) को यह सलाह भी दी है कि जो अपने स्वयं के संसाधनों से तेहरान से बाहर जा सकते हैं, वे शहर के बाहर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है तथा उन्होंने पांचवें दिन भी एक दूसरे पर हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान और इजराइल में जारी घटनाक्रम के मद्देनजर मंत्रालय में 24 घंटे संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।

### 110 छात्र सीमा पार आर्मेनिया पहुंचे

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि तेहरान में मौजूद भारतीय छात्रों को सुरक्षा कारणों से बाहर निकाल लिया गया है और उनमें से 110 लोग सीमा पार कर आर्मेनिया पहुंच गए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि परिवहन के हिसाब से जो लोग स्वयं इंतजाम कर सकते हैं उन्हें भी हालात को देखते हुए शहर से बाहर चले जाने की सलाह दी गई है।

## प्रदेश में बारिश, बिजली और आंधी की चेतावनी

**लखनऊ।** मानसून के प्रवेश से पहले प्रदेश में बारिश और बिजली-आंधी की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी की है। आने वाले दिनों में तेज हवा चलने के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट है। वहीं, प्रदेश में 19 से 21 जून के बीच भारी बारिश होने की संभावना भी बताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 18 जून को उप्र. में मानसून का प्रवेश होगा। फिलहाल राज्य के कई जिलों में प्री मानसून की बारिश हो रही है। इस बीच प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, कासगंज, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, आदि जिले शामिल हैं।

# जी-7 सम्मेलन में पहुंचे मोदी, कई देशों के नेताओं से की मुलाकात

- कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने किया स्वागत, मैक्सिको की राष्ट्रपति से ग्लोबल साउथ पर चर्चा

**कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी**

जी-7 शिखर सम्मेलन में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंगलवार को कनैनिस्किस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने स्वागत किया। मोदी ने सम्मेलन से इतर दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं से मुलाकात की।

अधिकारियों ने बताया कि जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनैनिस्किस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने ली जे-म्यांग के साथ बातचीत की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, हरित हाइड्रोजन, जहाज निर्माण, संस्कृति एवं अन्य क्षेत्रों में साझेदारी के माध्यम से सहयोग के नए रास्ते तलाश कर भारत-दक्षिण कोरिया विशेष रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। मोदी ने मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो से मुलाकात की और 'ग्लोबल साउथ' की प्राथमिकताओं सहित प्रमुख वैश्वि एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा किए। दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक थी।



प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते कार्नी।

# एअर इंडिया की 7 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

एअर इंडिया ने मंगलवार को विभिन्न कारणों और अपने विमान बेड़े की बढ़ी हुई जांच के चलते लंदन-अमृतसर और दिल्ली-दुबई समेत सात अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी के अनुसार, रद्द की गई एअर इंडिया की अन्य उड़ानें बेंगलुरु-लंदन, दिल्ली-वियना, दिल्ली-पेरिस और मुंबई-सैन फ्रांसिस्को हैं। इससे पहले, दिन में एअर इंडिया ने विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन गैटविक उड़ान रद्द कर दी थी।

मंगलवार को विभिन्न कारणों से लंदन और पेरिस के लिए इसकी उड़ानें रद्द की गईं। सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा। विमानन कंपनी ने कहा कि उड़ान से पहले जांच के दौरान कुछ समस्याएं पाए जाने के बाद एअर इंडिया ने दिल्ली-पेरिस उड़ान रद्द कर दी, जबकि विमान की अनुपलब्धता के कारण अहमदाबाद-लंदन उड़ान रद्द की गई। इसके अलावा, एअर इंडिया ने अपनी सैन फ्रांसिस्को-मुंबई उड़ान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण मंगलवार सुबह इसे कोलकाता में निर्धारित ठहराव पर ही समाप्त कर दिया।

सेवा में यह व्यवधान ऐसे समय में हुआ है जब अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि 12 जून को लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान अहमदाबाद से रवाना होने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त क्यों हो गई थी। वहीं, अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे तक जाने वाली एआई-159 उड़ान रद्द कर दी गई है।



- सैन फ्रांसिस्को से मुंबई की उड़ान में तकनीकी गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बीच में ही विमान से उतरना पड़ा

### एअर इंडिया बोइंग 787 की निगरानी में कोई बड़ी सुरक्षा चिंता सामने नहीं आई: डीजीसीए

**मुंबई।** डीजीसीए ने मंगलवार को कहा कि एअर इंडिया के बोइंग 787 बेड़े की निगरानी में कोई बड़ी सुरक्षा चिंता सामने नहीं आई। बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों से संचालित होने वाली कम से कम 66 उड़ानों को रद्द किए जाने के बीच डीजीसीए अधिकारियों ने एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में डीजीसीए ने एअर इंडिया में हाल में सामने आए रखरखाव संबंधी मुद्दों के बारे में चिंता जताई।






## आज का मौसम



तेज हवा चलने और बारिश के आसार।

34.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- उत्तर प्रदेश कांग्रेस की ओर से कैंट विधायक संजीव अग्रवाल का पुतला दहन चौकी चौराहे पर दोपहर 2 बजे।
- जनरल इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन नॉर्थ जोन बरेली यूनिट की सभा का आयोजन जंक्शन रोड स्थित दि ग्रांड होटल में दोपहर 1 बजे।
- राष्ट्रार्पण संस्था की ओर संगठन का विस्तार एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह खुशहाली सभागार में शाम 4 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा रात 8 बजे से।

# नगर सीलिंग भूमि पर बनेंगे सरकारी कार्यालय और आवास

## हरुनगला में है 2920 वर्ग मीटर जमीन, अपराध शाखा का खंड कार्यालय और आवास बनाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गांव बंडिया में 1.700 हेक्टेयर भूमि पर जोनल आपदा प्रतिक्रिया केंद्र और आवास बनेंगे
- सरकारी विभागों को भूमि आवंटित करने के लिए 19 जून को अधिकारियों की बैठक बुलाई

**अमृत विचार:** नगर सीलिंग की खाली पड़ी जमीन पर सरकारी कार्यालय, अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। हरुनगला में बेशकीमती नगर सीलिंग की भूमि पर अपराध शाखा, अपराध अनुसंधान विभाग का खंड कार्यालय और आवास बनेंगे। करीब 2900 वर्ग मीटर भूमि अपराधा शाखा को आवंटित की जाएगी।

जबकि एडीएम वित्त एवं राजस्व से जुड़े आपदा प्रबंधन विभाग के जोनल आपदा प्रतिक्रिया केंद्र और उपायुक्त प्रशासन राज्य कर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के आवास गांव बंडिया में 1.1700 हेक्टेयर भूमि पर बनाए जाएंगे। यह भूमि भी नगर सीलिंग में दर्ज है।

सरकारी विभागों को भूमि आवंटित करने के लिए 19 जून को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। नगर भूमि सीमारोपण के सक्षम प्राधिकारी एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने 16 जून को पत्र जारी कर अवधेश कुमार शर्मा, सह आयुक्त नियोजक बरेली संभागीय नियोजन खंड नगर और ग्राम नियोजन विभाग बरेली, संयुक्त/उप निदेशक उद्योग विभाग, सचिव बरेली विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड के प्रतिनिधि मांगे राम चौहान उप आवास आयुक्त बरेली जोन, अशोक कुमार मिश्रा ओएसडी विधि लखनऊ, उप निदेशक मुख्यालय नगर भूमि सीमारोपण निदेशालय को बैठक में बुलाया है।

एडीएम सिटी ने पत्र में अधिकारियों को बताया है कि एडीएम प्रशासन की ओर से जारी पत्र के अनुसार हरुनगला स्थित गाटा संख्या 501, 503 में करीब 2920 वर्ग मीटर नगर सीलिंग भूमि है। यह भूमि अपराध शाखा को आवंटित की जानी है। इसी तरह से ग्राम बंडिया में गाटा संख्या 674 अ, 675 अ, 676, 677, 678, 679 व 680 की करीब 1.1700 हेक्टेयर भूमि जोनल आपदा प्रतिक्रिया केंद्र की स्थापना और उपायुक्त प्रशासन राज्य कर के अधिकारी-कर्मचारियों के आवास बनाने के लिए आवंटित की जानी है। सीलिंग भूमि का आवंटन 1984 में जारी हुए शासनादेश के अनुसार होना है। डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय में 19 जून का दोपहर 1 बजे बैठक होना तय हुआ है। उपरोक्त अफसरों के अलावा बैठक में एसपी एवं खंडाधिकारी अपराध शाखा और एडीएम फाइनेंस भी प्रतिभाग करेंगे।

## जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**आंवला, अमृत विचार:** जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा।

दरावनगर के लोगों ने बताया कि बारिश के बाद उनके मोहल्ले में जलभराव है। जिससे लोगों को घर से निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान राकेश, मुनेश, नरेश, सुनील, नेकपाल, नन्हेलाल मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी कई इलाकों में रहा जलभराव

## नगर निगम की पानी निकासी की व्यवस्था रही नाकाफी, लोगों को हुई दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में सोमवार तड़के हुई मूसलाधार बारिश का असर मंगलवार को भी देखने को मिला। कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या से लोग जूझते रहे। नगर निगम की पानी निकालने के लिए की गई व्यवस्था नाकाफी रही। इस दौरान लोग ईंटें रखकर घरों से बाहर निकले। वहीं निगम के निर्माण, स्वास्थ्य और जलकल की टीमों ने कई इलाकों में पहुंचकर निरीक्षण किया।

नगर निगम ने कई इलाकों में पंपिंग सेट लगाकर जल निकासी की। मुंशी नगर और बन्नूवाल नगर की सड़कों पर जलभराव के कारण लोगों का घर से निकला मुश्किल हो गया। मॉडल टाउन स्थित नगर निगम कर्मचारी कालोनी, संभव नगर, बसंत विहार, चकमहमूद, हजियापुर, संजयनगर, दुर्गा नगर, सुभाषनगर, पीर बहोड़ा, सर्वोदय नगर, बांडिया, जगतपुर, बारकगंज, आकाशपुरम आदि इलाकों में कीचड़, गंदगी से लोगों की दिक्कतें बढ़ गईं। इन इलाकों के लोगों को रात में अंधेरे में निकलने के दौरान परेशानी हो रही है।

> सुभाष नगर नाले की सफाई के लिए टीम को लगाया गया है। जिन जगहों पर पानी जमा है, वहां पर टीम पहुंच रही है। नाला सफाई में लापरवाही मिली तो कार्रवाई की जाएगी। **-संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त



संभव नगर कॉलोनी में बारिश के दूसरे दिन भी भीषण जलभराव। ● अमृत विचार

### नालों की सफाई पूरी मगर सिल्ट नहीं हटी

नाला सफाई का काम एजेंसियों ने पूरा कर लेने का दावा किया है लेकिन कई जगह सिल्ट नहीं उठाई गई है। नगर निगम के अधिकारियों ने एजेंसियों की लापरवाही की अनदेखी की। सिकलापुर में नाला सफाई के बाद कई जगहों पर सिल्ट का ढेर लगा हुआ है। इसी तरह से डेलापीर, संजय नगर रोड पर सिल्ट निकाल कर सड़क के किनारे फेंक दी गई है। इसके अलावा कई जगह नालियों के किनारे कूड़ा पड़ा दिखा।
















## सुभाषनगर पुलिया के पास नाले की सफाई, लोगों ने झेली परेशानी



सुभाषनगर पुलिया के नीचे जलभराव से होकर गुजरती महिला। ● अमृत विचार

सुभाषनगर के नाले की सफाई का काम शुरू हो गया है। यहां पर बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है, इसके बावजूद लोग पैदल और बाइक से निकल रहे हैं। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक से गुजर रहे हैं। जबकि अंडरपास में जलभराव होने के कारण फिसलन बढ़ गई है। सुभाषनगर नाला जाम होने के कारण कई वार्डों में जलभराव की स्थित उत्पन्न हो गई है। मंगलवार को नगर निगम की टीम सफाई में जुटी रही। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार अभी तीन दिन तक नाला और पुलिया की सफाई का काम चलेगा।





## एक नजर

### एक्सईएन ने किया बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता नीरज कुमार ने मंगलवार को फरीदपुर में बाढ़ सुरक्षा के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मानसून से पहले कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान साइड पर मौजूद ठेकेदार के कर्मचारियों की ओर से संतोषजनक जवाब न मिलने पर नाराजगी जताई। एक्सईएन ने बताया कि जिले में 15 करोड़ रुपये से नदियों के किनारे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरीदपुर में कपूरपुर, हाजीपुर, खेमुनगला, करनपुर, गहबरा, मीरगंज में नगरिया कला, कबरा किशनपुर, बरीपुरा, रजपुरा, कस्बापुर, कमालपुर मीरपुर, धर्मपुरा, बैरमनगर, डुंगरपुर देहात, गौटिया बैरमनगर, गौटिया मोहम्मदपुर, सुल्तानपुर, धर्मपुरा, मीरपुर, दुनका, बफरी अब्दुलनबीपुर, जुन्हाई, नवाबगंज में बिहारीपुर, इनौनिया, मोहनपुर गुजराही, ऐंठपुर, रम्पुरा इनायतपुर, भगवानपुर आदि गांवों में बाढ़ आने का खतरा रहता है।

### नकटिया में जलनिकासी न होने से परेशानी

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया की चेतना कॉलोनी समेत कई इलाकों में जलनिकासी की समस्या से लोगों को परेशानी हो रही है। सोमवार सुबह हुई तेज बारिश में कई इलाकों में जलभराव हो गया। इसकी वजह नालियां जाम होना है। दूसरे दिन भी खाली प्लॉट में पानी भरा रहा।

# स्टेडियम के टेनिस कोर्ट में भरा पानी, अभ्यास प्रभावित



स्पोर्ट्स स्टेडियम के टेनिस कोर्ट में भरा पानी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में बने दो टेनिस कोर्ट में से एक में पानी भर गया है। खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित हो रहा है। यह समस्या बहुद्देशीय हॉल बनने के बाद उत्पन्न हुई है, क्योंकि इससे हॉल के सामने बना टेनिस कोर्ट सामान्य तल से नीचे हो गया है। बरसाती पानी की निकासी बाधित हो रही है। खिलाड़ियों का कहना है कि शिकायत के बाद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कोच मीनू पांडे ने बताया कि हर बार बरसात में एक कोर्ट में पानी भर जाता है। जो कई दिनों बाद ही सूखता है, इससे कई दिनों तक खिलाड़ियों का अभ्यास बाधित होता है। जिला टेनिस संघ के सचिव तरुण ने बताया कि स्टेडियम के कोर्ट में पानी भरने के कारण इस बार जिला स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता बरेली क्लब में 21 से 23 जून तक आयोजित होगी।

## बरेली परिक्षेत्र के प्रभारी सेवा प्रबंधक बने मो. अजीम

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन निगम के देवीपाटन परिक्षेत्र के प्रभारी सेवा प्रबंधक मो. अजीत को बरेली परिक्षेत्र का कार्यभार सौंपा गया है।

एमडी मासूम अली सरवर ने स्थानांतरण आदेश में कहा है कि मो. अजीम बरेली परिक्षेत्र के प्रभारी सेवा प्रबंधक के रूप में तैनात किए गए हैं। इससे पहले सेवा प्रबंधक के पद पर धनजी राम तैनात थे। भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में प्रबंध निदेशक ने पिछले महीने धनजी राम को निलंबित कर दिया था। वहीं, बरेली क्षेत्र के सहायक लेखाधिकारी राजेश पाठक बदायूं डिपो के प्रभारी एआरएम बनाए गए हैं। बदायूं डिपो के तत्कालीन एआरएम भी भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में पिछले महीने निलंबित किए गए थे।

# चार दिन का येलो अलर्ट कल हो सकती है भारी वर्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.1 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

**अमृत विचार:** मौसम विभाग ने बुधवार से जिले में मानसून सक्रिय होने का अनुमान जताते हुए चार दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। 19 जून को भारी वर्षा हो सकती है। वहीं सोमवार को भारी बारिश के बाद मंगलवार को तेज धूप खिलने के बाद भी अधिकतम तापमान सामान्य से काफी कम रहा, हालांकि रात का तापमान बढ़ने से लोग गर्मी से बेहाल हो गए।

मंगलवार को दिन की शुरुआत बादल छाए रहने से हुई लेकिन 11 बजे के बाद धूप निकलने से गर्मी का अहसास हुआ।

इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस कम 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा में नमी सुबह 70 प्रतिशत और शाम को 75 प्रतिशत दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि चार दिन तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को बिजली चमकने के साथ 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेगी। इससे अधिकतम 34 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज होगा। गुरुवार को भारी बारिश हो सकती है।

# जनसुनवाई : खराब सड़कों और जलनिकासी की समस्याएं पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नगर निगम में जनसुनवाई करते अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय। ● अमृत विचार

- अपर नगर आयुक्त ने समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** नगर निगम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सबसे ज्यादा खराब सड़कें, बदहाल जल निकासी और टैक्स से जुड़ी समस्याएं पहुंचीं। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय ने विभिन्न वार्डों से आए फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

गुलाब नगर निवासी पूजा और मुस्कान सक्सेना ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि कई दिनों से जलापूर्ति नहीं हो रही है। इसकी वजह से दिक्कत हो रही है। जगतपुर निवासी लियाकत अली ने बताया कि सड़क खराब है। आने जाने में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों बारिश के समय में पानी भर गया है।

कृष्ण कुमार ने बताया कि टैक्स बिल गलत आ गया है। इंद्रानगर निवासी रोशन लाल ने टैक्स बिल अधिक होने की शिकायत की। उन्होंने सुधार करने की गुहार लगाई। पीरबहोड़ा निवासी सलमान ने जलभराव की समस्या बताई। हजियापुर निवासी अरमान ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सड़क पर काफी दिनों से जलभराव के कारण आने जाने में दिक्कत हो रही है। इस दौरान संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव, अधिशासी अभियंता राजीव राठी, उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास : 31 हजार आवेदनों के सत्यापन में 20 हजार मिले अपात्र

कार्याल संवाददाता, बरेली

- 11 हजार पात्रों की तैयार की गई सूची, 52 हजार आ चुके हैं आवेदन

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किए गए आवेदनों के सत्यापन में बड़ी संख्या में अपात्र मिले हैं। अब तक के सत्यापन में 11 हजार लोग ही पात्र मिले हैं। इन सभी की सूची तैयार कर ली गई है।

योजना के तहत अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। डूडा कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार जिले भर से आने वाले आवेदनों की संख्या 52 हजार का आंकड़ा पार कर गई है। योजना के पात्र और अपात्रों को चिह्नित करने के लिए नगर निगम से लेकर सभी नगर निकायों में टीमों की ओर से सत्यापन किया जा रहा है। 31 हजार आवेदनों का अब तक सत्यापन किया जा चुका है, जिसमें 20 हजार लोग अपात्र पाए गए हैं, जबकि पात्र 11 हजार ही हैं। प्रक्रिया ऑनलाइन होने की वजह से लोग बड़ी संख्या में अपात्र होने के बाद भी आवेदन कर रहे हैं, इससे सत्यापन करने वाली टीमों को परेशानी भी हो रही है। ज्यादा आवेदन आने से उनके सत्यापन में समय लग रहा है और जांच में अपात्र मिलने पर आवेदनों को निरस्त मान लिया जाता है।

# सावन में रामायण वाटिका में लगेगी श्रीराम की मूर्ति

## 15 जुलाई तक मूर्ति के आने की संभावना, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले मूर्तिकार बना रहे मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण की रामगंगा नगर आवासीय परियोजना स्थित रामायण वाटिका में स्थापित होने वाली श्रीराम की मूर्ति श्रावण मास यानी जुलाई में आएगी। इसको लेकर बीडीए ने तैयारी शुरू कर दी है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाने वाले पद्म भूषण से सम्मानित मूर्तिकार रामसुतार रामायण वाटिका में स्थापित होने वाली श्रीराम की 51 फुट ऊंची मूर्ति को नोएडा में अंतिम रूप दे रहे हैं। करीब 33 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में विकसित रामायण वाटिका में यह प्रतिमा जुलाई में स्थापित होने की संभावना है।



रामगंगानगर आवासीय योजना में फूलों से सजी रामायण वाटिका। ● अमृत विचार

मूर्ति लगने से पहले वाटिका में उन वृक्षों को भी विकसित गया है, जिनका राम के वनगमन के पथ पर होने का उल्लेख धर्मग्रंथों में है, ताकि श्रीराम के जीवन से जुड़े तमाम प्रसंगों की कल्पना साकार हो सके।

इसमें अभी तक अलग-अलग तरह की मूर्तियों के साथ दीवारों पर भगवान राम के जीवन से संबंधित प्रसंगों को उकेरा गया है, जिसमें चित्रकूट, दण्डकारण्य, पंचवटी, माता सबरी आश्रम, किष्किन्धा, अशोक वाटिका, पंपा सरोवर भ्रमण जैसे प्रसंग प्रमुख हैं। जो वाटिका में पहुंचने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

> मूर्ति को लेकर मूर्तिकार से संपर्क किया गया है। प्राधिकरण मान कर चल रहा है कि 15 जुलाई तक प्रतिमा बरेली आ जाएगी। यह रामायण वाटिका में स्थापित की जाएगी। **-एपीएन सिंह,** अधिशासी अभियंता

# कागज वाली नहीं, अब एक जुलाई से मिलेगी स्मार्ट आरसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एआरटीओ बोले-सिम कार्ड की तरह माइक्रो चिप से लैस होगी नई आरसी

**अमृत विचार :** एक जुलाई से जिले में नए वाहन खरीदने पर स्मार्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (स्मार्ट आरसी कार्ड) मिलेंगे। ये कार्ड एक सिम कार्ड की तरह माइक्रो चिप से लैस होंगे, जिसमें वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी सुरक्षित रहेगी। विभाग को स्मार्ट आरसी कार्ड को मशीन में लगाने से एक बार में वाहन से जुड़ी पूरी जानकारी मिल जाएगी। अभी तक वाहन स्वामियों को कागजी वाली आरसी मिलती थी।

परिवहन विभाग के अधिकारी बताते हैं स्मार्ट आरसी कार्ड को साथ रखने में जहां वाहन स्वामियों को आसानी होगी। वहीं, फर्जी आरसी बनाने वालों पर नकेल सकेगी। स्मार्ट आरसी कार्ड बनाने को आरटीओ में एक अलग कक्ष की व्यवस्था रहेगी। जिस कंपनी को शासन से इसका टेंडर मिला है। उस कंपनी के कर्मचारी जिले में स्मार्ट आरसी बनाने का काम करेंगे।

एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार के अनुसार अभी वाहन पंजीकरण कराने पर निर्धारित प्रारूप 23 का कागज वाला प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जब स्मार्ट आरसी कार्ड बनना शुरू होंगे तो नए प्रावधान के तहत प्रारूप 23 ए के तहत माइक्रो चिप वाला स्मार्ट कार्ड जारी किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन और वाहन मालिक की पूरी जानकारी।




## चौपुला और मढ़ीनाथ पुल पर भीषण जाम


चौपुला पुल पर भीषण जाम में फंसे वाहन चालक। ● अमृत विचार




जाम के दौरान एक ई-रिक्शा पलटने से स्थिति और खराब हो गई। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर पुलिया की सफाई की वजह से मंगलवार रात चौपुला पुल पर दबाव बढ़ गया। इसकी वजह से सुभाषनगर क्षेत्र में जाम लग गया। करीब डेढ़ घंटे तक लोग परेशान होते रहे। यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवागमन शुरू कराया। सुभाषनगर पुलिया पर निर्माण की वजह से करगैना, सुभाषनगर, पटेल विहार, शांति विहार, गणेशनगर समेत अन्य जगह के लोगों का आवागमन चौपुला पुल पर बढ़ गया है। मंगलवार रात करीब 8.30 बजे पुल से कुछ लोग धार्मिक कार्यक्रम के तहत बड़ा सा डीजे लेकर गुजरे तो जाम लग गया। जल्दबाजी में लोगों ने मढ़ीनाथ पुलिया से होकर निकलने का प्रयास किया तो वहां भी जाम की स्थिति बन गई। दोनों जगह करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। कई रोगी वाहन भी फंसे रहे। जानकारी होने पर यातायात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घंटे बाद भी वाहन रेंगते हुए निकले।

● **सुभाषनगर पुलिया पर निर्माण कार्य होने से चौपुला पुल पर बढ़ा दबाव**

## एक नजर

### ट्रेनों में पान मसाला बेचने के बहाने चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** जीआरपी बरेली जंक्शन की टीम ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों ट्रेन में पान मसाला बेचने के बहाने चढ़ते थे और यात्रियों का सामान चोरी करते थे। दोनों पर आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक से मंगलवार को कमलेश और छोटेलाल नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। दोनों गांव पिपरिया थाना गजरौला कलां जिला पीलीभीत के रहने वाले हैं। इनके पास से 26 हजार से ज्यादा की नकदी, एक सोने की अंगूठी, एक लॉकेट, दो कान की बाली बरामद की गई। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक परवेज अली खान ने बताया कि दोनों चोर ट्रेनों के अंदर पान मसाला, सिगरेट बेचने के बहाने से चढ़ते थे और मौका मिलते ही यात्रियों का सामान पार कर देते थे। दोनों पर पीलीभीत और जीआरपी बरेली जंक्शन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### महिला से की छेड़खानी विरोध पर पीटा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में घर से बाहर कूड़ा डालने गई महिला से गांव के युवक ने छेड़छाड़ की, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट लिखने के बाद उसे मेडिकल के लिए भेजा। पीड़िता ने बताया दो दिन पहले वह घर से बाहर कूड़ा डालकर लौट रही थी। रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के ही युवक ने उसे दबोच लिया। उसने विरोध किया तो आरोपी पूरन लाल ने अपने परिजनों को बुलाकर मारपीट की। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने ललकारा तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# बिजली संकट: हरुनगला सबस्टेशन में घुसकर भीड़ ने जमकर की तोड़फोड़, कर्मचारियों को पीटा

## सोमवार देर रात घटना, कर्मचारियों ने किसी तरह सबस्टेशन से भागकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रामगंगा फीडर क्षेत्र में करीब 23 घंटे तक बिजली गुल रहने पर हरुनगला के उपभोक्ताओं का सब्र टूट गया। आक्रोशित भीड़ ने हरुनगला सबस्टेशन में घुसकर तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। सबस्टेशन पर तैनात कर्मचारी अपनी जान बचाकर भाग खड़े हुए। पुलिस ने किसी तरह मौके पर पहुंचकर गुस्साई भीड़ को शांत कराया। रामगंगानगर क्षेत्र में रविवार देर रात 2 बजे के बाद तेज आंधी और बारिश से गुल हुई बिजली सोमवार देर रात 1 बजे तक नहीं आई थी।

आंधी-बारिश में हरुनगला क्षेत्र में सोमवार को पूरा दिन बिजली संकट रहा था। रात में 9 बजे हरुनगला सबस्टेशन के अधिकतर इलाकों में आपूर्ति को बहाल करा दिया था, लेकिन रामगंगानगर फीडर पर देर रात तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इस पर गर्मी में परेशान उपभोक्ता देर रात 1 बजे हरुनगला सबस्टेशन पर पहुंच गए। उन्होंने सबस्टेशन पर जाकर गालीगलौज करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दी और कर्मचारियों से भी मारपीट की गई। गुस्साई भीड़ को देखकर कर्मचारियों ने किसी तरह मौके से भागकर खुद को बचाया। सबस्टेशन पर हंगामे और मारपीट की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने किसी तरह से हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। एसडीओ विपुल शुक्ला ने बताया कि रामगंगानगर फीडर बंद था, जिससे नाराज लोगों ने सबस्टेशन पर पहुंचकर तोड़फोड़ की। जेई विजय प्रताप सिंह की तरफ से पुलिस को तहरीर दी गई है।



हरुनगला सबस्टेशन में तोड़फोड़ के बाद बिखरा सामान और टूटा दरवाजा।

● **थाने में दी तहरीर, पूरे दिन बिजली गुल रही, देर रात 1 बजे तक नहीं आई**

### आंधी पानी में बिजली निगम को 30 लाख से अधिक का नुकसान

बारिश और आंधी में बिजली विभाग को 30 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। बिजली के पोल और लाइन पर पेड़ गिरने से विभाग को नुकसान हुआ है। शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 33 और केवी लाइन क्षतिग्रस्त होने के अलावा पोल गिरने से 10 लाख का नुकसान हुआ है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के मीरगंज, फरीदपुर, बहेड़ी और आंवला क्षेत्र में भी 20 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

### कर्मचारी बोले, हमारे साथ टीजी टू की भी लगाई जाए ड्यूटी

हरुनगला सबस्टेशन पर काम करने वाले अमर सिंह, अनिल कुमार, विजय सिंह और उस्मान ने एसडीओ से शिकायत करते हुए कहा है कि हरुनगला सबस्टेशन गर्मी में ओवरलोड चल रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। बिजली कटौती होने से लोगों में काफी आक्रोश रहता है। ऐसे में आए दिन सबस्टेशन ऑपरेटर के साथ गालीगलौज और मारपीट के मामले होते हैं। उन्होंने एसडीओ से मांग की है कि रात में 8 से सुबह 7 बजे तक एसएसओ के साथ एक टीजी टू की ड्यूटी लगाई जाए। सबस्टेशन पर तैनात एसएसओ अकेले ड्यूटी नहीं कर पाएंगे।

## मढ़ीनाथ सबस्टेशन पर फ्लैशओवर होने से बिजली गुल

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के कई इलाकों में मंगलवार को भी बिजली संकट रहा। मढ़ीनाथ सबस्टेशन पर फ्लैशओवर होने से आपूर्ति बाधित रही। बदायूं रोड पर 220 केवी ट्रांसमिशन पर टेस्टिंग की वजह से पांच घंटे तक बिजली गुल रही। सोमवार सुबह तेज आंधी और बारिश में शाहदाना, महानगर, आईवीआरआई फीडर के साथ कोहाड़ापीर सबस्टेशन की बिजली गुल हो गई थी जो सोमवार देर रात 1 बजे के बाद बहाल हो सकी थी। मंगलवार दोपहर 1:30 बजे मढ़ीनाथ सबस्टेशन पर फ्लैशओवर होने से शाम 4 बजे तक आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा शहामतगंज क्षेत्र में भूमिगत केबल दुकान के शटर में टच होने से करंट आ गया।

● **बदायूं रोड पर 220 केवी ट्रांसमिशन पर टेस्टिंग के चलते भी पांच घंटे की कटौती**

सूचना पर पहुंचे कर्मचारियों ने किसी तरह से समस्या को दूर किया। रामपुर गार्डन, मिशन सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही। सुभाषनगर सब स्टेशन के श्रीपुरम कॉलोनी में फाल्ट होने से बिजली गुल रही। हरुनगला सबस्टेशन के सुरेश शर्मा नगर में ट्रांसफार्मर का जंपर उड़ने से आपूर्ति बाधित रही। कुतुबखाना सब स्टेशन के सौदागरान में वोल्टेज की समस्या रही। रामपुर गार्डन, सनसिटी, दुर्गानगर किला और सीबीगंज सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में लोकल फाल्ट से आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा बदायूं रोड पर 220 केवी ट्रांसमिशन पर टेस्टिंग का काम मंगलवार दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक कराया गया। पांच घंटे से अधिक समय तक बिजली कटौती से सरायतल्फी सबस्टेशन से जुड़े उपभोक्ता परेशान रहे।

# बिजली का तार टूटकर गिरने से युवक की मौत

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** शंकरपुर गांव में बिजली का हाईटेंशन लाइन का तार युवक के ऊपर टूटकर गिर गया और उसकी तड़पकर मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।


हरिओम (फाइल फोटो)

ग्रामीणों ने बताया कि 22 वर्षीय हरिओम मौर्य अपने घर से दूसरे घर में पशुओं के लिए चारा डालने के लिए सोमवार शाम 7 बजे जा रहा था, तभी रास्ते में नीचे लटक रहा हाईटेंशन लाइन का जर्जर तार टूटकर उसके ऊपर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना जैसे ही कुआंडांडा सब स्टेशन पर पहुंची तो लाइनमैन को भेजकर तार कटवा दिया गया। मृतक आठ भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वह खेती करता था और उसकी शादी नहीं हुई थी। हादसे की सूचना पुलिस को न देने से पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार कर्मचारियों पर तत्काल प्रभाव से आपराधिक कार्रवाई की जाए। गांव में बिजली की सभी लाइन जांची जाएं और खराब या लटकते तारों को तत्काल ठीक कराया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

● **ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लगाया लापरवाही का आरोप**


टूटकर गिरा तार।

### टूटकर गिरे तार में उलझकर बाइक सवार दंपती गिरे

**रिठौरा, अमृत विचार :** सड़क पर बाइक सवार दंपती के ऊपर अचानक बिजली का तार टूटकर गिर गया, जिससे दोनों उसी में उलझकर गिर गए। थाना देवरनियां के गांव गुनाह हट्टू के रहने वाले हजारी लाल (45) अपनी पत्नी पुष्पा देवी के साथ बाइक से बहनोई के गांव कटैय्या से मंगलवार दोपहर घर लौट रहे थे। अचानक थाना हाफिजगंज के गांव भंडसर में जानकी देवी फार्महाउस के किनारे लगे खंबे से घरेलू कनेक्शन का तार टूटकर उनके ऊपर गिरा और दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उन्हें उठाया। गनीमत रही कि तार टूटते ही बिजली की सप्लाई बंद हो गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों की सूचना पर बिजली कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बिजली के तारों को सही किया। वहीं घायल दंपति को ग्रामीणों ने निजी चिकित्सक से दवा दिलवाकर घर भेज दिया।

# बोरिंग के दौरान पीएनजी की पाइपलाइन टूटी, आपूर्ति ठप

**बरेली, अमृत विचार:** सबमर्सिबल के लिए बोरिंग कराने के दौरान पीएनजी की पाइपलाइन टूटने से आपूर्ति ठप हो गई। मुंशीनगर, रामायण वाटिका कॉलोनी समेत अन्य इलाकों में शाम के समय गैस नहीं आने से महिलाओं को खाना बनाने में परेशानी हुई। सूचना पर सीयूजीएल की टीम मौके पर पहुंची और फाल्ट को ठीक कराकर रात 8 बजे गैस की आपूर्ति को बहाल कराया।

मुंशीनगर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर को एक घर पर सबमर्सिबल की बोरिंग हो रही थी। इससे सीयूजीएल की भूमिगत केबल टूट गई। इससे दोपहर 3 बजे से अर्चना रेजीडेंसी, मुंशीनगर, आकांक्षा इंक्लेव, रामायण वाटिका समेत अन्य जगह पर करीब 150 घरों में गैस की सप्लाई बंद हो गई। शाम के समय जब महिलाओं ने खाना बनाने के लिए गैस जलाई तो पता चला कि सप्लाई नहीं आ रही है। उसके बाद अधिकारियों से गैस नहीं आने की शिकायत की गई। कर्मचारियों ने फील्ड में जाकर देखा तो पता लगा कि सबमर्सिबल के बोरिंग के लिए हो रही खुदाई से गैस की भूमिगत केबल टूट गई है। मंगलवार रात 8 बजे गैस की आपूर्ति को फाल्ट ठीक कराकर बहाल कराया गया।

● **मुंशीनगर, रामायण वाटिका कॉलोनी समेत अन्य जगह पर लोगों को हुई परेशानी**


खुदाई में टूटी पीएनजी पाइपलाइन।

### जेल के पीछे तेंदुए के पग चिह्न मिलने की सूचना से मची खलबली

**बरेली, अमृत विचार :** जिला जेल के पीछे गांव सैदुपुर कुर्मियान के खेतों में मंगलवार सुबह तेंदुआ के पग चिह्न मिलने की सूचना से खलबली मच गई। इसके बाद ग्रामीणों का वहां पर जमावड़ा लग गया। हालांकि जेल प्रशासन ने बाघ या तेंदुआ के पग चिह्न होने की बात सिरे से खारिज कर दी। वहीं वन विभाग की टीम ने सूचना नहीं मिलने की बात कही।

मंगलवार सुबह जेल के पीछे खेतों में कुछ जानवरों के पग चिह्न बने थे। जिसे देखने पर कुछ लोगों ने कहा कि तेंदुए के पग चिह्न लग रहे हैं। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। जांच के बाद तेंदुए के पग चिह्न न होने की बात कही गई। जिला जेल के जेलर संजय कुमार ने बताया कि यहां पर किसी भी खतरनाक जानवर के पग चिह्न नहीं मिले हैं।

# फरीदपुर में आंबेडकर प्रतिमा हटाने का विरोध

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव रुरिया में पार्क में बिना अनुमति के डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई। इसकी शिकायत पर सोमवार देर रात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रतिमा हटवाकर ग्रामीणों के सुपुर्द कर दी। इस पर मंगलवार को भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं समेत ग्रामीणों के दोबारा प्रतिमा की स्थापना करने की कोशिश की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत किया। इस दौरान लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

अप्रैल महीने में ग्रामीणों ने गांव रुरिया में पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए शासन स्तर पर अनुमति मांगी थी। अनुमति नहीं मिलने पर भीम आर्मी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय प्रधान और जिला प्रभारी पवन सागर ने आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को एकजुट कर सोमवार को बाबा साहब की प्रतिमा पार्क में स्थापित कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो गांव वाले प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति नहीं दिखा पाए। पुलिस ने प्रतिमा को हटवाया और अनुमति न होने की बात कहकर कुछ ग्रामीणों के सुपुर्द कर दी। इसकी जानकारी भीम आर्मी संगठन और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं को हुई तो उन्होंने एक्स पर प्रशासन पर परमिशन देने में लापरवाही बरतने की शिकायत की और संगठन से जुड़े लोगों से मौके पर उग्र प्रदर्शन करने को कहा। मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को एकत्र कर दोबारा प्रतिमा स्थापित करने का फैसला किया। ग्रामीणों और भीम आर्मी संगठन की तरफ से दोबारा प्रतिमा स्थापित करने की सूचना पर पुलिस-प्रशासन के हाथ पैर फूल गए। तत्काल प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। जहां पर मौजूद भीड़ ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी और इंस्पेक्टर ने लोगों को समझाया और एक सप्ताह का समय लेकर अनुमति दिलाने और प्रशासनिक निगरानी में प्रतिमा स्थापित कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद भीड़ शांत हुई। प्रदर्शन करने वालों में अजय प्रधान, पवन सागर, विकास कुमार, सुमन कांत गौतम, शिवसागर, सुनील कुमार गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि प्रतिमा बिना अनुमति के लगाई गई थी। जिस पर पुलिस ने लोगों को समझाया और ग्रामीणों ने वहां से प्रतिमा को हटा लिया। कानून-व्यवस्था पूरी तरह से कायम है।


आंबेडकर प्रतिमा हटाने के विरोध में जुटे ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **गांव रुरिया में बिना अनुमति के लगाई थी प्रतिमा, ग्रामीणों को पुलिस ने समझाकर किया शांत**

### तीन गोवंशीय पशुओं की करंट लगने से मौत

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बहगुल नदी पुल के पास झूल रही बिजली लाइन की चपेट में आकर तीन गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। विश्व हिंदू गौरक्षक संघ के कार्यकर्ताओं की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन बिजली विभाग कर्मियों ने कोई सुध नहीं ली है।

नदी के पास एक दिन पहले आई आंधी और बारिश की वजह से मीरगंज को जाने वाली बिजली लाइन नीचे आ गई। जिससे मंगलवार को जंगल में घूम रहे छुट्टा तीन गोवंशीय पशुओं करंट लगने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे विश्व हिंदू गौरक्षक महासंघ के जिला उपाध्यक्ष महिपाल गुर्जर, तहसील प्रभारी नवनीत गंगवार ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ को सूचना दी। बीडीओ आनंद विजय यादव के निर्देश पर पशु चिकित्सा अधिकारी देश दीपक गंगवार ने पशुओं को दफन करा दिया।

# घंटों की देरी से चल रहीं ट्रेनें, यात्री हो रहे परेशान

## बरेली जंक्शन पर कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं, सबसे अधिक 14 घंटे लेट उदयपुर स्पेशल रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ट्रेनों की लेटलतीफी से मंगलवार को भी यात्रियों को परेशान होना पड़ा। बरेली जंक्शन पर दर्जन भर से अधिक ट्रेनों घंटों की देरी से पहुंचीं। सबसे खराब स्थिति लंबी दूरी की ट्रेनों की रही, जो छह से अधिक घंटे की देरी से पहुंचीं। जिससे यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। सबसे अधिक 14 घंटे की देरी से 03221 उदयपुर स्पेशल पहुंची।

इसके अलावा 04019 आनंद विहार 12 घंटे, 12203 गरीबरथ 11 घंटे, सहरसा स्पेशल 7 घंटे 20 मिनट, 15001 देहरादून एक्सप्रेस 5 घंटे 30 मिनट, 19602 उदयपुर एक्सप्रेस 5 घंटे और 19270 पोरबंदर एक्सप्रेस 4 घंटे 45 मिनट की देरी से बरेली पहुंचीं। इसके अलावा 12209 काठगोदाम एक्सप्रेस दो घंटे, 15211 जननायक एक्सप्रेस एक घंटा 20 मिनट और 15075 त्रिवेणी एक्सप्रेस 45 मिनट की देरी से जंक्शन पहुंची। ट्रेनों के लेट होने पर यात्रियों ने जंक्शन पर शिकायत की तो उन्हें न तो समय पर सही सूचना दी गई। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ खंडों में तकनीकी काम, बारिश और अन्य ऑपरेशनल कारणों से ट्रेनों की गति प्रभावित हुई है। स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अगले कुछ दिनों तक और भी ट्रेनें प्रभावित रह सकती हैं।

### हरिद्वार-दिल्ली और हरिद्वार-लखनऊ के बीच चलेंगी समर स्पेशल ट्रेनें

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल ने दो नई समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के अनुसार 04328 ट्रेन का हरिद्वार से दिल्ली और 04327 का दिल्ली से हरिद्वार के लिए 18 से 20 जून तक प्रतिदिन तीन फेरे के लिए ट्रेन चलेगी। इस ट्रेन में सामान्य, स्लीपर और वातानुकूलित कोच होंगे। ट्रेन दोनों दिशाओं में रुड़की, टपरी, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, मोदीनगर, गाजियाबाद और दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर रुकेगी। वहीं दूसरी समर स्पेशल 04330 हरिद्वार से लखनऊ के लिए 18 और 20 जून को चलेगी। इसके अलावा 04329 लखनऊ से हरिद्वार के लिए 19 और 21 जून को चलाई जाएगी। इस ट्रेन में स्लीपर और सामान्य कोच लगाए जाएंगे। यह ट्रेन लक्सर, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा, कांठ, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, बालामऊ व संडीला स्टेशनों पर ठहरेगी।

### काठगोदाम एक्सप्रेस में टीटीई पर रिश्वत मांगने का आरोप

काठगोदाम एक्सप्रेस के बरेली से लखनऊ रवाना होते समय एक यात्री ने टीटी पर रिश्वत लेकर सीट देने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया। रेलवे अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए टीटी के विरुद्ध जांच बैठा दी है। आरोप पुष्ट होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### जंक्शन पर वेटिंग हॉल का एसी न चलने की शिकायत

रजत पांडेय ने बरेली जंक्शन परिसर स्थित वेटिंग हॉल में एसी न चलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि एसी वेटिंग हॉल में ठहरने के लिए उनसे 30 रुपये शुल्क लिया गया। रेलवे अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए एसी को ठीक कराया।

### झील गौटिया अभयपुर अंडरपास में भरा पानी

लालफाटक के पास झील गौटिया अभयपुर कैंप के पास बने अंडरपास में पानी भरने से यातायात प्रभावित हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर रेलवे अधिकारियों ने अंडरपास से पानी को पंपिंग सेट लगाकर निकलवाया।

### शादी का झांसा देकर युवती का किया शोषण

**कैंट,अमृत विचार :** युवती को शादी का झांसा देकर एक रिश्तेदार ने उसे होटल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाए। वह जब गर्भवती हो गई तो आरोपी ने परिजनों के साथ मिलकर एक निजी अस्पताल ले जाकर उसका गर्भपात करा दिया। युवक ने उसो शादी से इन्कार कर दिया। युवती ने थाना कैंट में आरोपी युवक समेत 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती ने बताया थाना इज्जतनगर क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले उसके रिश्तेदार ने दो साल पहले उसका फोन नंबर लेकर उससे बातचीत शुरू कर दी। उसने उसे प्यार के जाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया। युवक ने परिजनों से शादी की बात करने की बात कहकर 22 जनवरी 2024 को अपने साथ शहर के एक होटल में ले गया। वहां उसके साथ संबंध बनाए।

# बुजुर्ग महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट, मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के तुलाशेरपुर में बुजुर्ग महिला के साथ सोते समय पड़ोसियों ने मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हालांकि पोस्टमार्टम में हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई है। तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तुलाशेरपुर निवासी सतेन्द्र ने बताया कि 14 जून को दोपहर करीब 2 बजे उनकी माता निछोत्रा कली (60) घर पर सो रही थीं। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी गजेन्द्र, उसकी पत्नी सुषमा और बेटे अंकुल ने मिलकर हंगामा किया। गजेन्द्र और सुषमा ने अभद्रता करते हुए मारपीट की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। अंकुल ने एक बड़ा पत्थर उठाकर उनकी मां के ऊपर फिंकवा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। इज्जतनगर थाना प्रभारी बिजेंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

● **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि**

● **पुलिस ने तीन आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट**

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ




डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400


# अब शिविर लगाकर खोजे जाएंगे टीबी रोगी

**बरेली, अमृत विचार:** क्षय रोग उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग 30 जून तक विशेष अभियान चलाएगा। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि अभियान में सभी ब्लॉकों की मलिन बस्तियों, मदरसों, ईंट भट्ठों, आवासीय विद्यालयों समेत अन्य स्थानों पर विभाग की ओर से शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सक, क्षय रोग केंद्र के कर्मचारी समेत अन्य स्टाफ सभी की स्क्रीनिंग करेंगे। जिन लोगों में टीबी के लक्षण मिलेंगे उनकी तुरंत जांच भी की जाएगी। क्षय रोग केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 6 हजार के करीब क्षय रोगियों का इलाज चल रहा है।

# मछुआ समाज के अधिकार योजनाओं के जरिए होंगे साकार

## मंडलीय संगोष्ठी में बोले मत्स्य विभाग मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मत्स्य विभाग के मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि मछुआ समाज के हक और अधिकार अब सपना नहीं रहेंगे, बल्कि योजनाओं के जरिए साकार होंगे। मछुआ समाज का समुचित विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

उन्होंने ये बातें मंगलवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित मंडलीय मत्स्य संगोष्ठी में कहीं। जिसमें बरेली मंडल के सैकड़ों मत्स्य पालकों ने भाग लिया।



मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद को गणेशजी की तस्वीर भेंट करतीं महिलाएं।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश में मत्स्य पालन से जुड़े लोगों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य बीमा योजना, मत्स्य ऋण योजना और अनुदानित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। मत्स्य पालकों से कहा कि वह सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

- मछुआ समाज की समस्याएं सुनीं और सुझाव भी मांगे, 19 मत्स्य पालकों को सम्मानित किया

उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से दिया जाए। मछुआ समाज से आह्वान किया कि वह संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे और समाज के समग्र विकास में सक्रिय भागीदारी निभाए। गोष्ठी के दौरान उन्होंने मछुआ समुदाय की समस्याओं और उनके सुझाव को सुना। सभी को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में मंडल के 19 मत्स्य पालकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल पर लगे स्टालों का निरीक्षण किया। उपनिदेशक अंजना वर्मा, नोडल अधिकारी उपनिदेशक मत्स्य नियोजन/प्रबंध निदेशक मोनिशा सिंह, रेखा श्रीवास्तव, सहायक निदेशक मत्स्य बरेली गायत्री पांडे समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### मंत्री ने कहा-जातीय जनगणना से वंचित, पिछड़े समाजों की सही संख्या देश के सामने आएगी

मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि भारत सरकार की ओर से जातीय जनगणना की अधिसूचना जारी करना एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम है। जातीय जनगणना के माध्यम से वंचित, पिछड़े समाजों की सही संख्या देश के सामने आएगी। कहा कि हमने इसके लिए सड़क से संसद तक संघर्ष किया है। मैं अपने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से अपील करता हूं कि वह इस जनगणना प्रक्रिया में पूरी जागरूकता, ईमानदारी और एकजुटता के साथ भाग ले, ताकि समाज की सही संख्या दर्ज हो सके और हमें हमारा हक मिल सके।

# बार के सचिव पद पर उप चुनाव 22 जुलाई को

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव वीपी ध्यानी के निधन के कारण रिक्त हुए पद पर निर्वाचन के लिए 22 जुलाई की तिथि नियत की गई है।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार की अध्यक्षता में बार पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यालय अधीक्षक द्वारा रिकार्ड उपलब्ध कराने, अध्यक्ष व प्रभारी सचिव द्वारा जारी वकालतनामा व सदस्यता वाला प्रपोजल नवीन सचिव की नियुक्ति तक स्थगित कर दिया। इसके अतिरिक्त निर्णय हुआ कि बार कार्यकारिणी के प्रस्ताव के बगैर कोई नवीन प्रस्ताव पारित नहीं किया जायेगा। बार अध्यक्ष मनोज हरित ने बताया कि सचिव पद पर निर्वाचन की तिथि सहमति से नियत की गई है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
- Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


# डायरिया रोको अभियान : टीमों ने शुरू किया सर्वे

**बरेली, अमृत विचार :** बड़ों की तुलना में बच्चे ज्यादा डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड कम पड़ गए हैं। शासन के निर्देश पर मंगलवार से डायरिया रोको अभियान शुरू कर दिया गया है। 3200 टीमें सर्वे में जुट गई हैं। ये टीमें घर-घर जाकर बच्चों को ओआरएस के दो पैकेट और जिंक की 14 गोलियां वितरित करेंगी। अफसरों के अनुसार यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा।

**स्वास्थ्य केंद्रों पर बनेंगे ओआरएस-जिंक कार्नर :** शासन ने स्वास्थ्य केंद्रों में ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार तक ये कार्नर स्थापित कर विभाग को रिपोर्ट देने को कहा गया है। अभियान में को घर-घर तक पहुंचाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है कि वे घर-घर जाकर ओआरएस का वितरण करें और लोगों को इसके सही उपयोग के बारे में जानकारी दें।

# बेपरवाही : कोरोना जांच को आरटी-पीसीआर किट तक नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोरोना के मामले बढ़ने के बाद शासन ने जांच समेत अन्य संसाधन पूर्ण रखने के आदेश दिए हैं लेकिन जिले में स्वास्थ्य अधिकारी इसको लेकर संजीदा नहीं हैं। गंगापुर निवासी बुजुर्ग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। मंगलवार सुबह गाइडलाइन के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घर पहुंची। टीम ने उनकी और पत्नी की एंटीजन जांच की, जिसमें दोनों निगेटिव मिले, जबकि संक्रमित मरीज का आरटी-पीसीआर जांच के लिए सैंपल भेजा जाना चाहिए।

शासन के आदेश को 15 दिन का समय बीत गया है। जिला अस्पताल में विभाग ने कोरोना के लक्षण वाले मरीजों की जांच शुरू कराई है लेकिन आरटी-पीसीआर जांच किट की खरीद विभाग ने नहीं की है। वहीं कई स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं जहां एंटीजन जांच किट तक नहीं भेजी गईं हैं।

- कोरोना संक्रमित बुजुर्ग और पत्नी की सिर्फ एंटीजन जांच की, रिपोर्ट आई निगेटिव

### मरीज है स्वस्थ, सांस लेने में भी दिक्कत नहीं

आईडीएसपी प्रभारी डॉ. मीसम अब्बास ने बताया कि टीम मंगलवार को सुबह ही संक्रमित के घर पहुंची। मरीज ने पहले से स्वास्थ्य में सुधार की बात कही और चलकर भी दिखाया। इस दौरान उन्हें सांस लेने में भी कोई तकलीफ नहीं थी, जिसके चलते ही मरीज की एंटीजन जांच की गई जिसमें वह और उनकी पत्नी दोनों निगेटिव मिले हैं। जिसके चलते अब मरीज के सैंपल की जीनोम सिक्वेसिंग नहीं कराई जाएगी।

**अब कैसे होगी जीनोम सिक्वेसिंग :** कोरोना संक्रमित हर मरीज के सैंपल का जीनोम सिक्वेसिंग कराने के लिए लखनऊ लैब भेजे जाने का आदेश है, लेकिन जब मरीज का आरटी-पीसीआर सैंपल ही नहीं लिया गया है तो ऐसे में किस प्रकार विभाग जीनोम सिक्वेसिंग कराएगा इस पर भी सवालिया निशान लग रहा है।

### बढ़े 15 फीसदी मरीज, पर्चा बनवाने के लिए मारामारी

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को 15 फीसदी मरीजों का इजाफा हो गया। ओपीडी परिसर से पर्चा और दवा काउंटर तक मरीजों की भीड़ दिखी। काफी देर तक मरीजों को लाइन में लगने के बाद इलाज मिला। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों को हुई। औसतन प्रतिदिन ओपीडी में 13 सौ से अधिक मरीज आते हैं, मगर मंगलवार को 1540 मरीज पहुंचे। 2000 के करीब पुराने रोगी भी इलाज के लिए आए। सुबह 8 बजे ही मरीजों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। कुछ ही समय बाद पर्चा काउंटर के बाहर तक मरीजों की कतार लग गई। कई बुजुर्ग मरीजों की सुरक्षा गार्डों से नोकझोंक भी हुई। अचानक बढ़ी मरीजों की भीड़ से पर्चा बनाने वाले स्टाफ के पसीने छूट गए। पैथोलॉजी लैब के बाहर भी मरीजों की लंबी लाइन दिखी। वैसे सोमवार को ओपीडी में सबसे ज्यादा मरीज पहुंचते हैं, मगर बारिश की वजह से कम मरीज आए थे। वहीं, बच्चा वार्ड में भर्ती मरीज तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। 12 घंटे में 14 बच्चे स्वस्थ हुए, जिन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।

# सीएम डैशबोर्ड में अपनी परफॉर्मेंस को बनाए रखें अधिकारी

**बरेली, अमृत विचार:** डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड में अपनी परफॉर्मेंस को बनाए रखें, जिससे वर्तमान स्थिति में कोई गिरावट न आ सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर शिकायतें सुनने के निर्देश दिए।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि इस समय हमारी स्थिति सीएम डैशबोर्ड में अच्छी है। लक्ष्य के सापेक्ष अपने कार्य को पूर्ण करें। इसकी लगातार समीक्षा करें। किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी की नई सड़कों का निर्माण अधूरा होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसे समय से पूरा करें। आईजीआरएस में शिकायतकर्ता की संतुष्टि के लिए फीडबैक पर अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए। सीडीओ देवयानी, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# रोशन ज्वैलर्स का धमाका उपहार पाकर झूम उठे विजेता

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित कुंवर रिसॉर्ट में रोशन ज्वैलर्स की ओर से सोमवार रात नौ बजे भव्य लकी ड्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। लकी ड्रा में 27 भाग्यशाली विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए। जिनमें एक बाइक से लेकर घरेलू उपयोग की कीमती वस्तुएं शामिल रहीं।

विजेताओं को प्रथम उपहार में बाइक, द्वितीय उपहार में फ्रिज, तृतीय उपहार में वॉशिंग मशीन, चतुर्थ उपहार में एलईडी स्मार्ट टीवी समेत अन्य शामिल रहीं। पहला पुरस्कार होंडा लिवो बाइक फरीदपुर निवासी जतिन कथेरिया ने, दूसरा उपहार धौराटांडा निवासी अनुष्का कश्यप ने व्हर्लपूल रेफ्रिजरेटर, साउथ सिटी निवासी निधि चौधरी, इटौआ सुखदेवपुर निवासी सरिता यादव, शंतनु पाठक, राखी ने वॉशिंग मशीन, प्रेम सिंह, राहुल गुप्ता, पंकज मिश्रा, सुशील राठौर, प्रत्यागा चौहान और राजेंद्र कश्यप ने एलईडी टीवी, पंकज, संजीव यादव, रामसेवक शर्मा, करिश्मा, रेनू शर्मा ने मिक्सर ग्राइंडर जीता। इनके साथ ही अन्य विजेता भी आकर्षक उपहार पाकर झूम उठे। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के और भी उपहारों के साथ लकी ड्रा का आयोजन किया जाएगा। नए साल पर ग्राहकों के लिए 75 हजार या उससे अधिक की खरीद पर लकी ड्रा कूपन मिलेगा। इस ड्रा में 51 लकी विजेताओं को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे।



लकी ड्रा के प्रथम पुरस्कार विजेता को मिली बाइक।

# ई-ऑफिस का ब्योरा उपलब्ध कराने का आज अंतिम दिन

**बरेली, अमृत विचार :** ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए सीडीओ की सख्ती के बाद भी कई विभागों के अधिकारियों ने ब्योरा नहीं दिया है। बुधवार शाम तक ब्योरा न देने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

सीडीओ के अधीन 81 विभाग हैं। सीडीओ देवयानी ने ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए पूरा फोकस किया है। समीक्षा में उन्होंने पाया था कि 43 विभागों ने ही ऑनलाइन कामकाज शुरू किया है, जबकि 38 विभाग ऐसे हैं, जिन्होंने अभी ई-ऑफिस प्रणाली को लागू ही नहीं कराया है। इसमें भी 20 विभागों की ऑनलाइन कामकाज करने की गति काफी सुस्त पाई गई है। सीडीओ ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए तीन दिन में 38 विभागों को पूरा ब्योरा डीडीओ कार्यालय को उपलब्ध कराने के आदेश दिए थे। शनिवार और रविवार पड़ने की वजह से दो दिन का समय और बढ़ा दिया था। निर्धारित समय की मियाद बुधवार शाम तक पूरी हो जाएगी। मंगलवार तक 38 विभागों में से 15 से अधिक ने ब्योरा नहीं दिया है।

# नोटिस नहीं देंगे, उद्यमियों से पूछेंगे उनकी दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में हाईवे की सर्विस लेन की जद में आने वाले अतिक्रमण का मामला
- पीडी बोले- अतिक्रमण हटाने के लिए 200 संस्थानों को दो बार भेजा जा चुका है नोटिस

**अमृत विचार:** फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में हाईवे की जद में आने उद्यमियों के अनधिकृत निर्माण को लेकर दो बार नोटिस दिए जा चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस है। एनएचएआई ऐसे उद्यमियों के साथ जल्द बैठक करेगा।

एनएचएआई बरेली के पीडी सौरभ चौरसिया के अनुसार उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों को नोटिस को लेकर शिकायतें रही हैं। ऐसे में तीसरा नोटिस भेजने के बजाय अब उनको कार्यालय बुलाने का निर्णय लिया है। उद्यमियों से वार्ता कर उनकी समस्या जानी जाएंगी। इसके बाद निर्णय लिया जाएगा।

दरअसल, लखनऊ हाईवे पर फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में 200 से ज्यादा उद्योग हैं। इनके अलावा कई स्कूल और दूसरे व्यावसायिक संस्थान भी इसी इलाके में हैं। कई जगह हाईवे तक भारी अतिक्रमण है। एनएचएआई के मुताबिक उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों में आवाजाही के लिए हाईवे पर तमाम कट खुलने की वजह से बड़ी संख्या में हादसे होते हैं। एनएचएआई मुख्यालय के निर्देश के बाद कब्जों को हटाकर सर्विस रोड बनाने के लिए मार्च और अप्रैल में उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों को नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन, अधिकांश ने इसे नजरअंदाज कर दिया।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया के मुताबिक परिवहन मंत्रालय के निर्देशों के तहत नोटिस देने के बाद भी अधिकांश लोगों ने अनधिकृत निर्माण नहीं हटाया है। शीघ्र ऐसे उद्यमियों को कार्यालय बुलाकर बैठक की जाएगी। इसके बाद भी स्थिति जस की तस रही तो जिला प्रशासन के सहयोग से अनधिकृत निर्माण हटाकर सर्विस लेन का काम शुरू कराया जाएगा।

# लाल पत्थर पर उकेरी जाएंगी शिव की आकृतियां

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की आध्यात्मिक महत्ता को और बढ़ाने के लिए नाथ कॉरिडोर के तहत बनने वाली फोकस वॉल के निर्माण में कुछ बदलाव किए गए हैं। फोकस वॉल को और अधिक आकर्षक और टिकाऊ रखने के लिए अब लाल पत्थर पर शिव की अलग-अलग आकृतियां उकेरी जाएंगी। शासन स्तर पर लिए गए फैसले के बाद यह बदलाव किया गया है। हालांकि पत्थर लगने से फोकस वॉल की लागत भी बढ़ने की संभावना है।

जिले को नाथ नगरी के रूप में विकसित करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत कई विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के काम किए जा रहे हैं। इसी परियोजना के तहत शहर में मनोहर भूषण इंटर कॉलेज, रुहेलखंड विश्वविद्यालय, सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डीडीपुरम, सौ फुटा रोड, पीलीभीत बाईपास, जंक्शन, आदिनाथ तिराहा, एयरपोर्ट, सेटेलाइट बस स्टैंड, स्टेडियम, कुदेशिया अंडर पास, बीसलपुर चौराहा, खुर्रम गौटिया तिराहा, कांवड़ स्थल हार्टमन स्कूल, सिटी स्टेशन, मिनी बाईपास, नैनीताल रोड अंडर पास आदि 19 स्थलों को चिह्नित किया गया है, जहां पर भगवान शिव के अलग-अलग स्वरूपों की आकृतियां उकेरी जाएंगी, जो शहर से लेकर बाहर से आने वाले लोगों को शहर को नाथ नगरी और शिवमय होने का एहसास कराएंगी। पांच करोड़ की लागत से होने वाले कार्य के लिए दो करोड़ 45 लाख रुपये पहले जारी भी हो चुके हैं। चार चिह्नित स्थलों पर फोकस वॉल का कार्य शुरू भी हो चुका है। हालांकि पहले प्रस्ताव में फोकस वॉल को प्लास्टिक कोटेड बनाना था, मगर अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। अब लाल पत्थर लगेगा, जिस पर आकृतियां उकेरी जाएंगी।

- शहर में 19 स्थानों पर चार श्रेणियों में बननी है फोकस वॉल



फोकस वॉल को पहले प्लास्टिक कोटेड बनाने का प्रस्ताव मंजूर हुआ था। अब उसमें बदलाव हो गया है। अब लाल पत्थर पर आकृतियां बनेंगी, इससे आकर्षण भी बढ़ेगा। बजट कम पड़ने पर शासन से डिमांड की जाएगी।
– **ब्रजपाल सिंह**, उप निदेशक पर्यटन विभाग

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद हुआ बदलाव

पिछले दिनों सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या में दौरा कर रहे थे, जहां पर उन्होंने प्लास्टिक कोटेड और लाल पत्थर पर उकेरी गई आकृतियों को देखा। इस पर उन्होंने लाल पत्थर पर लगी आकृतियों की सराहना करते हुए इसी तरह से सभी स्थानों पर लगाने के आदेश दिए। सीएम के निर्देश के बाद पर्यटन विभाग के महानिदेशक मुकेश मेश्राम ने बरेली में भी फोकस वॉल में लाल पत्थर पर आकृतियां बनाने का फैसला लिया है। निर्देश पर अमल शुरू हो गया है।

# राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई

**रिठौरा, अमृत विचार :** गांव कुंवरपुर बंजरिया स्थित प्राचीन शिव मंदिर मढ़ी पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार को कथावाचक ने सुदामा चरित्र एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई।

उन्होंने बताया कि सुदामा को सामाजिक लौकिक दृष्टि से देखें तो कोई सुख- साधन नहीं हैं। यदि हम उन्हें आध्यात्म की दृष्टि से देखें तो धनवान हैं। कथावाचक ने कहा भागवत से बड़ा कोई कलयुग में साधन नहीं है। भागवत पुराण सुनकर सारे कष्ट मिटते हैं। इस दौरान सर्वेश कुमार, दुर्गेश, पिंटू रमेश कश्यप, सुनील कुमार सक्सेना, भूरे महाराज, रमेश मिश्रा, नरेश गंगवार, रमेश मौर्य समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### आकाशवाणी की यादों को हृदय में बसाकर रखना चाहिए




**बरेली, अमृत विचार :** आकाशवाणी केंद्र परिसर में मंगलवार को आकाशवाणी का 32 वां स्थापना दिवस मनाया गया। केंद्र प्रमुख अजय कुमार अवस्थी ने कहा कि आकाशवाणी से जुड़कर हम सभी गौरवान्वित हुए हैं। कार्यक्रम प्रमुख डॉ. विनय वर्मा ने सभी को आकाशवाणी की गरिमा का पालन करने की सीख दी। कहा कि पुराने और अब के समय तक आकाशवाणी अनेकों पड़ाव से गुजरी है, उन सभी यादों को अपने हृदय में बसाकर रखना चाहिए। प्रसारण अधिशासी गौरव सक्सेना ने भी विचार रखे। रजनीश गुप्ता, अशोक कुमार, धीरेंद्र कुमार, संदेश कुमार सक्सेना, ठाकुर दास, उमेश कुमार अग्रवाल, पंकज सक्सेना, धारा सिंह, देवेन्द्र रावत, प्रदीप मिश्रा, डॉ. रविन्द्र कुमार, शीशपाल, रविन्द्र मिश्रा, शिप्रा श्रीवास्तव, भावना कंचन, पूजा शर्मा, मानसी, नीतू त्रिपाठी, अनुप्रिता सिंह, पूनम, रोचना मिश्रा, शुभी मित्तल, राखी गंगवार, नाजमा, सत्यपाल, निर्भय यादव, सुरेन्द्र गंगवार, राकेश शर्मा मौजूद रहे। संचालन बृजेश तिवारी और अमृता सिंह ने किया।

### छात्रों और शिक्षकों ने किया योग अभ्यास



**बरेली, अमृत विचार :** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एसआरएम राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय परिसर में योग सप्ताह के तीसरे मंगलवार को छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों, चिकित्सकों और शिक्षकों ने योग अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक गरिमा सिंह ने योग से प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें आशीष पाण्डेय प्रथम, प्रशांत कुमार द्वितीय और रुचिका सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। वादविवाद प्रतियोगिता में नगमा प्रथम, अर्पित पचोरी द्वितीय, आकांक्षा आर्या को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. डीके मौर्य के निर्देशन में हुआ।

### दलाई लामा ने मिले सांसद नीरज मौर्य



**बरेली, अमृत विचार :** आंवला सांसद नीरज मौर्य ने परिवार के साथ मंगलवार को तिब्बती बौद्ध धर्म के प्रमुख आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से हिमाचल स्थित धर्मशाला में मुलाकात की। दलाई लामा से सांसद की यह दस साल बाद दूसरी मुलाकात थी। इस दौरान सांसद ने दलाई लामा को आने वाले 90 वें जन्मदिन की बधाई दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। सांसद ने कहा कि दलाई लामा ने शांति, सद्भाव और सेवा के मार्ग पर चलने का हमें संदेश दिया। इस दौरान पत्नी रश्मि मौर्य मौजूद रहीं।

### भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संस्थान की ओर लाल फाटक स्थित परशुराम धाम मंदिर में मंगलवार को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें पांच सौ से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले मंदिर में भोग लगाया गया। आरती के बाद कन्या पूजन हुआ। फिर भंडारे की शुरुआत हुई। संस्थान की कनिष्ठ सेवक (अध्यक्ष) नीलिमा पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम आराध्य हैं, हर मंगलवार या अन्य दिनों में भी ऐसे आयोजन करते हैं, जिससे समाज में एकजुटता भी आती है। कोषाध्यक्ष विपिन शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है। नितिन शर्मा, शिवलेस पांडे, डॉ. ब्रजेश पाठक, हरीश मिश्रा, रेनू शर्मा, अंजू अग्निहोत्री, सतेंद्र पांडे, गजेंद्र पांडे, सुरेन्द्र पांडे आदि उपस्थित रहे।

### सच्ची भक्ति व दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य असंभव नहीं



**बरेली, अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा के चौथे दिन मंगलवार को वाराणसी के कथा व्यास पंडित आशीष मिश्र ने बताया कि हनुमानजी का जन्म माता अंजना और केसरी के पुत्र के रूप में हुआ, लेकिन उन्हें पवनपुत्र भी कहते हैं, क्योंकि उन्हें वायु देव से दिव्य शक्तियां प्राप्त हुईं। उनकी भक्ति श्रीराम के प्रति इतनी गहरी थी कि वे हमेशा उनके नाम और सेवा में लीन रहते। अपनी इन्हीं अद्भुत शक्तियों का इस्तेमाल कर उन्होंने समुद्र पार करके लंका तक छलांग लगाई। रावण की अशोक वाटिका में सीता माता से भेंट की और लंका दहन कर राक्षसों को चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि हनुमान चिरंजीवी हैं, आज भी पृथ्वी पर विद्यमान हैं। वह केवल शक्ति और पराक्रम के प्रतीक नहीं, बल्कि विनम्रता, सेवा और निस्वार्थ प्रेम के आदर्श उदाहरण भी हैं। उनका चरित्र हमें यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति और दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। हनुमान जी के भक्तगण हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंग बाण का पाठ कर उनसे शक्ति, साहस और सुरक्षा की कामना करते हैं। सुशील अरोरा, रवि छाबड़ा, विपिन पाहवा, गिरीश आनन्द, जतिन दुआ, सचिन सेठी, विश्वनाथ आदि उपस्थित रहे।

### विमान हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**बरेली, अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी ने आलमगिरीगंज स्थित श्रीराम कॉम्प्लेक्स में पदाधिकारियों और विशेष आमंत्रित सदस्यों की बैठक कर विमान हादसे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल व संरक्षक अजय कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि अहमदाबाद और केदारनाथ में हुए विमान हादसे में भारी संख्या में जनहानि हुई है। महामंत्री दिनेश कुमार अग्रवाल एडवोकेट, पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी हर्ष कुमार अग्रवाल एडवोकेट, देवेश अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल एडवोकेट, आलोक अग्रवाल, विजय कृष्ण गोयल, कमल गोयल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, राज कुमार अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जो दिव्यांग छूट गए उन्हें भी उपकरण देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ेंगे

## जीआईसी ऑडिटोरियम में सहायक उपकरण वितरण शिविर में बोले केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शिविर में लाभार्थियों को उपकरण वितरित करते मंत्री बीएल वर्मा, प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा की सरकार गरीबों को समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा, उसे पूरा किया। कांग्रेस की सरकार में जो 60 साल में नहीं हो सका, उससे कहीं ज्यादा हर क्षेत्र में काम केंद्र सरकार के 11 साल में हुआ है। ये बातें मंगलवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय वयोश्री व एडिप योजना के लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरण करने के लिए आयोजित शिविर में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार लगातार दिव्यांगों के हितों के लिए कार्य कर रही है। सहायक उपकरणों को उपलब्ध कराकर दिव्यांगों को सशक्त, स्वावलंबी और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का एक प्रयास है। कहा कि अभी बहुत से लोग ऐसे हैं, जो छूट गए हैं, लेकिन उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने डीएम से कहा कि ऐसे लोगों को ब्लॉक वार और चिह्नित कराएं।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले दिव्यांगता के लिए सात श्रेणियां थीं लेकिन केंद्र सरकार ने 2016 में इसे 21 श्रेणियों में विभाजित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ देने का प्रयास किया है। केंद्र सरकार के पिछले 11 साल में कई ऐतिहासिक काम हुए हैं। उन्होंने भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग भी ऐसे बुजुर्गों, दिव्यांगों को चिह्नित करें, जिन्हें उपकरणों की जरूरत है।

- **जो 11 साल में हुआ वो पहले 60 साल में नहीं हुआ, 377 लाभार्थियों को बांटे गए उपकरण**

सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि इस तरह के उपकरणों से दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन में बदलाव आएंगे। उन्हें कई तरह की समस्याओं से राहत मिलेगी। घर-परिवार में उनका सम्मान बढ़ेगा।

मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि सरकार लगातार जरूरतमंदों के कल्याण के लिए काम कर रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने तो उपकरणों में भी घोटाला किया है, लेकिन यह ऐसी सरकार है, जिसमें कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि 25 जून तक अलग-अलग तहसीलों में शिविर लगाकर उपकरण बांटे जाएंगे। चिह्नित हुए 2812 लाभार्थियों को 2 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत के सहायक उपकरण मिलेंगे। शिविर में 377 लाभार्थियों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर और जिला प्रशासन के सहयोग से कार्यक्रम हुआ।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कैंट विधायक संजीव कुमार अग्रवाल, बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एलिम्को के वरिष्ठ प्रबंधक अनुपम प्रकाश, प्रबंधक हरीश कुमार, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सिपाहियों की भर्ती पर कोई नहीं उठा सकता अंगुली

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि 60 हजार से ज्यादा सिपाहियों की भर्ती पूरी पारदर्शी तरीके से हुई है, इसपर कोई भी माई का लाल अंगुली नहीं उठा सकता है। उन्होंने यह बात जीआईसी ऑडिटोरियम में सहायक उपकरण वितरण शिविर के बाद मीडिया से बातचीत में कही। विपक्ष के सवाल पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सूची सैफई में बैठकर बनती थी। मगर अब न खर्ची, पर्ची की जरूरत है और न ही सिफारिश की। यह लोग परिवार वाद से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का काम किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा। जातीय जनगणना पर कांग्रेस की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि इस पार्टी और इसका साथ देने वाले लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। उन्हें शायद यह नहीं पता कि प्रधानमंत्री जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। जातीय जनगणना होगी और समय पर होगी। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री की ओर से जातीय जनगणना कराने का ऐतिहासिक कदम उठाया गया है, जिसे यह लोग पचा नहीं पा रहे हैं।

# सछास ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई



कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में महिला छात्रावास में 10 जून को असिस्टेंट प्रोफेसर के जबरन घुसने की कोशिश के मामले में समाजवादी छात्रसभा (सछास) के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। सछास के पदाधिकारियों ने मंगलवार को कुलपति और कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

सछास जिला अध्यक्ष अविनाश मिश्रा ने अनुसार शिक्षक अपनी कार का हॉर्न बजाते हुए मुख्य द्वार को खोलने के लिए दबाव डाल रहा था। जब सुरक्षा गार्ड ने यह कहकर गेट खोलने से इन्कार कर दिया कि यह महिला छात्रावास है तो वह भड़क गए। गार्ड को गालियां दीं और मारपीट की कोशिश की। उसकी वर्दी उतरवाने और नौकरी से निकलवाने की धमकी भी दी। उसने गार्ड से किसी विशिष्ट व्यक्ति को छात्रावास से बाहर बुलाने के लिए भी कहा।

- **रुहेलखंड विवि परिसर में महिला छात्रावास में शिक्षक के जबरन घुसने की कोशिश का आरोप**

इस मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन में सवाल उठाया है कि शिक्षक ही ऐसे कृत्य करेंगे तो अभिभावक बेटियों को छात्रावास में कैसे सुरक्षित महसूस करा सकते हैं। आरोपी शिक्षकों में से एक छात्रावास का वार्डन और दूसरा प्रॉक्टोरियल बोर्ड का सदस्य है। सछास ने आरोपी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

### एबीवीपी के महानगर मंत्री ने दी तहरीर

**बरेली, अमृत विचार :** एबीवीपी के महानगर मंत्री आनंद कठेरिया ने प्रभारी निरीक्षक बारादरी को शिकायती पत्र दिया है। इसमें आनंद ने 14 जून को बरेली कॉलेज परिसर में दूसरे छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष और दो अन्य युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। आनंद का कहना है कि तीन लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है और उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है और स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है।

## समर कैंप : अनुदेशकों और शिक्षामित्रों को नहीं मिला मानदेय

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के 793 विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन 20 दिनों के लिए किया गया था। इसके लिए अनुदेशकों और शिक्षामित्रों को मानदेय दिया जाना था। समर कैंप पूरा होने के बावजूद अब तक उनके खातों में मानदेय नहीं पहुंचा है।

- **अनुदेशकों व शिक्षा मित्रों की उपस्थिति की जानकारी एकत्र की जा रही**

समर कैंप के कार्यों के लिए लगभग 1586 शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। जिसमें से कई शिक्षक अनुपस्थित भी रहे। एसआरजी अनिल चौबे ने बताया अभी अनुदेशकों व शिक्षा मित्रों की उपस्थिति की जानकारी एकत्र कर शासन को भेजी जा रही है। उपस्थिति के आधार पर खातों में पैसा भेजा जाएगा।

# रुहेलखंड विश्वविद्यालय में पीजी डिप्लोमा कोर्सों के लिए आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न पीजी डिप्लोमा और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

पीजी डिप्लोमा इन वुमन एंपावरमेंट एंड डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म और पीजी डिप्लोमा इन योगा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए जो शुल्क निर्धारित किया गया है, उनमें वुमन एंपावरमेंट, एंटरप्रेन्योरशिप और योगा कोर्सों का शुल्क प्रति सेमेस्टर 4000 रुपये है, जबकि मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म पाठ्यक्रम की फीस प्रति सेमेस्टर 20,000 रुपये निर्धारित की गई है। सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की अवधि एक वर्ष होगी और प्रत्येक कोर्स में 40 सीटें उपलब्ध हैं। इसके अलावा प्रत्येक पाठ्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए चार सीटें आरक्षित रखी गई हैं। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने दो वर्षीय एमए दर्शनशास्त्र में भी प्रवेश शुरू कर दिए गए हैं। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि स्नातक पास इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

- **प्रवेश लेने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकेंगे छात्र**

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा के आज से आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। पीएचडी, डीलिट एवं डीएससी में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 15 जुलाई तक विश्वविद्यालय या शोध निदेशालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। शोध निदेशक प्रो. आलोक श्रीवास्तव की ओर से इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए 12 सौ, एससी, एसटी और ट्रांसजेंडर के लिए 600 और पार्ट टाइम के लिए 10 हजार रुपये आवेदन शुल्क निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी 43 अलग-अलग विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# तैराकी प्रतियोगिता के लिए टीमें चयनित

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सब जूनियर और जूनियर तैराकी ट्रायल में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम के तरण ताल में मंगलवार को 39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल हुए। ग्रुप-1 बालक वर्ग में अभिजीत गंगवार, कार्तिकेय, अमित मित्तल, हर्षित जोशी, समीर सिंह, गुरुचरण सिंह चयनित हुए और बालिका वर्ग में रोजल खान, नीतिका चौधरी चयनित हुईं।

ग्रुप-2 में बालक वर्ग में शौर्य वत्स, आदित्य सक्सेना, अरिजीत शाह, दर्शित और बालिका वर्ग में पिहु थापा, स्तुति नौटियाल चयनित हुईं। ग्रुप 3 बालक वर्ग में मधुर शंखधर, अहवम, शिवांश चौरसिया और बालिका वर्ग में आराध्या, अनुश्री को चयनित किया गया। जिला तैराकी संघ के सचिव सुनील मित्तल ने बताया ट्रायल तीन आयु वर्गों में किया गया, जिसमें ग्रुप 1 में वर्ष 2008-10, ग्रुप 2 में वर्ष 2011-12, ग्रुप 3 में वर्ष 2013-14 में जन्म लेने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ये सभी चयनित खिलाड़ी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 28 से 30 जून तक होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ट्रायल के दौरान तैराकी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल, संरक्षक प्रताप चंद्र, पूर्व आरएसओ जितेंद्र यादव, लाइफ गार्ड सुमित चौरसिया, वरुण शुक्ला, वीरेंद्र सिंह थापा, अनुपम शुक्ला आदि शामिल रहे।

## 42 कॉलेजों की 43 सौ सीटों पर होंगे बीएड के प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित हो गया। अब काउंसलिंग के जरिए रुहेलखंड यूनिवर्सिटी कैंपस के साथ 41 कॉलेजों में लगभग 4300 सीटों पर प्रवेश होंगे।

नोडल अधिकारी डॉ. यतेंद्र कुमार ने बताया कि बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर काउंसलिंग से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त होंगी। साथ ही अभ्यर्थियों के पंजीकृत ईमेल आईडी पर भी जानकारी प्रेषित की जाएगी।

# रेलवे ग्राउंड : पंजीयन शुल्क तय किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जत नगर स्थित रोड नंबर 4 रेलवे ग्राउंड पर अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए उन्हें शुल्क भी देना पड़ेगा।

पहले ग्राउंड पर अभ्यास करने वालों के लिए पंजीकरण अनिवार्य नहीं था, लेकिन पिछले एक माह से 21 साल से कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए मासिक पंजीकरण शुल्क 100 रुपये कर दिया गया है। वहीं छह माह का पंजीयन शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया है। 21 आयु वर्ग से ऊपर के खिलाड़ियों के लिए यह फीस 300 रुपये प्रतिमाह या 3500 रुपये सालाना निर्धारित की गई है। इससे कई खिलाड़ियों ने स्पोर्ट्स स्टेडियम की ओर रुख कर लिया है। एक खिलाड़ी ने बताया कि उसके साथ के कई खिलाड़ी फीस नहीं दे पा रहे थे, तो उनके कोच ने कई खिलाड़ियों की फीस जमा की। इज्जतनगर रेलवे के क्रीड़ा अधिकारी रत्नेश सिंह ने बताया कि यह पंजीकरण व्यवस्था पूरी तरह से ग्राउंड पर अनुशासन बनाए रखने के लिए की गई है। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं, उनकी एंट्री अभी भी निशुल्क रखी गई है।

- **अब खिलाड़ियों का पंजीकरण अनिवार्य, तभी मिलेगा प्रवेश**
- **पहले नहीं लिया जाता था किसी प्रकार का कोई शुल्क**

## हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से जीवन सुख-समृद्धि से परिपूर्ण होता है

**बरेली, अमृत विचार:** बाल रामायण के लेखक डॉ. दीपंकर गुप्त ने मंगलवार को बाल रामायण के साथ श्री बालाजी दरबार साहूकारा में भव्य प्रस्तुति दी।

उन्होंने कहा कि हनुमानजी साकार रूप में मंगल मूर्ति हैं। वे सदैव रामकाज करने को आतुर रहते हैं। आज समस्त सनातन धर्म के अनुयायियों, भक्तों, छोटे, बड़ों सबको हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करना चाहिए। हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से जीवन सुख शांति और समृद्धि से परिपूर्ण होता है। इस मौके पर मंदिर के महंत अभिषेक मिश्रा, पुनीत जौहरी, अखिलेश, रज्जन शर्मा आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद डॉ. दीपंकर गुप्त व अन्य।













सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल 9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

# कार में लिफ्ट देकर युवक को लूटा, हाईवे पर फेंका

## सेटेलाइट बस अड्डे के बाहर से कार में बैठाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवदिया झादा के पास फेंका बिथरी चैनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** गुरुग्राम से लौट रहे शाहजहांपुर के एक युवक को कार में लिफ्ट देकर चार बदमाशों ने मारपीट की और 14 हजार रुपये, सोने की चेन, मोबाइल फोन और मिठाई का डिब्बा लूट लिया। विरोध करने पर चलती कार से उसे हाईवे पर फेंक दिया। बिथरी चैनपुर पुलिस ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शाहजहांपुर के निगोही थाना क्षेत्र के गांव हसौआ निवासी रामवीर ने बताया कि वह रविवार देर रात गुरुग्राम से घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह करीब चार बजे वह सेटेलाइट बस अड्डे पर पहुंचा। जहां पर एक ठेले से मिठाई लेकर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एक युवक आया और कहा कि वह कार लेकर जा रहा है। वह चाहे तो उसके साथ चल सकता है। उसने बीसलपुर तक जाने को कहा और उसके बाद वह उसकी कार में बैठ गया। जैसे ही कार सेटेलाइट से निकली तो उसका रूट बदल गया। रामवीर ने गलत दिशा में जाने का विरोध किया तो कार सवार लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे लात-घूंसे मारा पीटा और लूट लिया। उसके बाद चलती कार से बिथरी चैनपुर के नवदिया झादा क्षेत्र में हाईवे किनारे सुनसान जगह पर फेंक कर फरार हो गए।

## महिलाओं को लूटने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 9 को सुभाषनगर और 13 जून को किला क्षेत्र में की थी लूट

**अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर पुलिस ने मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी है। तीनों ने दो महिलाओं के साथ लूट की थी।

सोमवार शाम करीब 7 बजे सुभाषनगर पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी कि तभी बदमाश बाइक से वहां से निकले। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली जगतपुर गौटिया थाना बारादरी निवासी अयान के बाएं पैर में लगी और बाइक फिसल गई। इसके बाद पुलिस ने उसके साथी कैंट थाना क्षेत्र के गांव चनहेटा निवासी इमरान और अबरेज को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से दो तमंचा, तीन कारतूस, एक खोखा और सात हजार रुपये बरामद हुए हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तीनों ने 9 जून को करगैना बाजार के पास से एक महिला के कुंडल छीने थे। इसके अलावा 13 जून को किला क्षेत्र में अपने घर जा रही एक महिला के कुंडल और पर्स लूट ली थी। अयान के खिलाफ छह, इमरान के खिलाफ तीन और अबरेज के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं। इंस्पेक्टर सुभाषनगर अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



गोली लगने से घायल हुआ अयान।



लुटेरों को पकड़कर ले जाती पुलिस।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू ड्रोन से की जाएगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस-प्रशासन सतर्क, भीड़ वाले स्थानों पर रखी जाएगी नजर

**अमृत विचार :** सावन माह के साथ कांवड़ यात्रा की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सख्त निर्देश दिए हैं। जिन स्थानों से यात्रा निकलेगी, उन मार्गों की पहचान और वहां सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

एसएसपी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों को चिह्नित किया जा रहा है। जिन स्थानों पर विवाद की स्थिति हो सकती है, उन स्थानों पर अतिरिक्त पीएसी बल तैनात किया जाएगा। संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में तैयारियों का तेज करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस कांवड़ियों के रूट, पड़ाव स्थल और संभावित भीड़भाड़ वाले स्थानों का डेटा तैयार कर रही है। प्रशासन स्थानीय धर्मगुरुओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों से भी संवाद कर रहा है ताकि यात्रा के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे। जल्द ही प्रशासन विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित करेगा, जिसमें शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जाएगी। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा को निर्बाध और सुरक्षित बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग के साथ समन्वय किया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे और ट्रैफिक को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक रूट भी तैयार हो रहे हैं।

## शादी अनुदान के प्रकरण लंबित न रखें: नरेंद्र

- पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने अफसरों के साथ की बैठक

**बरेली, अमृत विचार:** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक में कहा कि लंबित मामलों का निराकरण किया जाए और सरकारी योजनाओं का फायदा पात्रों को जरूर मिले। किसी भी हाल में शादी अनुदान के मामलों को लंबित न रखा जाए।

मंत्री ने कहा कि योजनाओं का प्रभावी और समय पर क्रियान्वयन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पेंशन, शादी प्रोत्साहन और दुकान निर्माण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, मासिक कार्ययोजना के तहत प्रभावी क्रियान्वयन और सभी पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाया जाए। छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए जो भी तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, उसका समय से निराकरण करें। विभाग दिव्यांगजनों के हितों के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सभी आवश्यक सुविधाएं सुलभ हों, यह सुनिश्चित कर लें, ताकि छात्रों को असुविधा न हो। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण इंद्रसेन सहित अन्य मौजूद रहे।

## बिजली विभाग: अधिशासी अभियंता से लेकर कार्यकारी सहायक के तबादले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लंबे समय से जमे अफसरों को दूसरे जिलों में भेजा
- ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को भेजा वर्कशाप

**अमृत विचार:** बिजली विभाग में अधिशासी अभियंता, एसडीओ से लेकर कार्यकारी सहायक के तबादले कर दिए गए। लंबे समय से जिले में जमे अधिकारियों को दूसरे जिले में भेजा गया है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिशासी अभियंता को वर्कशाप का अधिशासी अभियंता बनाया है।

ग्रामीण क्षेत्र के सेकेंड डिवीजन में तैनात अधिशासी अभियंता हरीश कुमार को वर्कशाप में भेजा गया है। यहां से अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता को रायबरेली भेजा गया है। शहरी क्षेत्र के 33 केवी में तैनात रमा शंकर मौर्य को ट्रांसमिशन भेजा गया है। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में कामर्शियल टू में तैनात एसडीओ रामखिलावन, भुता एसडीओ अक्षय यादव, ग्रामीण क्षेत्र के मीटर सेक्शन में तैनात लाल बहादुर यादव, शहरी क्षेत्र की 11 केवी में तैनात जसीम अख्तर, एचआर में तैनात संजय प्रसाद, मीरगंज एसडीओ को जिले से बाहर भेजा गया है।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने कार्यकारी सहायक मनोज कुमार शर्मा को एचआर वार्टकिल से विद्युत वितरण मंडल बरेली, वीरेन्द्र कुमार ग्वाल को विद्युत वितरण मंडल से एचआर वार्टकिल, विनोद कुमार को कामर्शियल टू से विद्युत वितरण मंडल शाहजहांपुर रोड, मो. शाहनवाज खान को विद्युत वितरण मंडल शाहजहांपुर रोड से कामर्शियल टू भेजा है। शिव कुमार कश्यप को आंवला से कामर्शियल टू वार्टकिल, राजीव कुमार को कामर्शियल टू से आंवला, मनोज सिंह को विद्युत वितरण रामपुर रोड से विद्युत कार्य मंडल, वसुंधरा राघव को विद्युत कार्य मंडल बरेली से और जितेन्द्र कुमार गंगवार को 11 केवी वार्टकिल से विद्युत वितरण खंड शाहजहांपुर रोड भेजा है।

इसके अलावा रविन्द्र कुमार को विद्युत वितरण खंड शाहजहांपुर रोड से 11 केवी वार्टकिल, कल्पना को कामर्शियल प्रथम से विद्युत परीक्षण खंड और अमिता शर्मा को विद्युत परीक्षण खंड से कामर्शियल प्रथम भेजा गया है।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी जीजा की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली :** 15 वर्षीय साली से दुष्कर्म करने के आरोपी फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र निवासी जीजा की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानंद ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के भाई ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया था कि 19 मार्च को उसके घर में बहनोई आया और छोटी बहन को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। उसके साथ दो लड़के और भी थे। उसने बहन के साथ दुष्कर्म किया और उसे मारापीटा। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि दिन में 3 बजे जीजा घर पर आया। मुझे और मेरी बहन को मारा पीटा और फिर बहन को हाथ पैर बांधकर कमरे में बंद कर दिया। मेरे पैर बांधकर बाइक से लेकर चला गया। मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। किसी अज्ञात घर में ले गया, वहां दो दिन में 3-4 बार दुष्कर्म किया। किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। अभियोजन ने तर्क दिया कि अभियुक्त का जुर्म जघन्य है, यदि उसे जमानत दी जाती है तो दुरुपयोग कर गवाहों पर नाजायज दबाव बनाएगा।

### रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली :** हैसियत प्रमाण पत्र बनाने के बदले में पांच हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी बदायूं के बिल्सी के लेखपाल चंद्र प्रकाश की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सौरभ तिवारी ने बताया कि बिल्सी के गांव बहरौनी निवासी हरवेंद्र कुमार ने कार्यालय भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली इकाई पर तहरीर देकर बताया कि 5 मई को हैसियत प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लेखपाल ने 5 हजार रुपये रिश्वत की मांग की, कहा कि रिश्वत दोगे तभी काम करूंगा। ट्रैप टीम ने 23 मई को आरोपी लेखपाल को रंगे हाथों 5 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ लिया था।

### एसपी सिटी ने पुलिस लाइन में किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में एसपी सिटी मानुष पारीक ने मंगलवार को परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। साथ ही जवानों की वर्दी, फिटनेस और अनुशासन की जांच करते हुए परेड में ड्रिल अभ्यास कराया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी वर्दी पहनने और टर्नआउट बेहतर रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस की छवि लोगों के सामने अनुशासन और जिम्मेदारी से पेश आने पर ही बनती है। हर जवान को ड्यूटी के दौरान अपनी भूमिका को पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का दौरा किया। उन्होंने आरआई कार्यालय, शस्त्रागार, स्टोर, परिवहन शाखा समेत कई विभागों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने साफ-सफाई और रजिस्टरों का रखरखाव बेहतर रखने के निर्देश दिए।

### आरक्षी भर्ती : 1036 अभ्यर्थियों के प्रपत्र किए चेक




**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के तहत चयनित 1473 महिला और पुरुष अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग रिजर्व पुलिस लाइन में होगी। मंगलवार को 1036 अभ्यर्थियों के प्रपत्र चेक किए गए। इसमें 230 महिला और 806 पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा और प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

### कमिश्नरी में भाकियू की महापंचायत 23 को

**बरेली ,अमृत विचार :** कमिश्नरी में 23 जून को भाकियू (अराजनैतिक) की महापंचायत होगी। इसमें बरेली मंडल के बड़ी संख्या में पदाधिकारी और किसान शामिल होंगे। मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने इस महापंचायत को ऐतिहासिक किसान पंचायत बताते हुए कहा कि इस दिन फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक से कमिश्नरी तक रोड शो होगा। जिसमें करीब 200 कारें और 100 ट्रैक्टर शामिल होंगे। सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि किसान एक हाथ में झंडा और दूसरे हाथ में डंडा लेकर आए। वहीं, अपने क्षेत्र में पड़ने वाले टोल कर्मियों को एक दिन पहले ही सूचना दें कि महापंचायत में शामिल होने जा रहे किसी भी किसान के वाहन को टोल प्लाजा पर नहीं रोका जाए। अगर किसी भी टोल कर्मी ने वाहन रोककर किसी भी किसान का उत्पीड़न किया तो टोल पर ही किसानों का धरना-प्रदर्शन होगा। प्रशासन को चेतावनी दी कि ऐतिहासिक महापंचायत में आने वाले किसानों को रोका गया या फिर उनके साथ किसी तरह की अभद्रता करने की कोशिश हुई तो मंडल की चारों सीमाओं को किसान बंद करने का काम करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### राजेंद्र घिल्डियाल बने जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** यूपी फिटनेस बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को बाबा हेल्थ क्लब में जिला बॉडी बिल्डिंग संघ की नई इकाई गठित की गई। अध्यक्षता डॉ. नजमुन नवी ने की। बैठक में राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल को आगामी दो वर्षों के लिए जिलाध्यक्ष के साथ यूपी फिटनेस बॉडी बिल्डिंग का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। विपिन बाबा को जिला महासचिव व महेश शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। यूपी एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अल्ताफ अहमद ने कहा कि राजेंद्र घिल्डियाल के नेतृत्व में जिला बॉडी बिल्डिंग संघ आगे बढ़ेगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने बताया कि दो माह बाद 23 अगस्त को बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन संजय गांधी कम्युनिटी हॉल में किया जाएगा। जिला इकाई में मुख्य संरक्षक मेयर डॉ. उमेश गौतम, संरक्षक परवेज मियां, सलीम अख्तर, कार्यवाहक अध्यक्ष शिव कुमार, वसीम कुरैशी, ताहिर सक्लेनी, नवनीत गुप्ता, हाफिज खान, परवेज, मोहित शर्मा, अजय भारद्वाज, वीरेश सागर, सनी, असरूफ, मोहसिन आदि को पदाधिकारी चुना गया है।

### बरेली हज सेवा समिति को किया भंग

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली हज सेवा समिति को मंगलवार को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। यह निर्णय संगठनात्मक सुधार और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने कहा कि समिति के अध्यक्ष पद के अलावा सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को भंग कर दिया गया है। जल्द ही हज यात्रियों की सेवा के लिए नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों का गठन किया जाएगा।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### भोजीपुरा में कार की टक्कर से किशोरी की मौत

**बरेली, अमृत विचार** : शेरगढ़ क्षेत्र के गांव पड़ेरा निवासी इकरार अहमद ने बताया कि उनकी ससुराल चौपारा में है। दो दिन पहले उनकी बेटी निगम बाइक से अपने मामा कासिम के साथ ननिहाल जा रही थी। भोजीपुरा के पास तेज गति से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कासिम और निगम (13) दोनों घायल हो गए। निगम की हालत अधिक गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### किशोरी को अपहरण करके ले गया युवक

**सिरौली, अमृत विचार** : एक किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक अपहरण करके ले गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी हुई है। थाना सिरौली क्षेत्र से एक किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। आरोप है गांव के ही दो युवकों ने 16 वर्ष की किशोरी को अगवा करके ले गया। इससे ने क्षेत्र में तनाव का माहौ है। पीड़ित पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया 15 जून को उसकी 16 वर्षीय बेटी को गांव के ही आजम और सुहैल अपहरण करके ले गए। उसने पहले अपने स्तर से तलाश किया इसके बाद थाने पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी और बेटी की बरामदगी की मांग की।

### पॉलिथीन व अतिक्रमण के खिलाफ चलेगा अभियान

**शेरगढ़, अमृत विचार** : नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे में सड़क के दोनों ओर बढ़ रहे अतिक्रमण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर चिंता जताई है। ईओ दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि सड़क के दोनों ओर नाला के ऊपर सजे ठेले खोमचे वालों की वजह से आवागमन में परेशानी के साथ ही गंदगी फैल रही है। कस्बे वासियों और दुकानदारों को समय-समय पर सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम को जागरूक किया जा रहा है फिर भी लोग धड़ल्ले से उपयोग कर रहे है। गत माह कई दुकानों से छापामारी कर बड़ी मात्रा में पॉलिथीन जब्त कर जुर्माना भी वसूला गया। ईओ ने बताया जल्द ही अभियान चलाकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर दुकानदारों से सड़क किनारे लगे ठेले खोमचे हटाने की चेतावनी दे चुके है।

### सरकार की 11 साल की उपलब्धियां गिनाईं

**मीरगंज, अमृत विचार** : प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीजेपी सरकार के 11 साल पूरे होने पर पूरे देश में कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में शक्ति केंद्र मीरगंज द्वितीय पर मंगलवार को कार्यक्रम हुआ। जिसमें कार्यक्रम संयोजक अभिषेक गंगवार ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रोली सिंह रही। वहीं सीएचसी की टीम ने 70 वर्ष से ऊपर के लोगों का आयुष्मान कार्ड का रजिस्ट्रेशन किया। इस मौके पर भाजपा नेता ओमपाल गंगवार, अमरनाथ गुप्ता, दिनेश शर्मा समेत अन्य रहे।

# दो दिन बाद भी कॉलोनी में भरा दो फुट पानी

## चनहेटी की प्रकाश कॉलोनी से जल निकासी के लिए योजना बनाने में जुटे अधिकारी

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार** : ब्लॉक क्यारा क्षेत्र के चनेहटी स्थित प्रकाश कॉलोनी में सोमवार तड़के हुई बारिश के बाद जलभराव हो गया। एक दिन बाद भी जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से यहां के रहवासियों को संक्रमण और बीमारियों के फैलने का खतरा सताने लगा है। महामारी की आशंका से परेशान लोगों ने सोमवार को ही कलेक्ट्रेट में प्रधानपति रवि साहू के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था।

दो दिन बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। दो-दो फुट तक पानी लोगों के घरों में भरा हुआ है। मंगलवार शाम तक कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर करीब दो फुट पानी भरा है। नाले चोक होने से जल निकासी नहीं हो पा रही है। डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में लोगों ने नाले पर कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। लेकिन ब्लॉक के अधिकारी हीलाहवाली की पराकाष्ठा दिखाते हुए दो दिन बाद भी जलनिकासी को लेकर कोई प्लान तैयार नहीं कर सके हैं।



घरों के सामने जलभराव से लोगों को आवाजाही में हो रही है दिक्कत। ● अमृत विचार

> डीएम के साथ बैठक में इस मुद्दे पर सोमवार देर रात तक बात हुई है। लोगों से नाले की जगह से अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। दो-तीन दिन में पुलिस प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटवा कर लालफाटक से कांधरपुर मंडी समिति तक जेसीबी से नाले की सफाई के साथ खुदाई कराई जाएगी। जरुरत पड़ने पर मंडी से आगे भी कच्चा नाला खुदवाने का कार्य कराया जाएगा। **-ओम प्रकाश प्रजापति**, बीडीओ, क्यारा

### बीमारी फैलने का इंतजार

प्रकाश कॉलोनी में जलभराव के कारण पानी सड़ने से तीव्र दुर्गंध आने के साथ-साथ मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां, हैजा, टाइफाइड, चर्म रोगों का खतरा मंडरा रहा है। ब्लॉक अधिकारी भी संक्रामक रोगों और महामारी फैलने का इंतजार कर रहे हैं। जबकि सोमवार को लोगों की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए डीएम अविनाश सिंह तथा एसडीएम प्रमोद कुमार ने तत्काल बीडीओ क्यारा ओम प्रकाश प्रजापति को तलब कर उनके साथ बैठक करके शीघ्र समस्या के निवारण के निर्देश दिए थे। जल भराव होने से प्रकाश कॉलोनी के सैकड़ों घरों में दूध और अखबार वाले नहीं पहुंच पा रहे हैं।

## दहेज के लिए महिला को घर से निकाला

**देवरनियां, अमृत विचार:** ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को प्रताड़ित करके घर से निकाल दिया। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर ससुरालियों पर कार्रवाई की मांग की।

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में महिला ने बताया उसकी शादी इसी साल 24 अप्रैल को उसी के मोहल्ले के रहने वाले एक व्यक्ति से हुई थी। शादी में उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था, फिर भी उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। विवाहिता का आरोप है उसके ससुराल में उसके शौहर के बहनोई व उसकी पत्नी भी साथ रहती है। पीड़िता ने शौहर के बहनोई पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। उसके विरोध करने पर सभी ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कैंट स्टेशन के पास पार्किंग बनाई जाए



एसपी ट्रैफिक से कार्यालय में मुलाकात करते व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पदाधिकारियों ने एसपी ट्रैफिक से की मुलाकात, कहा- समस्या दूर की जाए

**अमृत विचार** : ट्रक व्यापारियों की समस्या को लेकर राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी बुधवार को एसपी ट्रैफिक अकमल खान से मिले। इस दौरान उन्होंने समस्या निदान की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष राजकुमार राजपूत ने एसपी को बताया कि चनहेटी पर सीमेंट की रैक लगती है। यहां ट्रक लोड होने के बाद नो एंट्री की वजह से कुछ समय पहले तक ट्रक रोड किनारे खड़ा होते थे तो ट्रैफिक पुलिस उनका चालान कर देती थी। जब से रेलवे ने दूसरी साइट डेवलप की है, तब से वाहनों के खड़े होने की जगह कम पड़ने लगी है। महानगर अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि रेलवे की रैक को खाली करने का निश्चित समय होता है। जाम की स्थिति को देखकर रेलवे पुलिस ने साइट पर वाहनों का खड़ा करना प्रतिबंधित कर रखा है। जिसके चलते ट्रक समेत अन्य वाहन काफी समय से चनहेटी के कांधरपुर स्थित रोड पर खड़े होने लगे हैं। ट्रकों को ट्रैफिक पुलिस चालान कर रही है।

एसपी ट्रैफिक से मांग करते हुए कहा कि वाहन पार्किंग की व्यवस्था कराई जाए या फिर रेलवे की एक साइट बंद कराई जाए, ताकि पूर्व की तरह गाड़ियां अंदर ही खड़ी हो सकें। कहा कि अगर समस्या का निदान नहीं हुआ तो ट्रक मालिकों को आंदोलन करना पड़ेगा। एसपी ट्रैफिक ने यातायात निरीक्षक को व्यापारियों के साथ मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। आशु अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, शिवा कक्कड़, पंकज कक्कड़, संजय गोयल, संजीव गुप्ता, अमित मिश्रा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# बंदरों की मौत की वजह खोज नहीं पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस के अनुसार नशीली चीज खाकर ऊंचाई से गिरे होंगे बंदर
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार चोट लगने से हुई बंदरों की मौत

**अमृत विचार** : किला की चावल मंडी में बंदरों की मौत कैसे हुई, इसका पुलिस अब तक पता नहीं लगा सकी है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बंदरों की मौत चोट लगने के कारण बताई गई है। जिस स्थान पर बंदरों के शव मिले हैं, वहां पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी लेकिन कोई अहम सुराग नहीं मिला, जिससे पता लग सके कि बंदरों की हत्या हुई या उनकी मौत किसी अन्य वजह से हुई। चावल मंडी में 11, 12 और 13 जून को 11 बंदरों के शव मिले थे। सभी बंदरों के चोटें थीं। धीरज पाठक ने बंदरों की हत्या की आशंका जताते हुए किला थाने में अज्ञात के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद बंदरों के शवों को पोस्टमार्टम आईवीआरआई में कराया गया, तब स्पष्ट हुआ कि बंदरों की मौत चोट लगने के कारण हुई है।

### पुलिस मान रही संघर्ष में गई बंदरों की जान

सीओ द्वितीय अजय कुमार ने बताया कि बंदरों के शव जहां मिले, उस स्थान और आसपास के सीसीटीवी कैमरे देखे गए हैं, लेकिन कोई ऐसा व्यक्ति नहीं दिखा जो संदिग्ध हो या बंदरों के शव फेंक रहा हो। अनुमान लगाया जाता है कि अधिक गर्मी के कारण पानी और खाना न मिलने के कारण बंदर हिंसक हो गए होंगे और आपसी झड़प में उनकी जान चली गई। उन्होंने 14 जून को कई स्थानों पर पानी और खाने को कुछ रखवा दिया था। इसके बाद से बंदरों की मौत का सिलसिला बंद हो गया।

## मीरगंज की दो प्रमुख सड़कों का होगा चौड़ीकरण

**मीरगंज, अमृत विचार:** तहसील रोड से कपूरपुर गांव जाने वाली रोड का चौड़ीकरण होगा। पीडब्ल्यूडी रोड को 5.30 मीटर चौड़ी करने का प्रस्ताव तैयार कर रही है। चौड़ीकरण के लिए रोड किनारे खड़े पेड़ों और बिजली के खंभों को स्थानांतरित किया जाएगा। वन विभाग पिछले दिनों सर्वे कर चुकी है। पीडब्ल्यूडी मीरगंज के सिरौली चौराहा से सीएचसी तक के 900 मीटर हिस्से का चौड़ीकरण कर चुका है। अब सीएचसी से आगे के 7.1 किमी हिस्से की रोड को 3.75 मीटर से बढ़ा कर 5.30 मीटर करेगी। पीडब्लूडी का पत्र मिलने पर वन विभाग रोड के चौड़ीकरण में आ रहे पेड़ों का दिनों सर्वे कर चुका है।

# बारिश होते ही कीचड़ से पटी सड़क, लोग परेशान

संवाददाता, भदपुरा

**अमृत विचार:** क्योलड़िया बिजासन मार्ग लोक निर्माण विभाग की लापरवाही की वजह से कई साल से सड़क टूटी पड़ी हुई है। जिसके कारण गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से रास्ता बंद हो जाता है।

यह सड़क कस्बे की मुख्य सड़क है, इसी के दोनों ओर 80 प्रतिशत व्यापारियों की दुकान हैं। इसी बाजार से कई गांवों के लोग जरूरत की चीजें खरीदने आते है। हर बार बारिश में यह सड़क कीचड़ से पट जाती है। लोगों को हो रही परेशानी के बाद भी इसकी अधिकारियों ने सुध नहीं ली। व्यापारियों और किसानों ने कई बार इस सड़क की मरम्मत की मांग की, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। सावन में इसी रोड से कांवड़ियों के जत्थे गुजरेंगे। इस सड़क से जवेदा जवेदी, परशुरामपुर, भौआ बाजार महमूदापुर, बिजासन, रुकुमपुर आदि गांवों के लोग आते-जाते है।



सड़क पर फैली कीचड़।

## सार-संक्षेप

### सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ संपन्न

**आंवला, अमृत विचार** : बदायूं रोड स्थित सिद्ध मढ़ी स्थल पर सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पं. सचिन शर्मा के नेतृत्व में 11 जून को एक कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आरंभ हुआ था। मंगलवार को पूर्ण आहूति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख वेदप्रकाश यादव, रामनिवास मौर्य, सुरेश गंगवार, समेत भारी तादात में लोग मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद के आवास पर पहुंचे मंत्री



**बरेली, अमृत विचार** : कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद और केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा मंगलवार को कांधरपुर स्थित पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप के आवास पहुंचे। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन झूठ फैला रहा है। हमारे कार्यकर्ता लगातार काम करते रहे जिस तरह से 2017 में सरकार बनाई थी, वैसे ही 2027 में सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने जिस तरह का काम ओबीसी समाज के लिए किया है, उतना 60 सालों में नहीं हुआ। जनता में अखिलेश ने झूठ का भ्रम फैलाया। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा सपा-बसपा-कांग्रेस केवल पिछड़े वर्ग को धोखा देती रही है। ऐसे दलों से कश्यप निषादों को सावधान रहने की जरूरत है। संजय निषाद ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप को राम लक्ष्मण की जोड़ी बताया।

### ग्रामीण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं

**शेरगढ़, अमृत विचार** : सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्षेत्र के बरीपुरा नगरिया कलां, गनूनगला, रहपुरा घनश्याम, ब्योंधा में ग्राम चौपाल लगाई गई। जिसमें मंडलाध्यक्ष नंदराम राजपूत ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ उठाने का आवाह्न किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोगी की भूमिका निभाने की अपील की। वीरपाल सिंह ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रधान उग्रसेन राठौर, आकांक्षा गुप्ता, चंद्रपाल गंगवार, ग्रीस पाल, नवनीत मौर्य, चौधरी राजपाल सिंह, कुलदीप सिंह, प्रदीप सिंह, बलवंत सिंह, संदेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### लेखपालों के भवन का हुआ उद्घाटन

**आंवला, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की ओर से तहसील मुख्यालय में कार्यक्रम हुआ। जिसमें नगर पालिका परिषद की ओर से बनवाए गए लेखपालों के लिए हॉल का उद्घाटन हुआ। दरअसल तहसील के सामने स्टॉफ को रहने के लिए आवास बने हैं। एक आवास में नगर पालिका परिषद की ओर से लेखपालों को बैठने के लिए हॉल बनवाया गया है। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पूजा-अर्चना की और सुंदर कांड पाठ के बाद नव निर्मित हॉल का उदघाटन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने लेखपालों के कार्यों में आने वाली समस्याएं, नई तकनीक के प्रयोग से कार्यों में बदलाव आदि के वारे में विस्तार से जानकारी दी। एसडीएम आंवला एन राम ने बताया कि वह लेखपालों को बनाए गए हॉल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में सहायता करेंगें। चेयरमैन आंवला सय्यद आबिद अली ने कहा कि हॉल में और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। ताकि लेखपालों को कार्य करने में और बेहतर अनुभूति हो। लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि लेखपाल को कार्य के संबंध में गांव से लेकर कस्बों में हर व्यक्ति के घर जाना होता है। इस दौरान राजस्व निरीक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री संजीव सिंह चौहान, लेखपाल संघ के खण्ड मंत्री भूषित सक्सेना, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र गंगवार, जिलामंत्री सन्देश यादव, तहसील अध्यक्ष प्रवेन्द्र सिंह, तहसील मंत्री पंकज सक्सेना, अखिलेश भदौरिया, तेजपाल गंगवार, पिंकी सक्सेना, राहुल कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### जेपीएन कॉलेज की प्रबंध समिति की वैधता पर आपत्ति

**नवाबगंज, अमृत विचार** : आरएसएस के पूर्व प्रचारक सचिन रस्तोगी ने जेपीएन इंटर कॉलेज की नवगठित प्रबन्ध समिति को अवैध ठहराते हुए इसकी जांच की मांग जिलाधिकारी से की है। पूर्व प्रचारक का आरोप है कि उच्च न्यायालय की ओर से कालेज के सदस्यों के वित्तीय व वोटिंग के अधिकार सीज कर दिए जाने के बावजूद भी प्रबंधक रविन्द्र सिंह राठौर ने अवैध तरीके से प्रबन्ध समिति का गठन कर लिया। आरोप है हाईकोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए प्रबन्धक ने कई लाख रुपये निकाल कर गोलमाल कर लिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इसकी जांच राजकीय हाईस्कूल बीजामऊ के प्रधानाचार्य को सौंपी है।

# बच्चों को सही तालीम दिलाएं और गुमराह होने से बचाएं



उर्स-ए-खालिद मिल्लत में शामिल होने आए अकीदतमंद। ● अमृत विचार

- उलमा ने उर्स-ए- खालिद मिल्लत के मंच से मुसलमानों से की अपील

**बरेली, अमृत विचार** : उर्स-ए-खालिद मिल्लत में मंगलवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। उर्स के मंच से उलमा ने मुसलमानों से कहा कि बच्चों को सही तालीम दिलाएं और उन्हें गुमराह होने से बचाएं।

मदरसा मजहरे इस्लाम में उर्स के दूसरे दिन की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। उर्स में बड़ी संख्या में जायरीन शामिल हुए। मदरसे से लेकर दरगाह आला हजरत, दरगाह खालीद ए मिल्लत तक रौनक छाई रही। उर्स का आगाज तिलावते कुरान पाक से हुआ। उलमा ने उर्स में शिरकत करने आए जायरीन को पैगाम दिया कि अपने बच्चों को सही तालीम दिलाएं। अपने ईमान की हिफाजत करें, बुजुर्गों का पैगाम याद रखते हुए उनके बताए रास्ते पर चलें। कारी सकावत ने कहा कि खालिद ए मिल्लत भी हमेशा अपने मुरीदों को आला हजरत के बताए रास्ते पर चलने की नसीहत करते थे। दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर खालिद-ए- मिल्लत ( खालिद मियां ) के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। सैफी मियां ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। अनस रजा खां, सैफी मियां, सय्यद शोएब मियां, सैयद राशिद अली, मोहताशिम रजा, रिजवान मियां, मोअज्जम रजा, कारी अबरार नूरी, मुफ्ती उबैदुर रहमान, मुफ्ती सगीर अहमद, मुफ्ती जाकिर नूरी, मौलाना तौसीफ नूरानी, मौलाना इमरान, मौलाना कमर रजा, सय्यद राजा अली, सय्यद फाजिल, आरिश रजा, हस्सान रजा मौजूद रहे। उर्स के मौके लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें तीन लोगों को उमराह का टिकट और 5 लोग को अजमेर शरीफ जाने का टिकट दिया गया।

### हैंडपंप खराब होने से पेयजल की दिक्कत

**शीशगढ़, अमृत विचार** : इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के बीच जगह-जगह लगी हैंडपंप खराब होने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। ग्राम जाफरपुर में रोड के किनारे सरकारी गल्ले की दुकान के पास लगा हैंडपंप लंबे समय से खराब है। यहां आने वाले ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। शीशगढ़ कस्बे में ही 20 से ज्यादा हैंडपंप खराब पड़े है, जिनकी कोई सुध नहीं लेने वाला है। ग्राम कुतुबपुर में चार हैंडपंप खराब पड़े हैं। एक हैंडपंप को पिछले सप्ताह सही करने आए मिस्त्री ने खुला ही छोड़ दिया। कुतुबपुर निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य झाझन लाल गंगवार ने बताया कि उन्होंने मंदिर पर लगे हैंडपंप को सही कराने के लिए मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत की थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रवि कुमार सागर व उसकी पत्नी गीता देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **शारदा देवी पत्नी जगदीश लाल नि. शराब भट्टी के पीछे किशोर बाजार, बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।






असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# भू-राजनीतिक तनावों के बीच

कनाडा में जी-7 की बैठक ऐसे वक्त में हो रही है, जब पूरी दुनिया में युद्ध की हलचल मची है। चाहे वो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध हो या ईरान और इजरायल की लड़ाई। जी-7 दुनिया की सात उन्नत अर्थव्यवस्थाओं- फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली और कनाडा तथा यूरोपीय संघ का एक अनौपचारिक समूह है। इसके सदस्य वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए हर साल जी-7 शिखर सम्मेलन में मिलते हैं। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है। भारत लगातार छठी बार एक अतिथि देश के रूप में जी-7 में भाग ले रहा है, जो मौजूदा समय में विश्व मंच पर भारत के महत्व को रेखांकित करता है। कनाडा पहुंचने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं भी तय कर दी। उन्होंने कहा वे ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर भी जोर देंगे। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पीएम मोदी ने इससे पहले साइप्रस में कहा था कि ये युग युद्ध का नहीं है। विशेषज्ञों के मुताबिक ग्लोबल साउथ में भारत व अन्य देशों की बढ़ती भूमिका व कई धुरियों में बंटी वैश्विक परिस्थितियों ने जी-7 की अहमियत को कम कर दिया है। जी-7 का प्रभाव घट रहा है। भारत को ग्लोबल साउथ की प्रमुख आवाज माना जाता है। विकसित देशों को लग गया है कि भारत के बिना चलने वाला नहीं है।

भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश है और अब तो चौथी बड़ी इकोनॉमी हो चुकी है। ऐसे में भारत को साथ लाना बहुत जरूरी है। भारत जैसे देशों को जी-7 में शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भारत को आउटरीच अतिथि देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। कार्नी द्वारा दिया गया आमंत्रण नई सरकार की भारत के साथ संबंधों को सुधारने की मंशा का संकेत है जो खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद सबसे खराब स्थिति में पहुंच गए थे। सम्मेलन भारत के लिए अपनी प्राथमिकताओं को वैश्विक मंच पर पेश करने का अवसर भी है। भू-राजनीतिक तनावों के बीच प्रधानमंत्री मोदी की कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी द्विपक्षीय बैठकों से कूटनीतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। भारत की जी-20 अध्यक्षता के बाद, जी-7 में उसकी सक्रिय भागीदारी वैश्विक नेतृत्व में भारत की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।

# जनगणना 1951 से 2025 तक, पहले कौन देगा जानकारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं।

देश में जनगणना शुरू होने वाली है। केन्द्र सरकार ने भारत की जनगणना कराने संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया दो चरण में होगी, जिसका पहला चरण एक अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जाएगा, जबकि दूसरा और अंतिम चरण एक मार्च 2027 तक पूरा होगा। परंपरा रही है कि जनगणना का काम देश के राष्ट्रपति से शुरू होता है। सबसे पहले जनगणना के कार्य में लगे कर्मी राष्ट्रपति भवन जाकर राष्ट्रपति से उनके बारे में जानकारियां एकत्र करते हैं। आजाद भारत की पहली जनगणना का श्रीगणेश 20 फरवरी 1951 से शुरू हुआ। उस दिन भारत के राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से सारी जानकारियां भारत के जनगणना उपायुक्त रामेश्वर दयाल ने राष्ट्रपति भवन में जाकर हासिल की। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने अपनी उम्र 66 वर्ष, पेशा "राष्ट्रपति" बताया और बताया था कि कि उन्हें हिंदी के अलावा अंग्रेजी और बांग्ला भाषाएं आती हैं। उनके बाद उनकी पत्नी श्रीमती राजवंशी देवी से जानकारी ली गई थीं।

दरअसल भारत जैसे विशाल देश में जनगणना कराना सच में बहुत बड़ी चुनौती रही है। देश के आजाद होने के बाद इंडियन सिविल सेवा (आईसीएस) के मद्रास कैडर के तेज-तर्रार अफसर आर.ए. गोपालस्वामी के नेतृत्व में पहली बार 1951 में जनगणना करवाई गई थी, जो 1872 से हर दस साल में होने वाली नौवीं जनगणना थी। यह जनगणना 1948 के जनगणना अधिनियम के तहत हुई, जिसने भारत में जनगणना की प्रक्रिया को औपचारिक और कानूनी रूप दिया। गोपालस्वामी ने डब्ल्यू. डब्ल्यू.एम. येट्स की जगह ली, जिन्हें 1951 की जनगणना के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन 1948 में उनकी मृत्यु हो गई थी। सरकार ने गोपालस्वामी को 1949 में स्वतंत्र भारत का पहला जनगणना आयुक्त कर दिया था। वे भारतीय सिविल सेवा के 1927 बैच के अफसर थे। कुछ सालों तक मौजूदा तमिलनाडु में अहम पदों पर रहने के बाद वे 1940 में नई दिल्ली आ गए थे। यहां वे कृषि विभाग में भी रहे। गोपालस्वामी के मार्गदर्शन में 1951 की जनगणना में उम्र, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, शिक्षा और पेशे जैसे सामाजिक और आर्थिक आंकड़े जुटाए गए। जनगणना के अनुसार भारत की आबादी 36.10 करोड़ थी, जिसमें पुरुष-महिला अनुपात 1000:946 था। साक्षरता दर 18 प्रतिशत थी और औसत आयु 32 साल थी। इसके अलावा, विभाजन के कारण हुए विस्थापन का भी डेटा दर्ज किया गया, जिसमें 72.26 लाख मुस्लिम पाकिस्तान गए और 72.49 लाख हिंदू और सिख भारत आए। इस डेटा ने आजाद भारत की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समझने की नींव रखी।

> यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है।

बेशक, 1951 की जनगणना, जिसे 'स्वतंत्रता जनगणना' भी कहा जाता है, आजादी के बाद भारत के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव थी। गोपालस्वामी ने गणना को लोकतांत्रिक तरीके से कराने में अहम भूमिका निभाई, ताकि यह पूरे देश में व्यवस्थित ढंग से हो सके। दरअसल 1951 की जनगणना में कई चुनौतियां थीं, जैसे कम साक्षरता दर (केवल 18 प्रतिशत) और देश की विशालता और विविधता के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं। गोपालस्वामी ने इन बाधाओं के बावजूद व्यवस्थित तरीके से जनगणना सुनिश्चित की। जम्मू-कश्मीर में अस्थिरता के कारण वहां 1951 में जनगणना नहीं हो सकी और वहां की आबादी का अनुमान 1941 की जनगणनाओं के आधार पर लगाया गया। उनकी नेतृत्व क्षमता ने डेटा की विश्वसनीयता बनाए रखी।

आप जानते हैं कि 1951 की जनगणना का डेटा भारत के पहले पंचवर्षीय योजना (1951-1956) के लिए आधार बना। इसने आर्थिक विकास, शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए नीतियां बनाने में मदद की। कम साक्षरता और आयु जैसे मुद्दों को उजागर कर यह लक्षित हस्तक्षेपों का आधार बना। गोपालस्वामी ने जनगणना को साक्ष्य-आधारित शासन का महत्वपूर्ण साधन बनाया, जो आज भी भारत की नीति निर्माण को प्रभावित करता है। 1951 की जनगणना भारत के सांख्यिकीय इतिहास में एक मील का पत्थर है, जिसने आजादी के शुरुआती दौर में देश की जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की महत्वपूर्ण जानकारी दी। गोपालस्वामी 1949-1953 तक देश के जनगणना आयुक्त रहने के बाद वापस मद्रास चले गए थे। वे केंद्र सरकार के सेवा से 1963 में रिटायर हो गए थे। यहां पर भारत के पहले जनगणना आयुक्त डब्ल्यूसी प्लौडेन की चर्चा करना भी जरूरी है। उन्होंने 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत भारत की पहली जनगणना आयोजित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1881 की जनगणना को भारत में पहली व्यवस्थित और व्यापक जनगणना माना जाता है, और इसकी देखरेख डब्ल्यूसी प्लौडेन ने की। बता दें कि 1881 की जनगणना पूरे भारत में एक ही समय (17 फरवरी, 1881) को आयोजित की गई थी। यह पहली बार था जब भारत में एक निश्चित तिथि पर सभी क्षेत्रों में एक साथ जनगणना की गई। बहरहाल, इस बार की जनगणना में देश जानने को उत्सुक है कि पिछली 2011 जनगणना के बाद पारसी, बौद्ध, यहूदी आदि की आबादी कितनी बढ़ी। इन समूहों की संख्या और स्थिति का पता लगाना सामाजिक समावेशन, नीति निर्माण और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। ये सब भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के अभिन्न अंग हैं। पारसी, जो मूल रूप से फारस (आधुनिक ईरान) से भारत आए, की 2011 की जनगणना के अनुसार, आबादी 57,264 थी, जो उनकी घटती जनसंख्या को दर्शाता है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना उनके सांस्कृतिक संरक्षण के लिए आवश्यक है।

2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 84 लाख बौद्ध थे, जो कुल जनसंख्या का 0.7 प्रतिशत थे। हालांकि, कुछ बौद्ध विद्वानों का दावा है कि उनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है, क्योंकि कई दलित बौद्धों को जनगणना में हिंदू के रूप में दर्ज किया जाता है। बौद्ध समुदाय मुख्य रूप से महाराष्ट्र, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में केंद्रित है। जनगणना के माध्यम से उनकी सटीक संख्या और भौगोलिक वितरण का पता लगाना उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को समझने और उनके लिए उपयुक्त नीतियां बनाने में मदद करता है।

भारत में यहूदी समुदाय की संख्या बहुत कम है, 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 5,000। ये मुख्य रूप से मिजोरम, मणिपुर (बेने मेनाशे) और आंध्र प्रदेश में रहते हैं। यहूदी समुदाय की उपस्थिति भारत की धार्मिक सहिष्णुता का प्रतीक है। दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि देश में छोटे समूहों के हकों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। ये भी देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। बता दें कि दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने ही सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। हाल ही में इसने सोनीपत में इसने सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल भी खोला है। वे राजघाट और शांतिवन में होने वाली सर्वधर्म सभाओं में दशकों से भाग ले रहे हैं। बेशक, छोटे धार्मिक समूहों की जनसंख्या का आकलन सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने और उनके लिए विशिष्ट नीतियां बनाने में सहायक होगा। किसी भी देश के लिए जनगणना बेहद होती है। उम्मीद करनी चाहिए कि इसमें सारे देशवासी भाग लेंगे और सही जानकारी देंगे।

## प्रसंगवश

# ताकि घृणास्पद भाषण पर लगाया जा सके अंकुश

**दिवस विशेष**



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

हेट स्पीच या यूं कहें कि घृणास्पद भाषण किसी व्यक्ति, समुदाय और देश को नुकसान पहुंचाते हैं, क्योंकि हेट स्पीच किसी भी देश के सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे, शांति को भंग करने का काम करती है। यह बहुत ही दुखद है कि आज हमारे समाज में ऐसे कई लोग मौजूद हैं, जिनके खिलाफ नफरत फ़ैलाने वाले भाषण के मामले दर्ज हैं। वास्तव में, नफरती भाषण (हेट स्पीच) समाज में हिंसा, भेदभाव की भावना पैदा करते हैं तथा असहिष्णुता को उकसाते हैं और इस प्रकार के भाषणों से समाज और देश को बहुत नुकसान पहुंचता है।

यह ठीक है कि सोशल मीडिया आज के समय में अभिव्यक्ति का एक बड़ा और शानदार माध्यम है, लेकिन यह बहुत ही अफसोसजनक है कि सोशल मीडिया आज धमकियों का प्लेटफार्म बन चुका है। वास्तव में, सोशल मीडिया पर आज किसी को भी ट्रोल करना, किसी व्यक्ति विशेष पर ऊल-जलूल और अभद्र टिप्पणियां करना, धमकियां देना, जो भी मन में आए वह कंटेंट डाल देना जैसी बातें आम हो चली हैं। सच तो यह है कि आज सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से लोगों में सहानुभूति की कमी, साइबर बुलिंग (बिना किसी डर के दूसरों को निशाना बनाना) और व्यक्तिगत जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग अब अपनी निजता का सम्मान नहीं करते हैं और दूसरों की भावनाओं की बिल्कुल भी परवाह नहीं करते हैं कि वे एक सार्वजनिक स्टेज (मंच) पर क्या कह रहे हैं और वास्तव में उन्हें क्या कहना चाहिए और क्या नहीं कहना चाहिए तथा इसका समाज और देश पर क्या और किस कदर प्रभाव पड़ सकता है? वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया पर हम दूसरों के प्रति सम्मान और सहानुभूति दिखाएं, और उनके विचारों का सम्मान करें। सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं, जानकारी को शेयर ना करें और सोशल मीडिया पर अपने समय को सीमित करते हुए हम व्यक्तिगत जीवन को प्राथमिकता दें।

हेट स्पीच दूसरों की भावनाओं को आहत करती है। वास्तव में इस दुनिया को आज नफरत की नहीं अपितु प्यार की जरूरत है। नफरती टिप्पणियां उकसातीं हैं, लेकिन आज हेट स्पीच जैसे एक फैशन सा हो चला है, यह हमारे लोकतंत्र पर एक आघात है। बहरहाल, भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट में घृणास्पद भाषण को मुख्य रूप से नस्ल, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों के एक समूह के खिलाफ नफरत को उकसाने वाला बताया गया है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि हेट स्पीच किसी भी समाज और देश पर व्यापक हानिकारक प्रभाव छोड़ती है। बहरहाल, आज हर कहीं पर घृणास्पद भाषणों (हेट स्पीच) का बोलबाला हो गया है, इसलिए जरूरत इस बात की है ऐसे घृणास्पद भाषणों पर रोक लगाई जाए। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज जरूरत इस बात की है हमारा समाज, हमारी देश, सामाजिक संगठन और सरकारें हेट स्पीच का मुकाबला करने के लिए कृत संकल्पित होकर आगे आए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार घृणास्पद भाषण, 'किसी भी प्रकार का संचार है जो किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ भेदभाव, शत्रुता या हिंसा को उकसाता है, लक्षित करता है, या उसका समर्थन करता है।' यह भाषण/स्पीच नस्ल, धर्म, लिंग, यौन अभिविन्यास, राष्ट्रीयता या किसी अन्य पहचान के आधार पर हो सकता है। हमारे देश के संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार के रूप में गारंटी दी गई है, लेकिन यह अधिकार निरपेक्ष नहीं है और, यदि हम यहां पर भारत में हेट स्पीच की कानूनी स्थिति की बात करें तो भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(2) संविधान में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंध लगाने का प्रावधान करता है। डिजिटल या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रभाव लंबे समय तक रहता है, इसलिए इसका विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना आज की महत्ती आवश्यकता है। हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण/घृणास्पद भाषण/नफरती भाषण) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 18 जून को मनाया जाता है।

# राज्यों में होगा परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का विस्तार



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी।

भारत की जिस तेजी से आबादी और अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, उसके प्रबंधन और सुचारू सुविधा के लिए शहरीकरण के साथ ऊर्जा की उपलब्धता आवश्यक है। इसी नजरिये से परमाणु ऊर्जा का उत्सर्जन बढ़ाने की दिशा में तेजी से प्रगति के उपाय शुरू हो गए हैं। भीषण गर्मी के चलते इस साल बिजली की मांग 2.41 लाख मेगावाट के चरम पर पहुंच चुकी है। ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल का दावा है कि वर्तमान समय में देश में बिजली की आपूर्ति और मांग के बीच महज 0.1 प्रतिशत का अंतर है। जबकि 12 साल पहले 2013 में आपूर्ति की तुलना में मांग 4.2 प्रतिशत अधिक रहती थी। किसी विशेष स्थिति में यह मांग 2.70 लाख मेगावाट भी हो जाती है। ऐसे में विद्युत की कमी पूरी हो और ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी न हो, इस मकसद पूर्ति के लिए परमाणु ऊर्जा उपयुक्त मानी जाती है। एक बार यदि कोई परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाता है तो लंबे समय तक ऊर्जा की आपूर्ति बनी रहती है।

केंद्र सरकार अब देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दृष्टि से ज्यादातर राज्यों में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगी। ये संयंत्र केवल उन राज्यों में नहीं लगाए जाएंगे, जो भूकंप प्रभावित राज्य हैं। ऐसा इसलिए जरूरी है, क्योंकि भविष्य में जब कार्बन उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए ताप बिजली संयंत्रों पर निर्भरता खत्म की जाए तो परमाणु ऊर्जा जैसे विश्वसनीय व पर्यावरण को न्यूनतम हानि पहुंचाने वाले ऊर्जा स्रोतों को विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयोग में लाया जा सके। सरकार ने इस साल के आम बजट में वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8000 मेगावाट से बढ़ाकर एक लाख मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश में अनेक छोटे-छोटे परमाणु ऊर्जा रिएक्टर आधारित संयंत्र लगाए जाने की तैयारी में केंद्र सरकार हैं।

ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल ने कहा है कि 'वर्ष 2037 के बाद ताप विद्युत बिजली उत्पादन संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे।' यह वर्ष 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है। इस बदली स्थिति में जिन राज्यों में ताप बिजली संयंत्र बंद किए जाएंगे, वहां परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से बिजली का उत्पादन होगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी इन संयंत्रों के लगाने का दायित्व सौंपा जाएगा। जम्मू-कश्मीर, गुजरात का कुछ भू-भाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में भूकंप की संभावना हमेशा ही बनी रहती है। इसलिए इन क्षेत्रों में ये संयंत्र नहीं लगाए जाएंगे। भारत के अभी महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान और उप्र में ही परमाणु ऊर्जा संयंत्र बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। इनकी संयुक्त बिजली उत्पादन क्षमता 8000 मेगावाट से कुछ कम हैं। जबकि सरकार द्वारा 12,000 मेगावाट क्षमता की बिजली उत्पादन की मंजूरी इन संयंत्रों को मिली हुई है। हालांकि भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी हाल ही में दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। बिजली मंत्री ने यह भी बताया कि फिलहाल देश में बिजली उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता 4.72 लाख मेगावाट हैं, जिसमें 2.40 लाख मेगावाट कोयला आधारित ताप विद्युत है। वहीं 2.22 लाख मेगावाट उत्पादन क्षमता नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से है। दिसंबर 2025 तक इस नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन 2.50 लाख मेगावाट हो जाने की उम्मीद है, इस लक्ष्य की पूर्ति हो जाने पर भारत उन देशों में शामिल हो जाएगा, जिनमें ताप संयंत्रों से ज्यादा बिजली का उत्पादन नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों से होता है।

ताप विद्युत परियोजनाओं में कोयला जलाया जाता है। इस कारण बड़ी मात्रा में वायु प्रदूषित होती है। जो अनेक बीमारियों का कारण बनती है। जबकि परमाणु ऊर्जा से पैदा बिजली कार्बन मुक्त होने के साथ सस्ती भी होती है। भारत में कुल ऊर्जा के उत्पादन में 80 प्रतिशत बिजली केवल जीवाश्म ईंधन के रूप में कोयला को ताप विद्युत घरों में जलाने से प्राप्त होती है। पहली बार है जब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में सरकार निजी कंपनियों से पूंजी निवेश की मांग कर रही है। फिलहाल भारत में परमाणु ऊर्जा कुल बिजली उत्पादन की तुलना में महज दो प्रतिशत भी नहीं है। यदि यह निवेश बढ़ता है तो 2030 तक अपनी स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन के उपयोग से प्राप्त लक्ष्य को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

## सोशल फोरम

# घूरना व निहारना



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

देखना, ताकना, घूरना, निहारना। ये सब जो हैं खतरे का सबब हैं। देखना से ताकना थोड़ा ज्यादा और निहारना सबसे ज्यादा खतरनाक गतिविधि है। देखना, क्षणिक अचानक। इसमें प्रायः दूरगामी इरादे शामिल होते नहीं। इसे अन्यथा नहीं लिया जाता। ताकने को हमारे यहां छिछोरापन कहा जाता है। छिछोरापन पीटे जाने का निमंत्रण है। छिछोरे पीटे जाते है और आमतौर पर छिछोरों द्वारा ही पीटे जाते हैं। निहारने में श्रद्धा का पुट, आरती उतारने और बलिहारी जाने जैसा भाव। और जो बलिहारी जाता है उसकी बलि चढ़ती ही है।

देखने को निहारना माना जाए या ताकने मे गिना जाए ये सामने वाले के मूड पर निर्भर करता है। मुमकिन है जिसे आपने देखा भर वो उसे वो निहारना मान ले। निहार रहे हों वो उसे ताकना गिन ले। अब ये उसके उपर कि वो उसका बुरा माने या अच्छा माने। बुरा मानने में आप के साथ बुरा हो सकता है। तत्काल मौके पर ही ठोके जा सकते हैं आप। पर अच्छा मानने में भी अच्छा हो ये बात ठोक बजा कर नहीं कही जा सकती।

अच्छा मानने में राजी हो जाने की संभावनाएं। अच्छा मानने वाले साथ हो लेते हैं। ये अच्छा हो तो अच्छी बात। पर ये इतना बुरा भी हो सकता है कि आप फिर ज़िंदगी भर इसका सोग मनाए कि ये उस निहारने को ताकना मान लेती। बुरा मान जाती तो सौदा सस्ते में निपट जाता।

सो देखें। पर ऐसे कि सामने वाले को ताकना न लगे। ताकना लग भी जाए तो निहारना हरगिज न लगे। जिसे आपका निहारना पसंद आ जाए वो चाहती है आप उसे निरंतर निहारे। समय चाहिए होता है निहारने के लिए। निहारना जिम्मेदारी है। ज़िम्मेदारी उठाने के लिए पैसा कमाना पड़ता है। पैसे कमाने के लिए नब्बे घंटे काम करना पड़ सकता है। नब्बे घंटे काम करने के बाद आप निहारने लायक़ नहीं बचते। नब्बे घंटे काम करने का माद्दा बस कोल्हू के बैल में। कोल्हू के बैल की आंखों पर पट्टी बाधीं जाती है ताकि वो किसी को निहार न सके। यदि आप बैल नहीं होना चाहते। आदमी बने रहना चाहते हैं तो देखने या ताकने से काम चलाएं। निहारने से बचे वक्त में काम करें। इसमें आपका तात्कालिक नुकसान भले हो पर आपके दीर्घकालिक हित इसी में हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अर्थशास्त्र की विखंडन-यात्रा



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ।

आजादी के पहले तक प्रायः भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र एक ही छत के नीचे पढ़ाए जाते थे और राजनीतिक अर्थशास्त्र की बहुत प्रतिष्ठा थी। अर्थशास्त्र के इतिहास की भी। लेकिन आजादी के बाद इसमें बहुत संरचनात्मक परिवर्तन हुए। स्वतंत्र भारत के शैक्षणिक ढांचे में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण हुआ और यह मात्र पाठ्यक्रमीय पुनर्संयोजन नहीं था, बल्कि वह एक गहरे राजनीतिक-वैचारिक चिंतन की अनुपस्थिति और नियंत्रण की आकांक्षा का प्रतीक था। विशेष रूप से राजनीतिक अर्थशास्त्र, जो राज्य, शक्ति, वर्ग, उत्पादन और सामाजिक संबंधों के अंतर्विरोधों की पड़ताल करता है, उसे योजनाबद्ध ढंग से शैक्षणिक मुख्यधारा से बाहर कर दिया गया।

लेख का उद्देश्य यह समझना है कि क्यों राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक माना गया, क्यों अधिकांश भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र को कृत्रिम रूप से अलग कर दिया गया, क्यों दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को आंशिक अपवाद स्वरूप यह परंपरा सीमित रूप में जीवित रखने दी गई, और क्यों मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स तथा इकोनोमेट्रिक्स जैसे उपविषय, समाज की आर्थिक समझ बढ़ाने में विफल होकर, मात्र अकादमिक खिलौने बनकर रह गए।

राजनीतिक अर्थशास्त्रः सत्ता और समाज का दर्पणः राजनीतिक अर्थशास्त्र वह अनुशासन था जो यह पूछता था कि नीति किसके पक्ष में बनाई जाती है, किसके संसाधनों का हस्तांतरण किसके लिए होता है और कौन-सी आर्थिक प्रक्रिया समाज के किन वर्गों को हाशिये पर डालती है। यह अनुशासन मार्क्स, स्मिथ, रिकार्डो, मिल और गांधी जैसे चिंतकों की परंपरा में सत्ता और मूल्य के बीच संबंध को केंद्र में रखता था।

किन्तु स्वतंत्र भारत में इस अनुशासन को तेजी से हाशिये पर डाल दिया गया। राजनीति और नैतिकता को अर्थशास्त्र से काटकर, उसे एक 'तथ्यात्मक और निरपेक्ष विज्ञान' के रूप में गढ़ा गया, जो 'राज्य की योजना' में सहयोगी तो हो, पर प्रश्नकर्ता नहीं। राजनीतिक अर्थशास्त्र के स्थान पर 'डाटा संचालित', 'मॉडल आधारित', 'सुधारात्मक' और 'सांख्यिकी-केंद्रित' अर्थशास्त्र का उदय हुआ- जिसमें सत्ता, वर्ग और दमन के लिए कोई स्थान नहीं बचा।

भारतीय संदर्भ में यथार्थ और सैद्धांतिक अर्थशास्त्र के बीच खाईः भारत का समाज एक असाधारण संरचना वाला समाज है-जाति, पितृसत्ता, श्रम-अवमूल्यन, कृषि-निरादर, धार्मिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएं यहां आर्थिक निर्णयों के गहरे कारक हैं। फिर भी भारतीय विश्वविद्यालयों में सैद्धांतिक अर्थशास्त्र, विशेष रूप से मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स, ने इन जटिलताओं से आंख चुरा ली।

इन विषयों ने ऐसी भाषा और विधियों का विकास किया जो आम सामाजिक यथार्थ से संवाद नहीं कर सकती थी। वे ऐसे समीकरणों में व्यस्त रहे जिनमें न किसान था, न दलित, न महिला, न लघु व्यापारी, न ही बेरोजगार युवा। नीति-निर्माण के लिए इनका योगदान शून्य नहीं तो नगण्य रहा।

इकोनोमेट्रिक्स, जो डेटा के 'सटीक' विश्लेषण का दावा करता है, अक्सर पूर्वग्रह से ग्रस्त मॉडल और अविश्वसनीय आंकड़ों पर टिका रहा। मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स, जो 'यथार्थ को अमूर्त संख्याओं' में व्यक्त करता है, उस यथार्थ को खो बैठा जिसे वह मॉडलित करने चला था। इस प्रकार, ये विषय वैचारिक उपकरण बनने के बजाय अकादमिक 'खिलौने' बनकर रह गए, जिन्हें कुछ विद्वान 'खेलने' के लिए तो उत्साहित रहते हैं, पर नीति-निर्माण या सामाजिक बदलाव के मोर्चे पर इनका कोई प्रभाव नहीं होता।

भारतीय विश्वविद्यालयों में अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र का पृथक्करण सत्ता के डर, नियंत्रण की आकांक्षा, और बौद्धिक स्वायत्तता के अभाव से उत्पन्न हुआ। राजनीतिक अर्थशास्त्र को असुविधाजनक इसलिए माना गया क्योंकि वह व्यवस्था से असुविधाजनक प्रश्न पूछता थाः विकास किसके लिए? नीति किसके विरुद्ध? योजना किनके श्रम से? इस वैचारिक निष्कासन ने न केवल सामाजिक-आर्थिक विश्लेषण को पंगु किया, बल्कि मैथेमेटिकल इकोनोमिक्स और इकोनोमेट्रिक्स जैसे विषयों को मूल्य-विहीन, मानव-विमुख, और समाज-विस्मृत 'खिलौनों' में बदल दिया। आज जब भारत असमानता, बेरोजगारी, किसान संकट, पर्यावरणीय आपातकाल और लोकतांत्रिक क्षरण से जूझ रहा है- तब आवश्यक है कि राजनीतिक अर्थशास्त्र को पुनः मुख्यधारा में लाया जाए। केवल वही अनुशासन है जो यह साहस कर सकता है कि अर्थव्यवस्था को सत्ता, श्रम, समाज और संघर्ष की समग्र परिप्रेक्ष्य में देखे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# अब प्रदेश की 57,691 ग्राम पंचायतों में होगा चुनाव

## पंचायती राज निदेशालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की संख्या भी घटी




**अमृत विचार:** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पंचायती राज निदेशालय ने मतदान में हिस्सा लेने वाले गांवों की तस्वीर साफ कर दी है। वर्ष 2021 के चुनाव में 58,194 ग्राम पंचायतें थीं, अगले साल होने वाले चुनाव में अब 57,691 ग्राम पंचायतों से ही मतदान होगा।

नगरीय इलाकों के विस्तार से 503 ग्राम प्रधान समेत ग्राम पंचायत सदस्य, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्य पदों की संख्या भी घट गई है। हालांकि ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष पदों की संख्या यथावत है। राज्य निर्वाचन आयोग ने अगले वर्ष 2026 में त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव कराने को लेकर पंचायती राज विभाग से ग्राम पंचायतों की परिसीमन रिपोर्ट मांगी थी। पिछले आम चुनाव वर्ष 2021 में 58,194 ग्राम पंचायतों से प्रधान, 7,31,813 ग्राम पंचायत सदस्य, 75,808 क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) और 3,051 जिला पंचायत सदस्य (महा प्रधान) चुने गए थे।

बाद में संबंधित ब्लाकों के बीडीसी ने 826 ब्लाक प्रमुख और महा प्रधानों ने अपने-अपने जिले के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया था। हालांकि इन दोनों पदों पर राज्य के सत्ताधारी दल ने विपक्ष को करारी मात दी थी। तब धन और बाहुबल से चुनाव प्रभावित करने को लेकर खूब आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियां बने थे। इसबार भी भाजपा से सपा की सीधी लड़ाई के आसार हैं। इसबार 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, 3200 जिला पंचायत सदस्य और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए चुनाव होने हैं।

### पुनरीक्षण की तैयारी

राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव-2026 के मद्देनजर निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के निर्देश दिए हैं। 78 पेज की पुस्तिका में राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने अधिकारियों के दायित्व, से लेकर अंतिम प्रकाशन और बीएलओ एप संचालित करने के दिशा-निर्देश दिए हैं।

### अप्रैल-मई में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदान व गणना वर्ष 2021 में अप्रैल-मई में पूरे किए थे। इसबार भी अगले वर्ष इन्ही तिथियों के आस-पास समय से चुनाव पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। पंचायती राज विभाग ने निर्देश दिए हैं कि वे तैयारियों को समयबद्ध पूरा करें, ताकि अप्रैल 2026 में मतदान प्रक्रिया संपन्न हो सके।

# बीएड प्रवेश परीक्षा : विज्ञान वर्ग में सूरज कुमार प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के 69 जिलों के 751 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित हुई थी परीक्षा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। मिर्जापुर के सूरज कुमार पटेल (विज्ञान वर्ग) ने 362.662 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद भदोही की शीबा परवीन (विज्ञान वर्ग) ने दूसरा स्थान और जनपद जौनपुर की शिवांगी यादव (कला वर्ग) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को परीक्षा सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसमें 3,44,546 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। कुल 3,04,980 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। शीर्ष 10 में 8 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। परीक्षा प्रदेश भर में 751 परीक्षा केंद्रों पर 1 जून को आयोजित की गई थी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की उपस्थिति में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पुस्तकालय भवन में उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2025 का परिणाम घोषित किया गया।

प्रदेश के 69 जिलों में 751 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 3,44,546 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें 1,96,700 महिलाएं और 1,47,846 पुरुष अभ्यर्थी शामिल थे। प्रथम पाली में 3,05,332 एवं द्वितीय पाली में 3,05,439 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। अमेठी और बलरामपुर जिलों में सर्वाधिक 93 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि बिजनौर में न्यूनतम 82 प्रतिशत उपस्थिति रही। परीक्षा में दोनों पालियों के ओएमआर उत्तर पत्रकों की डबल स्कैनिंग एवं इमेज स्कैनिंग कर मूल्यांकन किया गया। प्रवेश परीक्षा में कुल 3,04,980 अभ्यर्थियों को रैंक प्रदान की गई, जिसमें कला वर्ग के 1,95,142, विज्ञान वर्ग के 92,593, वाणिज्य वर्ग के 14,783 और कृषि वर्ग के 2,462 अभ्यर्थी शामिल हैं।

# पुलिस अभिरक्षा से भागा हत्या का आरोपी, मुठभेड़ में हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शादी के एक दिन पहले प्रेमी व प्रेमिका द्वारा युवक की हत्या का मामला

**अमृत विचार:** युवती द्वारा प्रेमी संग मिलकर मंगेतर की हत्या करने के मामले में पुलिस की छानबीन जारी है। सोमवार रात पुलिस अभिरक्षा में मुख्यारोपी प्रेमी सद्दाम को साक्ष्य जुटाने के लिए ले जाया जा रहा था, इसी दौरान आरोपी सद्दाम एक हेड कांस्टेबल की पिस्टल निकाल कर भाग गया।

कांबिंग के दौरान गंज थाना पुलिस से हुई मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे पुनः गिरफ्तार कर लिया है। गंज प्रभारी पवन कुमार शर्मा ने बताया कि गंज थाना क्षेत्र के घेर रहमत खां निवासी निहाल की हत्या के मामले में 16 जून को मुकदमा दर्ज हुआ था। हिरासत ने लेकर पुलिस वांछित आरोपी सद्दाम पुत्र साद हुसैन निवासी धनुपुरा थाना भोट जनपद रामपुर को अभियोग से संबंधित बरामदगी के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना गंज मय हमराह पुलिस बल द्वारा ले जाया गया।

केसरपुर पुलिया से अजयपुर जाने वाले रास्ते पर पहुंचकर आरोपी सद्दाम की निशानदेही पर एक मोबाईल फोन, मृतक निहाल का सिम व सद्दाम द्वारा घटना के समय पहने कपड़े बरामद किए गए। बरामदगी के दौरान आरोपी सद्दाम हेड कांस्टेबल गजेंद्र की पिस्टल छीनकर भाग गया। पुलिस बल द्वारा आस पास कॉम्बिंग की गयी तो आरोपी सद्दाम ने छीनी गई पिस्टल से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में आरोपी सद्दाम के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी सद्दाम को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मामले में कार्रवाई जारी है, युवती सहित 4 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत हुआ है। इसमें एक आरोपी फरमान को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी होगी।

## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: बी.के.एस./क्रय/2025-26/451 दिनांक: 17.06.2025

### ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित सामानों/कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपराहन 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपराहन् 2:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | नई कम्पलीट WK 1500/30° सेन्ट्रीफ्यूमल मशीन की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य। | 18.6.2025 | 25.6.2025 | 26.6.2025 | 26.6.2025 | 10,0000/- |
| 02. | 20 टन क्षमता के नये शुगर ग्रेडर की आपूर्ति व स्थापना कार्य। | 18.6.2025 | 25.6.2025 | 26.6.2025 | 26.6.2025 | 75,000/- |
| 03. | 150 एच.पी., 250 एचपी एवं 340 एचपी मोटर हेतु वीएफडी पैनल की आपूर्ति एवं स्थापना। | 18.6.2025 | 25.6.2025 | 26.6.2025 | 26.6.2025 | 4,000/- |

अद्योहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता**
**प्रधान प्रबंधक**

## सार-संक्षेप

### जेवर एयरपोर्ट का निर्माण समय से करें पूरा : मनोज कुमार

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल जेवर एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर सक्रियता तेज कर दी गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर भी सृजित करेगा।

### नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री शाह से मिले धामी



**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर राज्य के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ती चुनौतियों के दृष्टिगत केंद्रीय गृह मंत्री से देहरादून में साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 63 .60 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया। यह सेंटर डिजिटल अपराधों की रोकथाम, विशेषज्ञ प्रशिक्षण, साइबर फॉरेन्सिक और आधुनिक संसाधनों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### राष्ट्रपति देहरादून में 20 को रखेंगी पार्क की आधारशिला

**देहरादून, अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का देहरादून में 19 से 21 जून तक का भ्रमण प्रस्तावित है। 20 जून को राष्ट्रपति अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला रखेंगी जबकि आम जनता के लिए राष्ट्रपति निकेतन और राष्ट्रपति तपोवन 24 जून से खोल दिया जाएगा। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने इसके दृष्टिगत मंगलवार को राजपुर रोड़ स्थित राष्ट्रपति निकेतन में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। गौरतलब है कि 132 एकड़ भूमि में विकसित किए जा रहे इस अत्याधुनिक सार्वजनिक पार्क की आधारशिला राष्ट्रपति द्वारा रखी जाएगी। यह पार्क एक वर्ष की अवधि में पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

### मथुरा में मृत भिखारी के पास से मिले 91 हजार

**मथुरा, एजेंसी :** मथुरा जंक्शन पर सोमवार को मृत पाए गए एक वृद्ध भिखारी के सामान से 91 हजार रुपये से अधिक की नकदी मिली है। पुलिस के अनुसार भिखारी की शिनाख्त का प्रयास जारी है और कानून के मुताबिक 72 घंटे के लिए शव को दावेदार के इंतजार में शवगृह में रखवा दिया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाना प्रभारी यादराम सिंह ने बताया कि मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या आठ पर एक भिखारी लावारिस अवस्था में मृत पड़ा मिला। कैंटीन पर काम करने वालों का कहना था कि वह लंबे समय से प्लेटफॉर्म पर आने-जाने वाले यात्रियों से भीख मांग कर गुजारा करता था। राष्ट्रपति निकेतन को 24 जून से आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

### पेपर लीक का मुख्य आरोपी आयुष पांडेय गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी एसटीएफ ने आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी व एक लाख के इनामी आयुष पांडेय को गिरफ्तार किया। एसटीएफ की टीम ने आरोपी को कौशांबी के मंझनपुर स्थित करवरिया शुगर मिल के पास से मंगलवार दोपहर दबोचा। एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश शुक्ला के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी आयुष पांडेय मऊ के रानीपुर स्थित बभनपुरा का रहने वाला है। पूछताछ में आयुष ने बताया कि वह प्रयागराज के एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाता था। इसी दौरान दूसरी कोचिंग के शिक्षक नवीन सिंह से मुलाकात हुई। नवीन आरओ/एआरओ की परीक्षा की तैयारी करवाते थे। नवीन सिंह के द्वारा वर्ष 2022 में आरओ/एआरओ की परीक्षा का पेपर मुझे भेजा गया था। यह पेपर नवीन सिंह को अरुण सिंह ने दिया था।

### आईएएस बनाने के नाम पर ठग लिए लाखों, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक आईएएस बनाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। नगर कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी प्रांजल त्रिपाठी ने थाने में तहरीर दी है। उसने बताया कि वर्ष 2022 में उसने यूपीएससी प्री की परीक्षा दी थी। इसी बीच उसकी मुलाकात कूरेभार थाना क्षेत्र के पिपरी साईनाथपुर निवासी प्रणव द्विवेदी से हुई। प्रणव घर भी आने जाने लगा था सभी का भरोसा जीत लिया। इसी बीच उसने कहा कि उसके कई मंत्रियों से संबंध हैं। वह उन्हें आईएएस बनवा देगा। झांसे में लेकर प्रणव ने अपने पिता के खाते में 26 .50 लाख रुपए मंगवा लिए। 18 जनवरी 2023 को प्रणव ने प्रांजल को लखनऊ बुला यूपीएससी मेंस के एडमिट कार्ड व इंटरव्यू के कागज दिया। उस समय प्रणव के साथ उसके मित्र राज मिश्रा व उत्कर्ष द्विवेदी भी मौजूद थे। इसके बाद मनीष द्विवेदी के खाते में सात लाख रुपए, श्रेयांश अग्रहरि के खाते में 80 हजार व प्रणव ने अपने गूगल पे खाते में दस हजार पांच सौ रुपए व दीपक पटेल के खाते में दो लाख रुपए मंगवाए।

### आयुष विवि में निर्माण में लापरवाह फर्मों पर करें कार्रवाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के पहले आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण से जुड़े सभी कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो जाने चाहिए। समय से काम पूरा न होने की अब तक की स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि इसमें निर्माण से जुड़ी ऐसी फर्मों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सीएम योगी मंगलवार शाम गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, कानून व्यवस्था और हाल के दिनों में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण को प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने 30 जून को आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित आगमन को लेकर हो रही तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी है कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो।

# बीसलपुर में पांच किलो आम फ्री में न देने पर युवक को मारी गोली, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- घायल मेडिकल कॉलेज में भर्ती, नामजद रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** पांच किलो आम फ्री में न देने पर बाग की रखवाली करने वाले युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। तीन आरोपियों ने पहुंचकर पहले आम मांगे और न देने पर तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें गोली युवक के हाथ में लगी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले कर जांच कर रही है।

कोतवाली बीसलपुर में दी गई तहरीर में मोहल्ला दुबे के रहने वाले रामविलास वाल्मीकि ने बताया कि उनका पुत्र करन मोहल्ले के ही लीलाधर के आम के बाग की रखवाली करता है। वह उसी बाग में ही रहता है। मोहल्ले का गौरव यादव उर्फ पिंटू, आकाश उनके पुत्र से दो दिन से पांच किग्रा आम फ्री में मांग रहे थे। जिसे देने से पुत्र करन ने इनकार कर दिया था।

जिसके बाद से आरोपी रंजिश मान रहे थे। बीते दिनों अंजाम भुगतने की धमकी दी गई थी। 17 जून को सुबह करीब आठ बजे करन बाग में था। इस बीच दोनों आरोपी एक अज्ञात साथी के साथ वहां पर पहुंच गए और फ्री में आम मांगे। जब बिना रुपये के आम देने से मना किया तो गौरव ने गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। इसी बीच आकाश ने तमंचा निकालकर गौरव को दिया। इसके बाद गौरव ने करन को जान से मारने की नियत से फायर कर दिया।

बचाव करने पर गोली करन के हाथ में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। इस पर आरोपी तमंचा लहराकर मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

आनन-फानन में घायल को सीएचसी लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद सीएचसी बीसलपुर से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच चल रही है।

# सांसद बर्क ने जमा किए 6 लाख, कनेक्शन जोड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, संभल

- विभाग ने बिजली चोरी में लगाया था 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना, काट दिया था कनेक्शन

**अमृत विचार :** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने बिजली चोरी मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर 6 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद बिजली कनेक्शन जोड़ दिया गया।

मोहल्ला दीपा सराय में स्थित सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के आवास पर 19 दिसंबर 2024 को बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया था। मौके पर 16 किलोवाट से ज्यादा भार की खपत मिलने की बात बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताई थी। अधिकारियों ने मीटर की जांच कराई तो उसमें भी बिजली चोरी की पुष्टि हुई थी। 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। बिजली आपूर्ति भी बाधित कर दी गई थी।

इस मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट से सांसद को राहत मिली। मंगलवार को सांसद की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद कासिम, मोहम्मद नईम, फरीद आदि ने अधिशासी अभियंता नवीन गौतम को प्रार्थना पत्र दिया। कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर ड्राफ्ट के माध्यम से 6 लाख रुपये जमा कर दिए हैं। ऐसी स्थिति में बिजली कनेक्शन को जोड़ा जाए। कहा कि हाईकोर्ट ने विभाग द्वारा पारित आदेश 15 मई का क्रियान्वयन भी स्थगित करते हुए विभाग को आदेशित किया है। इसका अनुपालन कराने की मांग की गई।

अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि हाईकोर्ट की ओर से 3 जून को आदेश हुआ था जिसमें 6 लाख रुपये जमा करके तीन सप्ताह के अंदर बिजली आपूर्ति को सुचारू कराने के लिए कहा था।

# पत्नी की हत्या कर पति ने भी लगा ली फांसी

**देहरादून, अमृत विचार:** हरिद्वार में पत्नी को सरिये और डंडे से निर्ममता से पीटने के बाद उसकी गला रेतकर हत्या करने और फिर खुद फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। दिइस घटना की प्रारंभिक वजह दंपती में घरेलू क्लेश और संतान न होने को लेकर विवाद माना जा रहा है।

सीओ शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि कनखल थाना क्षेत्र की वसंत कुंज कॉलोनी में ई-रिक्शा चालक ऋषि कुमार पत्नी वर्षा के साथ रहता था। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने घर की छत पर ऋषि के शव को कपड़े सुखाने की एंगल से फंदे पर लटके देखा तो शोर मचा दिया। पुलिस पहुंची तो ऋषि कुमार का घर अंदर से बंद मिला। पुलिस एक पड़ोसी की छत के रास्ते ऋषि की छत पर पहुंची और शव को उतरवाया।

## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: बी.के.एस./क्रय/2025-26/452 दिनांक: 17.06.2025

### ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित सामानों/कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपराहन 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपराहन् 3:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 540 एचपी मोटर हेतु रजिस्टेन्श की आपूर्ति एवं स्थापना कार्य। | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 10,000/- |
| 02. | आक्सीजन गैस की आपूर्ति | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 10,000/- |
| 03. | सी.आई./जी.एम. कास्टिंग व कनवर्जन सामानों की आपूर्ति। | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 5,000/- |
| 04. | मिल हाईड्रोलिक लाइनर की आपूर्ति। | 19.6.2025 | 26.6.2025 | 27.6.2025 | 27.6.2025 | 10,000/- |
| 05. | सी.आई. स्लूस बाल्ब की आपूर्ति। | 20.6.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 5,000/- |
| 06. | जनरल इलैक्ट्रिकल सामानों की आपूर्ति। | 20.6.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 5,000/- |
| 07. | स्विचमेयर सामानों की आपूर्ति। | 20.06.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 5,000/- |
| 08. | नये एयर कम्प्रेशर की आपूर्ति। | 20.06.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 12,000/- |
| 09. | नये वैक्यूम पम्प की आपूर्ति। | 20.06.2025 | 27.6.2025 | 28.6.2025 | 28.6.2025 | 6,000/- |
| 10. | कापर लाइनर एवं एस.एस. वायरनेटिंग की आपूर्ति। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |
| 11. | डी.जी. सैट एएमसी एवं स्पेयर्स आपूर्ति। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |
| 12. | 1500 KW पावर अल्टरनेटर हेतु वाटर रेडियेटर की कनवर्जन पर आपूर्ति। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |
| 13. | सीसीटीवी कैमरा एवं स्पेयर्स की आपूर्ति एवं कार्य। | 21.06.2025 | 28.6.2025 | 29.6.2025 | 29.6.2025 | 5,000/- |

अद्योहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता**
**प्रधान प्रबंधक**

# इजराइल गए 5952 कामगारों को लेकर राज्य सरकार चिंतित

**लखनऊ, अमृत विचार :** अमृत विचारः उत्तर प्रदेश से इजराइल गए 5952 कामगारों को लेकर राज्य सरकार लगातार समन्वय एजेंसी के संपर्क में है। इस्राइल गए कामगार वहां 112 कंपनियों में काम कर रहे हैं। मिसाइल हमलों के बीच उन्हें को बंकरों और कार्यस्थलों में ही रहने के निर्देश हैं।

दरअसल, इस्राइल में मौजूद उप्र. के कामगारों की सुरक्षा को लेकर सरकार चिंतित है। इस बाबत सरकार के साथ समन्वय करने वाली एजेंसी एनएसडीसी इंटरनेशनल से निरंतर बात हो रही है। श्रम विभाग के मुताबिक मिसाइल हमलों के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कामगारों को उनके कार्यस्थलों और जरूरत होने पर बंकरों में रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सुरक्षा उपायों का हर हाल में पालन करने की सलाह दी गई है।

# सेफ सिटी योजना बनीं महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की ढाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीसीटीवी, पिंक बूथ व स्कूटी से हर मोर्चे पर सुरक्षा कवच : डीजीपी

**अमृत विचार।** योगी सरकार की सेफ सिटी परियोजना महिलाओं, बेटियों, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों की ढाल बनकर उभरी है। डीजीपी का कहना है कि 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 54 हजार से अधिक सुरक्षा पहरी सीसीटीवी से लेकर पिंक बूथ और स्कूटी तक हर मोर्चे पर सुरक्षा कवच बने हुए हैं।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने बताया कि पिंक पुलिस बूथ से लेकर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, डिजिटल प्रचार से लेकर महिला जागरूकता कार्यक्रमों को मजबूती से लागू किया जा रहा है। परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में 100 पिंक पुलिस बूथ बनाए गए हैं, जहां महिला पुलिस बल तैनात रहती हैं। इसके साथ ही 100 जीपीएस युक्त पिंक स्कूटी और 10 पिंक एसयूवी सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं। इसके अलावा 1090 और यूपी-112 को इंटरऑपरेटिव बनाया गया है ताकि त्वरित प्रतिक्रिया हो सके।

वहीं 1090 कॉल सेंटर में 80 नए टर्मिनल की स्थापना की गई है, जिससे डेटा एनालिटिक्स सेंटर और साइबर सेल मजबूत हो सके। डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एलईडी वैन, डिजिटल वॉल पेंटिंग, नाटक व वेब प्लेटफॉर्म के जरिए महिला जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यहां पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए डे-केयर सेंटर की स्थापना की गई है।

## एक नजर

### ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग की नई योजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना लेकर आई है। यीडा ने सेक्टर-28 में 21 प्लॉट्स के आवंटन करके मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरर्स को आमंत्रित किया है। निर्माणाधीन मेडिकल डिवाइस पार्क को देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के तौर पर विकसित किया जा रहा है। योजना के जरिए 1000 स्क्वेयर मीटर के 16 तथा 2100 स्क्वेयर मीटर के 5 प्लॉट्स आवंटन के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके प्रीमियम अमाउंट समेत विभिन्न पहलुओं का निर्धारण किया जा चुका है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी निवेश मित्र और यीडा की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

### मुख्यमंत्री ने परखी बैठक की तैयारी, दिए निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार सुबह होटल ताज पहुंचे, यहां 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह यूपी समेत चार प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहेंगे। योगी ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन की तैयारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा बैठक के संबंध में की गयी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।

# मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान
- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिया जा रहा एक दिवसीय प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए राज्य की 403 विधानसभाओं के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) का 17, 19, व 25 जून को उप्र. प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम), अलीगंज लखनऊ में तीन चरणों में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को पहले चरण के सत्र की शुरुआत मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की। उन्होंने इसमें प्रतिभाग करने वाले 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबोधित किया।

नवदीप रिणवा ने मतदाता सूची से जुड़े हुए मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूची में हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो, ये हम सब की जिम्मेदारी है। प्रदेश की मतदाता सूची में त्रुटियां न रहें, इसके लिए आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कि आज आप यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लेकर जायेंगे तो आप अपने नीचे स्तर पर बीएलओ और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित कर पायेंगे।



लखनऊ में प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

### 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम हों शामिल

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा, जिन बूथों में जेंडर रेशियो कम है, उनका चिन्हांकन करते हुए एक कार्ययोजना के अन्तर्गत छोटे-छोटे समूहों में संबंधित बीएलओ को उस पर कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देशित किया जाए तथा उसका निरन्तर अनुश्रवण किया जाए। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल किए जाने के बारे में संभावित मतदाताओं का चिन्हांकन बीएलओ के माध्यम से करा लिया जाए तथा उनके नाम शामिल किए जाने का काम नियमानुसार किया जाए।

### बीएलओ सुपरवाइजर्स हो चुके हैं प्रशिक्षित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मई व जून में पांच चरणों में राज्य के एक जिला से एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से एक बीएलओ सुपरवाइजर को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आयोग द्वारा अंतिम प्रशिक्षण सत्र 23 व 25 जून को प्रस्तावित है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. द्वारा प्रदेश के समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं आयोग में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बीएलओ सुपरवाइजर्स को 12 जून को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# यमुना किनारे वृंदावन से गोकुल तक बनेगा नेचर वॉक पाथ-वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना किनारे 17 किमी वृंदावन से गोकुल तक एक अनूठा नेचर वॉक पाथ-वे विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इसे ब्रज तीर्थ विकास प्राधिकरण द्वारा वन एवं वन्य जीव विभाग के सहयोग से बनाया जाएगा।

मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र का निर्माण और सौंदर्यीकरण मुख्यमंत्री योगी के मथुरा विजन-2030 के तहत किया जा रहा है। वृंदावन-गोकुल नेचर वॉक पाथ वे के निर्माण का मुख्य उद्देश्य ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली के रूप में विश्व प्रसिद्ध मथुरा-वृंदावन परिक्षेत्र के विकास के लिए लगभग 30,080 करोड़ रुपये की लागत से 195 परियोजनाओं पर काम होना है। इसमें से 2,300 करोड़ रुपये की लागत से 23 परियोजनाओं को स्वीकृति मिल चुकी है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये नेचर वॉक पाथ वे यमुना नदी के किनारे 2 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा। जिसके तहत वन विभाग वृंदावन से गोकुल के बीच प्राकृतिक सौंदर्य को और निखारेगा।

# हर जिले में बनेंगे योग पार्क

## जिलाधिकारियों से उपयुक्त स्थलों की पहचान कर प्रस्ताव मांगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने व सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से तैयार की योजना

**अमृत विचार :** योग को आमजन की दिनचर्या का हिस्सा बनाने और सामूहिक योगाभ्यास के उद्देश्य से राज्य सरकार प्रदेशभर में योग पार्क स्थापित करने जा रही है। इस योजना के तहत स्थानीय निकायों जैसे नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों की भागीदारी से प्रदेशभर में योगा पार्क विकसित किए जाएंगे। योजना के तहत मंडलीय मुख्यालय वाले जिलों में तीन-तीन और अन्य जिलों में दो-दो योग पार्कों को चिन्हित कर उन्हें विशेष रूप से योग-अनुकूल स्थानों में परिवर्तित किया जाएगा।

राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारियों को इस आशय के निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में उपयुक्त स्थलों की पहचान कर आवश्यक प्रस्ताव नगर विकास विभाग को भेजें। इन पार्कों को स्वच्छ, हरे-भरे और शांत वातावरण में विकसित किया जाएगा, जहां लोग नित्य योगाभ्यास कर सकें। ऐसे स्थानों का चयन किया जाएगा, जो सार्वजनिक पहुंच में हों और जहां आसपास के नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं व युवा आसानी से एकत्र होकर सामूहिक रूप से योग कर सकें। इन योग पार्कों में योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था, ओपन जिम, विश्राम स्थल, शुद्ध जल और प्रकाश की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

दरअसल, राज्य सरकार 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को पूरे सप्ताह सामाजिक और प्राकृतिक चेतना पर्व के रूप में मनाएगी। इस अभियान में युवाओं की भागीदारी और पर्यावरण की सुरक्षा को दो प्रमुख लक्ष्य बनाये गये हैं। शासन की मंशा है कि, योग सप्ताह के इन आयोजनों से नई पीढ़ी में अनुशासन, स्वास्थ्य और प्रकृति-प्रेम की भावना को नया बल मिले। इसके अलावा, इन गतिविधियों के जरिए स्थानीय निकाय, शैक्षिक संस्थान और सरकारी महकमे योग से सामाजिक चेतना की दिशा में आगे बढ़ें।

## मूंग और मूंगफली की सरकारी खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने जायद सीजन में सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली की खरीद शुरू की है। इससे लाखों किसानों का फायदा होगा। मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक होगी। करेगी। मूंग के लिए 8,682 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है।

सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है, जो राज्य एजेंसियां यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड, यूपीएसएस द्वारा खरीद करेंगी।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार के साथ सुरक्षा के भी होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यात्री सुरक्षा को 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन व 1 हाइड्रा होगी तैनात
- 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में प्रमुखता से शुमार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे रफ्तार के साथ सुरक्षा भी देगा। 20 जून को आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों छोर से लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। आने वाले दिनों में यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की तर्ज पर एटीएमएस (एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) भी लागू किया जाएगा।

उप्र एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा बनाए गए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर यात्री सुरक्षा के लिए 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय बताते हैं कि यूपीडा के इनोवा वाहन की पैट्रोलिंग 8-8 घंटे के शिफ्ट में लगातार होती रहेगी। हर वाहन में चार सेवानिवृत्त सैनिकों की ड्यूटी रहेगी। कैम्पर वाहन पीछे से खुले रहते हैं और इसमें ट्रैफिक कोन, रस्सी, रेडियम स्ट्रिप आदि की उपलब्धता रहती है। किसी स्थान पर किसी वाहन के खराब होने पर या दुर्घटना होने पर ये वाहन तुरंत जाकर ट्रैफिक कोन, रस्सी और रेडियम स्ट्रिप से कवर कर देंगे ताकि अन्य वाहनों को कोई दिक्कत न हो। हर 45 किमी पर मार्ग के दोनों तरफ एक-एक एम्बुलेंस, क्रेन व एक हाइड्रा वाहन को तैनात किया जाएगा।

### बड़े निवेशक लगाएंगे औद्योगिक इकाई

20 जून को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे दक्षिणांचल के धुरियापार में नए इंडस्ट्रियल टाउनशिप की परिकल्पना को साकार कर रही है। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और देश की नामी कंपनियों को यहां उद्योग के लिए जमीन भी पसंद आने लगी है। अडानी सहित कई औद्योगिक घराने यहां निवेश के लिए तैयार हैं।

# विमान हादसे के पीछे निजीकरण तो नहीं

## अखिलेश बोले- अयोग्य लोगों को दी जा रही जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर सवाल उठाते हुए सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा मांगा है। मंगलवार को सपा मुख्यालय पर पत्रकारों से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि हमने पुलवामा और पहलगाम हमले में किसी का इस्तीफा नहीं मांगा, लेकिन विमान दुर्घटना में लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना में सरकार के जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए।

सपा प्रमुख के मुताबिक, जब से विभागों का निजीकरण हुआ है, लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा लगता है अपने लोगों को नौकरी देने के लिए सरकार ने अयोग्य लोगों को पदों पर बैठा दिया है। नौकरियां दे दी हैं। आज तमाम तरह की दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों में यात्राओं को लेकर डर पैदा हो गया है।

सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए कोई फार्मूला नहीं, बल्कि एक भावनात्मक गठबंधन है। इसमें भाजपा सरकार से सभी पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग शामिल हैं।



लखनऊ में पसमांदा मुस्लिम समाज के साथ बैठक के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

## बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी समिति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति निजीकरण के साथ बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव का भी विरोध करेगी। समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रबंधन उपभोक्ताओं की जेब काटने पर आमादा है।

आरोप लगाया कि भीषण गर्मी में हजारों कार्मिकों का स्थानांतरण करके बिजली व्यवस्था बेपटरी करना चाहता है। विभिन्न स्थानों पर हुई सभा में 22 जून को होने वाली बिजली महापंचायत की तैयारी पर भी चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली दरों में बेतहाशा बढोतरी का प्रस्ताव देकर संघर्ष समिति के आरोपों की पुष्टि कर दी है।

# बाइक सवार मां की गोद से छिटकी बच्ची ट्रक के नीचे आई

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार:** मंगलवार को नेशनल हाईवे-2 के फूफई ओवरब्रिज पर एक बाइक को बेकाबू ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर बैठी महिला के गोद से 9 महीने की बच्ची जीनत छिटककर सड़क पर गिर गई। तभी उसके ऊपर से ट्रक का पहिया निकल गया। उसकी मां भी सड़क पर गिर गई और घायल हो गई।

वहीं एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया और मां का इलाज किया जा रहा है। वहीं अस्पताल पहुंचे बच्ची के पिता का बार-बार बेटी के पैरों के चूमता रहा। थाना बसरेहर क्षेत्र के सरैया ताल में परवेज खान (35), जो कि टेलर है अपनी पत्नी परवीन (30) और 9 महीने की बेटी जीनत के साथ रहते हैं। परवेज और परवीन की शादी ढाई साल पहले हुई थी। परिवार में परवेज का एक भाई जावेद है। जावेद भी उसके साथ टेलर का काम करता है। परवेज किसी काम से पत्नी और बेटी के साथ औरैया गया था।

वहां से मंगलवार दोपहर बाइक से तीनों लोग वापस लौट रहे थे। जैसे ही उसकी बाइक फूफई ओवरब्रिज के ऊपर पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बेकाबू होकर सड़क पर गिर गई और उसकी पत्नी परवीन की गोद से मासूम बच्ची जीनत छिटककर सड़क पर जा गिरी। बच्ची के सड़क पर गिरते ही ट्रक का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। मां-बाप रो-रोकर बेसुध हो गए। सूचना मिलने पर इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बच्ची व घायल परवीन को अस्पताल भिजवाया।

वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल परवीन का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस सीसीटीवी के सहारे उसकी तलाश कर रही है। वहीं, सड़क हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए वाहनों का संचालन सुचारू कराया।



नौ माह की बच्ची जीनत।

- इटावा का मामला, पिता बिलखते हुए मासूम के पैर चूमता रहा फिर बेहोश हो गया

# पिता को भगोड़ा घोषित करें महाराष्ट्र के डीजीपी : हाईकोर्ट

## आदेश के बावजूद बच्चे को पेश न करने पर कोर्ट सख्त, कहा- संपत्ति कुर्क करने की करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह बीएनएसएस के प्रावधानों के तहत बच्चे के पिता को भगोड़ा घोषित कर उसकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई शुरू करें। कोर्ट के आदेश के बावजूद पिता अपने दो वर्ष आठ माह के बेटे को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर रहा है। कोर्ट ने यह आदेश बच्चे की मां द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के संदर्भ में पारित किया है। कोर्ट ने पुणे के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को भी आदेश दिया है कि वह आदेश के अनुपालन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही वरिष्ठ रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति डीजीपी, महाराष्ट्र और सीजेएम, पुणे को भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की अवकाशकालीन एकल पीठ ने बच्चे की मां की याचिका पर पारित किया। याचिका में मां ने कहा कि बच्चा अभी शैशव अवस्था में है। उसकी देखभाल मां ही कर सकती है, लेकिन पिता ने बच्चे को उसकी वैध अभिरक्षा से छीन लिया है। मां ने यह भी आरोप लगाया कि उसे अपने बच्चे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। मामले पर पिछली सुनवाइयों के दौरान कोर्ट ने पिता को नोटिस जारी किया। जिसके बाद वह कोर्ट में उपस्थित भी हुआ, लेकिन बाद में अदालत से बचता रहा। कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद वह बच्चे को प्रस्तुत नहीं कर रहा है। इस पर कोर्ट ने महाराष्ट्र डीजीपी और सीजेएम पुणे को निर्देश जारी करते हुए कहा कि पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र प्रतिवादी संख्या 4 (पिता) के विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 और 83 तथा बीएनएसएस की धारा 84 और 85 के अंतर्गत कार्यवाही प्रारंभ करें। सुनिश्चित करें कि अगली तिथि पर वह इस कोर्ट के समक्ष उपस्थित हो। पिछली सुनवाई पर भी कोर्ट ने पिता के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया था। पिता मूलतः अयोध्या का निवासी है। हालांकि वर्तमान में पुणे में रह रहा है। वहीं पुणे पुलिस की एक रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि पिता लापता है, जिससे वारंट तामील नहीं हो सका।


## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. सितार जैसा एक वाद्ययंत्र जिसके दोनों सिरों पर तूंबे लगे रहते हैं।
5. 1. (पुराण) परलोक की एक नदी जिसे मरने के बाद प्रत्येक जीवात्मा को पार करना पड़ता है 2. ओडिशा की एक नदी जो पवित्र मानी गई है।
6. एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करने की क्रिया या भाव, अनुवाद।
9. 1. जो बकवास से भरा हुआ हो 2. ऐसी पद्यमय रचना जिसकी तुकें न मिलती हों, अंत्यानुप्रासहीन 3. जो अवसर के हिसाब से अनुपयुक्त हो।
10. सांसारिक, दुनिया का, लौकिक।

**ऊपर से नीचे**

2. जलमार्ग से आवागमन, जलयात्रा।
3. तुन का वृक्ष।
4. 1. बार-बार इधर से उधर आना-जाना 2. किसी कार्य हेतु पूर्ण प्रयत्न।
7. 1. सिख धर्मानुसार धर्मविरोधी कार्य करने वाला, धर्मापराधी 2. धर्मच्युत।
8. 1. फेंके जाने की क्रिया 2. प्रक्षेपण।



### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जं | घि | ल | | | 2 शे | |
| | | | 3 कु | शे | श | य |
| | 4 उ | | रे | | वी | |
| | ल | | द | | | 5 नि |
| 6 भ | ट | क | ना | | | कुं |
| | फे | | | | | च |
| 7 वा | र | ना | | 8 ने | ति | क |

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | | | 2 |
| 1 | 5 | 7 | | | 2 | | | 9 |
| | | 2 | 6 | | | 8 | 4 | 7 |
| | 8 | | | | 6 | | | 1 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | 2 | | | | 3 | |
| 2 | 3 | 5 | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 5 | 6 |
| 8 | | | | | 1 | | | |

### सुडोकू - 11 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी- 13.34 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-भाद्रपद 19 जून 12.23 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** — आज विद्यार्थी रचनात्मक लेखन और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। घर में अस्त-व्यस्त सा वातावरण हो सकता है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ हो सकता है। दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा।

**वृष** — आज आपकी प्रतिभा लोगों के सामने उभर के आयेगी। घर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। कारोबार को लेकर दूरदर्शी निर्णय ले सकते हैं। समाज में छवि अच्छी बनेगी।

**मिथुन** — आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। घर में सुकून और शांति का वातावरण रहेगा। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। छात्रों को नया अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा। व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पहले प्राप्त कर पायेंगे।

**कर्क** — आज मित्र की आर्थिक सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपको आत्मिक प्रसन्नता मिलेगी। आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभालकर रखें। आज आप गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह** — आज आपके विनम्र स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। पति-पत्नी के मध्य के आपसी संबंध और मधुर होंगे। बड़े बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज युवा प्रेमी डेट पर जा सकते हैं। श्वास रोगियों को समस्या हो सकती है।

**कन्या** — आज रियल एस्टेट में आप निवेश कर सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको अच्छा धन लाभ मिलेगा। नई ऊर्जा के साथ अपने काम में लगे रहें। अध्यात्मिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ समय बिताने का प्रयास करें। किसी बात को लेकर आप उलझन में रहेंगे।

**तुला** — आज शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन उत्तम है। संतान को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। मित्र के साथ मनमुटाव हो सकता है। मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी।

**वृश्चिक** — आज आप जो भी काम करेंगे उसे अच्छी तरह से करेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों में आपकी रुचि जागृत होगी। नयी डील करने में जल्दबाजी न करें। आपको जीवनसाथी की उत्तम सलाह प्राप्त होगी। लेकिन उनसे वैचारिक मतभेद उभर सकते हैं।

**धनु** — आज का दिन उत्साह से पूर्ण रहेगा। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। रिश्तों में मिठास की भावना बढ़ेगी। दोस्तों और भाई-बहनों के साथ संबंध मजबूत होंगे। नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं।

**मकर** — आज वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। घर में अनुशासन का वातावरण रहेगा। विवाहेतर संबंधों में रुचि न लें। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से सावधानी रखनी चाहिए। घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** — आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा। रुके हुए कार्यों में गति आयेगी। कठोर परिश्रम के माध्यम से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। जीवनसाथी का उचित सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** — आज दोस्तों के साथ व्यर्थ कार्यों में समय बर्बाद न करें। वकीलों को कठिन केस मिलने के योग बन रहे हैं। गलत खानपान के कारण पेट में अपच हो सकता है। मित्र व सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में कोई वादा करने से बचें।

# निर्यात में 2010 से 23 तक मजबूत वृद्धि

## तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत, वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के निर्यात में 2010 से 2023 तक लगातार वृद्धि का रुख रहा जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

अंकटाड (संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि 2010 से 2023 की अवधि में वैश्विक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा और इस मामले में वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रही। अधिकारी ने कहा कि अंकटाड के प्रमुख सांख्यिकी एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2024 के रुझान के अनुसार वृद्धि की यह दर सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले सबसे अधिक रही। यह प्रदर्शन अन्य



प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोपीय संघ, चीन और अमेरिका की तुलना में और भी अधिक उल्लेखनीय है जिनकी इस अवधि में निर्यात हिस्सेदारी बढ़ोतरी में वृद्धि दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत, 6.1 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रही।

अधिकारी ने कहा, जहां जापान और रूस जैसी कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने अपने निर्यात हिस्से में मामूली वृद्धि या स्थिरता दर्ज की वहीं भारत के निर्यात में लगातार वृद्धि का रुझान रहा है जो इसके व्यापार क्षेत्र की मजबूती को बताता है। यह भारत की व्यापार नीतियों, विनिर्माण एवं क्षेत्रों की प्रभावशीलता और निर्यात संवर्धन पहल के प्रभाव को दर्शाता है, जिसने वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में देश के एकीकरण को बढ़ाने में योगदान दिया है। देश का कुल निर्यात 2009-10 में 274.8 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 776.3 अरब डॉलर और 2024-25 में 825 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रत्न और आभूषण निर्यात मई में 15.81 प्रतिशत घटकर 226.3 करोड़ डॉलर रहा

**नई दिल्ली।** जीजेईपीसी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के शुल्क घोषणा के बाद मई में कुल रत्न और आभूषण निर्यात सालाना आधार पर 15.81% घटकर 226.34 करोड़ अमेरिकी डॉलर (19,260.81 करोड़ रुपये) रहा। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार 2024 की इसी अवधि के दौरान उद्योग का निर्यात 2,68.83 करोड़ डॉलर (22,414.02 करोड़ रुपये) था। मई में तराशे गए हीरों का निर्यात 35.49% घटकर 94.97 करोड़ डॉलर (8,089.81 करोड़) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 1,47.20 करोड़ डॉलर (12,272.03 करोड़) था। मई में पॉलिश किए प्रयोगशाला में बने हीरों का निर्यात सालाना आधार पर 12.03 करोड़ डॉलर (1,003.06 करोड़) से 32.76% घटकर 8.09 करोड़ डॉलर (689.71 करोड़) रह गया। समीक्षाधीन अवधि में सोने के आभूषणों का निर्यात सालाना आधार पर 17.24% बढ़कर 99.75 करोड़ डॉलर (8,482.61 करोड़ रुपये) हो गया।

## भारत की तेल मांग में 2030 तक 10 लाख बैरल रोजाना की वृद्धि

**नई दिल्ली।** दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत अपनी शानदार आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग वृद्धि का नेतृत्व करेगा व 10 लाख बैरल तेल रोजाना की मांग बढ़ेगी।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने मंगलवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक तेल मांग में इस दशक के अंत तक 25 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस तरह तेल की कुल मांग 2030 तक बढ़कर 10.55 करोड़ बीपीडी हो जाएगी। कच्चे तेल के बाजार में किसी भी बड़े व्यवधान को छोड़ दिया जाए तो इस दशक के अंत तक अच्छी आपूर्ति रहने की उम्मीद है। वैश्विक ऊर्जा निगरानी संस्था आईईए का अनुमान है कि भारत में कच्चे तेल की मांग बढ़कर 2030 में 66.6 लाख बीपीडी हो जाएगी जो 2024 में 56.4 लाख बीपीडी थी।

## सरकारी कंपनियां एक सुरक्षित विकल्प

पीएसयू यानी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, वे कंपनियां होती हैं जिनमें भारत सरकार की 51% या अधिक हिस्सेदारी होती है। ये कंपनियां ऊर्जा, बैंकिंग, रक्षा, इस्पात, पेट्रोलियम, कोयला, बीमा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करती हैं। जैसे– ओएनजीसी, भेल, एसबीआई, एनटीपीसी और आईओसी आदि। पीएसयू में निवेश करना अपेक्षाकृत सुरक्षित विकल्प माना जाता है, क्योंकि इनमें सरकारी भागीदारी होती है। हाल के वर्षों में कुछ पीएसयू कंपनियों ने अच्छा रिटर्न दिया है, खासकर डिविडेंड और वैल्यू में बढ़ोतरी के रूप में।



### कैसे करें निवेश

- **स्टॉक मार्केट के जरिए :** एनएसई/बीएसई पर सूचीबद्ध पीएसयू कंपनियों के शेयर खरीदे जा सकते हैं।
- **ईटीएफ :** भारत सरकार द्वारा पीएसयू आधारित ईटीएफ लॉन्च किए गए हैं, जैसे– सीपीएसई ईटीएफ।
- **बॉण्ड्स और एनसीडीएस :** पीएसयू कंपनियां समय-समय पर सुरक्षित बॉण्ड्स जारी करती हैं।

### लाभ के कारण

- **सरकारी सुरक्षा :** सरकार की हिस्सेदारी के चलते इन कंपनियों में स्थिरता होती है।
- **डिविडेंड यील्ड :** अधिकतर पीएसयू कंपनियां नियमित और उच्च लाभांश देती हैं।
- **दीर्घकालिक मूल्यवृद्धि :** कई कंपनियों में समय के साथ अच्छे रिटर्न मिलते हैं।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** पोर्टफोलियो में विविधता के लिए उपयोगी हैं।

### जोखिम पर भी दें ध्यान

- **सरकारी हस्तक्षेप :** निर्णयों में राजनीति की भूमिका निवेशकों के हितों पर असर डाल सकती है।
- **कम ग्रोथ रेट :** निजी क्षेत्र की तुलना में नवाचार और विकास की गति धीमी। विनिवेश की योजनाएं बाजार प्रभावित हो सकती हैं।

### निवेश रणनीति

- मजबूत बैलेंस शीट और लाभांश रिकॉर्ड वाली कंपनियों को प्राथमिकता दें। लॉन्ग टर्म निवेश पर ध्यान दें। ईटीएफ के माध्यम से जोखिम को संतुलित किया जा सकता है।

# प. एशिया संकट से शेयर बाजार सतर्क

मुंबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल संघर्ष तेज होने से निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने और धातु एवं तेल-गैस शेयरों में मुनाफावसूली होने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार गिर गए। सेंसेक्स 213 अंक जबकि निफ्टी 93 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर आने वाले फैसले को लेकर भी निवेशकों ने इंतजार की रणनीति अपनाई है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा को सर्वाधिक



- सेंसेक्स 213 अंक और निफ्टी 93 अंक फिसला

2.18% का नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, इटर्नल, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इंडसइंड बैंक और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स और मारुति सुजुकी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई स्मालकैप 0.67 जबकि मिडकैप 0.56% नीचे आया। क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड 1.29% के नुकसान में रहा जबकि सेवा खंड में 1.09 और तेल एवं गैस खंड में 0.92% की गिरावट रही।

बीएसई पर सूचीबद्ध 2,483 कंपनियां नकारात्मक दायरे में बंद हुईं जबकि 1,496 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सूचकांक बढ़त पर रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरकर बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

# सोना 1,200 रुपये टूटा चांदी में आई मजबूती

नई दिल्ली, एजेंसी

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली से मंगलवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,200 रुपये टूटकर 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

पिछले कारोबारी सत्र में 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,100 रुपये घटकर 99,450 रुपये प्रति



10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। हालांकि, मंगलवार को चांदी की कीमतें 100 रुपये बढ़कर 1,07,200 रुपये प्रति किलो (सभी करों सहित) हो गईं। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना गिरावट के साथ 3,380.65 डॉलर प्रति औंस पर रहा।

# संदेह को रास्ते की बाधा न बनने दें : लोबाना

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि आप तकनीकी उद्योग में महिला पेशेवर हैं और नेतृत्व की भूमिका की तलाश कर रही हैं, तो अपने लक्ष्यों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करें, जरूरी कौशल विकसित करें, सलाहकारों और सहयोगियों की तलाश करें और संदेह को अपने रास्ते में बाधा न बनने दें। यह सलाह गूगल इंडिया की नवनियुक्त क्षेत्रीय प्रबंधक और उपाध्यक्ष प्रीति लोबाना ने दी।

नैसकॉम के अनुसार, भारत में 58 लाख तकनीकी कर्मचारियों में 36% महिलाएं हैं, जिनका प्रवेश स्तर पर 40% प्रतिनिधित्व है। उच्चतम नेतृत्व



- महिला तकनीकी विशेषज्ञों को गूगल भारत प्रमुख ने किया संबोधित

पदों पर यह आंकड़ा घटकर 5% रह जाता है। लोबाना ने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने और जरूरी कौशल हासिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं को आत्म-संदेह से दूर रहने और निडरता से अपनी क्षमता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

लोबाना ने कहा कि दृढ़ संकल्प और सही समर्थन के साथ कोई भी बाधा बहुत बड़ी नहीं है। स्त्री हो या पुरुष दोनों में किसी के लिए, नेतृत्व की ओर बढ़ने के साथ ही आगे का रास्ता संकरा हो जाता है और महिलाओं के लिए यह कठिन चुनौती है। इस बारे में स्पष्टता होनी चाहिए कि आप कहां जाना चाहते हैं और अपने कौशल का निर्माण करना, सही सहयोगी, प्रायोजक, सलाहकार, व्यक्तिगत 'निदेशक मंडल' होना जरूरी है। लोबाना ने कहा कि सहयोगियों और सलाहकारों ने उनके करियर की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### भाजपा नेता पर हमले में और चार के खिलाफ आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** एनआईए ने पिछले साल प. बंगाल में भाजपा नेता प्रियंगु पांडे पर भीड़ द्वारा किए हमले में चार और आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है जिसमें चारों पर हमले की साजिश में संलिप्त होने का आरोप है। सोमवार को कोलकाता की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल तीसरे पूरक आरोपपत्र में पवित्र प्रसाद उर्फ सुजल, मोहम्मद टीपू उर्फ टिपुआ, मोहित महतो उर्फ साही और मोहम्मद जावेद पर आरोप लगाए गए हैं।

### नक्सलियों ने की तीन ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की गला घोंटकर हत्या करने की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली है कि नक्सलियों ने आज शाम पेद्दाकोरमा (नयापारा) निवासी तीन व्यक्तियों की रस्सी से गला घोंटकर कर हत्या कर दी है। सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने निर्दोष ग्रामीणों की हत्या की है।

### अमरनाथ यात्रा के मार्गों को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

**श्रीनगर।** राज्य सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा उपायों को बढ़ाते हुए मंगलवार को यात्रा मार्गों को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया। यात्रा के लिए तीर्थयात्री दो मार्ग पहलगाम और बालटाल का इस्तेमाल करते हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आदेश पर गृह विभाग ने कहा है कि क्षेत्र में 1 जुलाई से 10 अगस्त तक किसी भी प्रकार के विमानन यंत्र उड़ाना प्रतिबंधित है।

# हताशा में कांग्रेस कर रही झूठा प्रचार : भाजपा

## जातिगत जनगणना : लोगों को गुमराह करने के लिए सुधांशु त्रिवेदी ने की कांग्रेस की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस 2027 की जनगणना पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है क्योंकि समाज में विभाजन पैदा करके सत्ता हासिल करने की उसकी उम्मीद नरेंद्र मोदी सरकार की राष्ट्रव्यापी कवायद में जातिगत गणना को शामिल करने के फैसले से टूट रही है।

कांग्रेस ने 16वीं जनगणना पर सरकार की अधिसूचना को निरर्थक करार देते हुए कहा था कि वह इस प्रक्रिया में जाति को शामिल करने पर कुछ नहीं कहती है। यह देखते हुए कि कुछ भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं कि राजपत्र अधिसूचना में जातिगत



गणना का कोई उल्लेख नहीं है, गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि 2027 की जनगणना में जाति गणना शामिल है।

झूठे दावों से लोगों को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि इस तरह के ओछे कृत्य का सहारा लेकर विपक्षी पार्टी का उद्देश्य समाज में भ्रम पैदा करना और सत्ता हासिल करना है। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में कहा कि चूंकि कांग्रेस को अपना उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है, इसलिए वह मिथ्या बातें, छल और झूठ फैलाने पर उतर आई है। त्रिवेदी ने कहा कि सरकार के विज्ञप्ति में स्पष्ट उल्लेख है कि जनगणना के साथ-साथ सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन और जाति जनगणना कराई जाएगी। कांग्रेस की दृष्टि संकीर्ण और सीमित है, बल्कि कहना चाहिए कि उनकी सोच एक दुर्भावनापूर्ण एजेंडे से प्रेरित है। इसी कारण वे मोदी सरकार द्वारा जनगणना कराने के फैसले में जो स्पष्ट रूप से बताया गया है, उसे देखने में असमर्थ हैं। वे भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हो रही हैं।

### जनगणना को लेकर सरकार की नीयत साफ नहीं




**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने जनगणना के लिए जारी अधिसूचना में जातिगत गणना का उल्लेख नहीं होने तथा बजट आवंटन को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर सरकार की नीयत साफ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को भ्रम की स्थिति पैदा करने के बजाय कांग्रेस शासित तेलंगाना में हुए हालिया जातिगत सर्वेक्षण का मॉडल अपनाते हुए जनगणना करानी चाहिए। पायलट ने कहा, कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने लंबे समय से मांग रखी थी कि देश में जब भी जनगणना हो, उसमें जातिगत जनगणना कराई जाए। जातिगत जनगणना का उद्देश्य सिर्फ जाति के बारे में जानना नहीं, बल्कि यह भी पता करना है कि देश और संस्थाओं में कितनी भागीदारी है तथा लोगों की शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है? उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा कि जातिगत जनगणना की मांग उठाने वाले लोग अर्बन नक्सल' हैं तथा मोदी सरकार ने संसद में जवाब दिया कि वह जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में नहीं है।

# देश की एकजुटता के लिए भूल जाएं आपसी मतभेद

हमीरपुर (हिप्र), एजेंसी

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जोर दिया है कि यदि लोग आपसी मतभेद भूल जाएं तो हिंदू समाज और देश एकजुट रह सकता है। भागवत ने हमीरपुर जिले के टिपर गांव में सोमवार रात एक कार्यक्रम में कहा कि हिंदू धर्म, हिंदू समाज और हिंदू संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

सरसंघचालक यहां स्वयंसेवकों के उत्तर क्षेत्र विकास शिविर में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर हैं। स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा, संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने वाला है। सौ साल पहले संघ के विचार को मान्यता नहीं मिली थी। इसकी उपेक्षा की गई, फिर भी यह काम करता



रहा। अब संघ के विचार को समाज ने स्वीकृति प्रदान की है, समाज सक्रियता से काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज की संस्कृति को सहेजकर रखने के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होने की जरूरत है। 30 मई से शुरू हुए कार्यकर्ता विकास वर्ग-प्रथम में कुल 212 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि समापन समारोह 19 जून को होगा।

### श्रद्धांजलि



अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों और पीड़ितों को कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन भी रखा गया और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एजेसी

# पूर्व अग्निवीरों के करियर में प्रगति के लिए काम करेगा गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

सशस्त्र बलों में अग्निवीरों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके करियर में आगे की प्रगति के लिए गतिविधियों का समन्वय करने का काम केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपा गया है। यह जानकारी सरकारी अधिसूचना से मिली।

केंद्र ने भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 में संशोधन किया है तथा गृह मंत्रालय के राज्य विभाग के तहत द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि गृह मंत्रालय अब पूर्व अग्निवीरों की आगे की प्रगति के लिए समन्वय करेगा। सरकार ने सेना के तीनों

- केंद्र ने नियम 1961 में किया संशोधन द्वितीय अनुसूची में एक नया बिंदु जोड़ा

अंगों के लिए अग्निपथ भर्ती योजना जून 2022 में शुरू की थी। अग्निपथ योजना के तहत, चयनित होने वाले साढ़े 17 से 21 वर्ष के अभ्यर्थियों को सेना, वायुसेना और नौसेना में चार वर्ष के लिए भर्ती किया जाता है तथा इसमें 25% अभ्यर्थियों को 15 वर्षों तक बरकरार रखने का प्रावधान है। सरकार ने पहले ही सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, एसएसबी आदि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबलों की सभी भावी नियुक्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित कर दी हैं।

## 2025-26 के लिए डीयू का स्नातक प्रवेश पोर्टल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने मंगलवार को स्नातक पाठ्यक्रमों में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू करते हुए कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) पोर्टल शुरु किया। विवि की 'डीन' (अकादमिक) हनीत गांधी ने बताया कि अब विद्यार्थी सीएसएएस पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। विवि के 69 कॉलेजों में कुल 71,624 सीट पर 79 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश दिया जाएगा। करियर उन्मुख शिक्षा को बढ़ाने को विवि ने इनोवेटिव स्किल-बेस्ड कोर्सेज सेंटर (सीआईएसबीसी) के तहत कौशल आधारित कई पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश शुरू किये हैं। इन पाठ्यक्रमों में 'एसी-रेफ्रिजरेटर मरम्मत,एनीमेशन और मोशन ग्राफिक्स, बेकरी तथा हलवाई का काम शामिल हैं।

# दिल्ली में भारी बारिश से उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली में मंगलवार को मानसून-पूर्व बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन कई इलाकों में जलभराव होने से यातायात बाधित हुइ। वहीं, मौसम खराब होने से दिल्ली हवाई अडडे पर अपराह्न 3-4 बजे के बीच 12 उड़ानों का मार्ग परिवर्तन करना पड़ा।

भारी बारिश से दिल्ली के कई इलाके जलमग्न हो गए और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। इससे पहले, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए आंधी-तूफान



सड़क पर भरा बारिश का पानी।

के साथ ओलावृष्टि, मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों पर 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान जताया था।

आईएमडी ने बुधवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें विशेष रूप से रात के समय बिजली चमकने के साथ तूफान, हल्की से मध्यम वर्षा और 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना जताई गई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 और 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। आईएमडी ने संभावित प्रभावों और एहतियातन उपायों पर प्रकाश डालते हुए तूफान की चेतावनी भी जारी की। इसने चेतावनी दी कि आकाशीय बिजली गिरने से खासतौर से खुले इलाकों में जान का खतरा हो सकता है। यातायात बाधित हो सकता है और विमान या ट्रेन सेवाओं में विलंब हो सकता है। लोगों को घरों के अंदर रहने और यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। तूफान के दौरान बिजली के उपकरणों को बंद रखने की सलाह दी गई है।

## आधार विवरणों को अपडेट करने की मुफ्त सुविधा एक साल बढ़ी

**नई दिल्ली।** नागरिकों को विशिष्ट पहचान संख्या आधार जारी करने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने दस्तावेजों को मुफ्त में ऑनलाइन अपडेट करने की सुविधा 14 जून, 2026 तक बढ़ाने की घोषणा की है।

यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मुफ्त सेवा माईआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। उसने आधार धारकों से उनकी जनसांख्यिकीय जानकारी की सटीकता बनाए रखने के लिए विवरण को अद्यतन करने का आग्रह किया। प्राधिकरण ने कहा कि यूआईडीएआई ने लाखों आधार संख्या धारकों को लाभ पहुंचाने के लिए मुफ्त ऑनलाइन दस्तावेज़ अपलोड सुविधा 14 जून 2026 तक बढ़ा दी है। यह मुफ्त सेवा केवल माईआधार पोर्टल पर उपलब्ध है। आधार कार्डधारक पहचान के प्रमाण या पते के प्रमाण के दस्तावेज को इस पोर्टल पर अपलोड करके उसे अपडेट कर सकते हैं।

# बंदूक तानकर फिल्म देखने से नहीं रोक सकते

## कमल हासन के फिल्म के विवाद में कर्नाटक सरकार को सुप्रीम फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अभिनेता कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ को राज्य के सिनेमाघरों में प्रदर्शित नहीं किए जाने पर कर्नाटक सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर हंगामा करने इजाजत नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि कानून का शासन स्थापित किया जाना चाहिए और लोगों को फिल्म देखने से रोकने के लिए उनके सिर पर बंदूक नहीं तानी जा सकती। न्यायमूर्ति भुइयां ने कर्नाटक सरकार के वकील से कहा,



- कहा- भीड़ को सड़कों पर कब्जे की अनुमति नहीं दी जा सकती, ठग लाइफ की रिलीज करें सुनिश्चित

हम भीड़ और नैतिकता के तथाकथित पहरेदारों को सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दे सकते। कानून का शासन कायम रहना चाहिए। हम ऐसा नहीं होने दे सकते। अगर किसी ने कोई बयान दिया है, तो उसका जवाब बयान से दीजिए। अगर किसी ने कुछ लिखा है, तो आप उसका जवाब कुछ लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने वकील को 18 जून तक मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि भले ही फिल्म प्रदर्शित होने पर लोग इसे न देखें, लेकिन उन्हें इस डर में नहीं रखा जा सकता कि सिनेमाघर जला दिए जाएंगे। कर्नाटक में फिल्म प्रदर्शित न किए जाने को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता एम महेश रेड्डी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ए वेलम ने कहा कि राज्य ने धमकी देने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं की है। न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि कानून के शासन के मुताबिक, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुकी कोई भी फिल्म अवश्य रिलीज होनी चाहिए और राज्य को इसकी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करनी चाहिए।

# कप्तान के रूप में रोहित और विराट का मिश्रण हैं शुभमन

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोश बटलर का मानना है गिल पूरी स्वच्छंदता से नेतृत्व करेंगे

**मुंबई, एजेंसी**

जोस बटलर का मानना है कि भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल कप्तान के रूप में रोहित शर्मा और विराट कोहली का मिश्रण हैं लेकिन जब वह शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करेंगे तो मैदान पर वह पूरी स्वच्छंद होकर टीम का नेतृत्व करेंगे।

इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम के पूर्व कप्तान बटलर इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गिल की कप्तानी में खेले थे। उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को कप्तानी की भूमिका और अपनी बल्लेबाजी के बीच संतुलन बनाना होगा। बटलर ने इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ अपने पॉडकास्ट 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पर कहा वह वास्तव में प्रभावशाली खिलाड़ी है। जब वह बोलते हैं तो काफी शांत और संतुलित रहते हैं। मुझे लगता है कि मैदान पर खुद के लिए चुनौती पेश करते हैं। उनमें काफी जुनून होता है। मुझे लगता है कि कप्तान के रूप में वह कोहली और रोहित का मिश्रण होंगे।

उन्होंने कहा कोहली वास्तव में बहुत आक्रामक थे। उन्होंने भारतीय टीम को पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने उसे मुकाबले के लिए तैयार किया। रोहित थोड़े अलग थे। थोड़े शांत और संयमित, लेकिन उनमें गजब का जुझारूपन था।बटलर ने कहा, ''गिल ने इन दोनों से काफी कुछ सीखा है लेकिन वह मैदान पर पूरी तरह से अलग नजर आएंगे। बटलर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी करना देश में 'तीसरे या चौथे सबसे प्रभावशाली व्यक्ति' होने जैसा है। उन्होंने कहा गिल ने बल्लेबाजी और कप्तानी को अलग-अलग करने की बात की। इसलिए जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह सिर्फ बल्लेबाज बने रहना चाहते हैं। इसके बाद वह अपने कप्तानी कौशल पर काम करेंगे और दोनों भूमिकाओं को अलग-अलग तरह से निभाने का प्रयास करेंगे। बटलर ने कहा मुझे नहीं लगता कि हम इन लोगों के स्टारडम के स्तर को समझ सकते हैं। आप आईपीएल में देखते हैं। वे इस स्टारडम में जीते हैं। मुझे लगता है कि भारतीय टेस्ट कप्तान भारत में प्रधानमंत्री के बाद तीसरा या चौथा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति है।



नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल।

### भारतीय टीम ट्रेन से लीड्स पहुंची, राणा भी टीम में शामिल

**लीड्स** : तेज गेंदबाज हर्षित राणा को विकल्प के तौर पर भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और वह टीम के बाकी सदस्यों के साथ ट्रेन से लीड्स पहुंचे, जहां इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला का पहला मैच खेला जाएगा। राणा भारत ए टीम का हिस्सा थे और उन्होंने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला अनौपचारिक टेस्ट खेला था। लंबे कद के इस तेज गेंदबाज ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण किया था, लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए 18 सदस्यीय टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया था। दिल्ली के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने दो टेस्ट, पांच वनडे और एक टी20 मैच खेला है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया उन्हें विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है और वे आज टीम के साथ लीड्स पहुंचे। राणा को टीम के बाकी सदस्यों के साथ लीड्स ट्रेन स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। टीम लंदन से लीड्स पहुंची थी।पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होगा। भारत ने बेकेनहैम में भारत ए के खिलाफ इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला, जो इस श्रृंखला के लिए उनका एकमात्र अभ्यास मैच था। इससे पहले हालांकि लोकेश राहुल, करुण नायर, यशस्वी जायसवाल, शारदुल ठाकुर, ध्रुव जुरेल और नितीश रेड्डी जैसे खिलाड़ी ए टीम के साथ इंग्लैंड पहुंचे थे।

### व्यावसायिक महत्व के मामले में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज एशेज के बराबर: ईसीबी सीईओ

लंदन : इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला व्यावसायिक रूप से एशेज जितनी ही महत्वपूर्ण है। गोल्ड को उम्मीद है कि 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निराशाजनक प्रदर्शन के बाद यह श्रृंखला इंग्लैंड के प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। पिछले साल देश के खेल प्रशंसक पेरिस ओलंपिक और यूरोप के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट यूरो से जुड़े हुए थे। श्रीलंका पर इंग्लैंड की श्रृंखला जीत के बाद लॉर्ड्स में खाली सीटें क्रिकेट के लिहाज से अच्छी तस्वीर पेश नहीं कर रही थीं।

## गिल को सम्मान पाने के लिए रन बनाने होंगे

**लंदन** : भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि शुभमन गिल को अभी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी का पूरा एहसास नहीं हुआ होगा और ड्रेसिंग रूम में सम्मान हासिल करने के लिए इस युवा खिलाड़ी को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना होगा। यह गिल की कप्तानी में टीम की पहली परीक्षा होगी। कार्तिक ने 'स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पोडकास्ट' पर कहा मैं पहला सुझाव जो शुभमन गिल को देना चाहता हूं वह यह है कि आप अपनी कप्तानी की भूमिका सिर्फ क्षेत्ररक्षण करते समय निभाये। अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। गिल को ड्रेसिंग रूम में सम्मान पाने के लिए रन बनाने ही होंगे। एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया) देशों में बल्लेबाज के रूप में उनका औसत ऐसा नहीं है जिस पर उन्हें गर्व होगा। गिल ने भारत के लिए 32 टेस्ट खेले है लेकिन एसईएनए देशों में वह नियमित तौर पर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। हाल ही में गिल का इंटरव्यू लेने वाले कार्तिक ने कहा मुझे नहीं लगता कि उन्हें अभी तक भारत के लिए टेस्ट कप्तान होने के महत्व का एहसास हुआ है। वह शेर की मांद में जा रहे हैं। एक क्रिकेट राष्ट्र के तौर पर इंग्लैंड में आना आसान नहीं है। कहा गिल की किस्मत हालांकि थोड़ी अच्छी है क्योंकि इंग्लैंड की गेंदबाजी उतनी मजबूत नहीं है।



● दिनेश कार्तिक का मानना है शुभमन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना होगा

### शास्त्री ने तीसरे नंबर पर सुदर्शन से बल्लेबाजी कराने का सुझाव दिया

**लीड्स** : भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री युवा साई सुदर्शन के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में महत्वपूर्ण तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का समर्थन कर रहे हैं और चाहते हैं कि प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 'शानदार' प्रदर्शन करने वाले करुण नायर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करें। शास्त्री ने मंगलवार को आईसीसी रिव्यू में कहा यशस्वी जायसवाल होंगे और उनके साथ लोकेश राहुल होंगे क्योंकि मुझे लगता है कि यह उनके लिए एक बड़ा दौरा है। जब भारत ने पिछली बार इंग्लैंड का दौरा किया था तब उन्होंने (राहुल) पारी की शुरुआत की थी, शतक बनाया था और अच्छा दौरा रहा था।

## श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड दौरे में होना चाहिए था: निक नाइट

**नई दिल्ली** : पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट का मानना है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट टीम में श्रेयस अय्यर की मौजूदगी टीम को बदलाव के दौर से गुजरने में मदद करती और साथ ही उन्होंने 20 जून से शुरू होने वाली सीरीज में कुलदीप यादव को मेहमान टीम के लिए संभावित तुरुप के पत्ते के रूप में चुना। अय्यर के टीम का हिस्सा नहीं होने के कारण नाइट को कुलदीप और साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं।

सुदर्शन के लीड्स में पहले टेस्ट के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने की उम्मीद है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भारत के बल्लेबाजी क्रम में अनुभव की कमी है और अब जाने-माने कमेंटेटर नाइट ने शीर्ष क्रम को स्थिरता देने के लिए लोकेश राहुल को चुना। नाइट ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारत को 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली श्रृंखला जीतनी है तो 20 विकेट लेना महत्वपूर्ण होगा। इंग्लैंड के लिए 17 टेस्ट और 100 एकदिवसीय मैच खेलने वाले 55 साल के नाइट नहीं चाहते कि भारत अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए गेंदबाजी से समझौता करे। नाइट इस दौरान राहुल से काफी प्रभावित नजर आए। मैं लोकेश राहुल का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

## एक नजर

### हम काफी अनुभवहीन थे और फिर भी जीत हासिल की: रबाडा



**लंदन** : दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने कहा है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतना इसलिए और भी यादगार हो गया क्योंकि उनकी टीम 'काफी अनुभवहीन' थी और फिर भी उसने दिग्गजों से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। कप्तान तेम्बा बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी ट्रॉफी के लिए 27 साल के सूखे को समाप्त किया। रबाडा ने इस मैच में नौ विकेट लिए। रबाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा हम काफी अनुभवहीन टीम हैं जिसने लगभग एक साल पहले साथ खेलना शुरू किया, हम लंबे समय से एक-दूसरे के साथ नहीं हैं। इसके बावजूद हमने यह हासिल किया है। मैं इसे अपने जीवन में कभी नहीं भूलूंगा, कोई भी खिलाड़ी इसे नहीं भूलेगा।

### भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाज एशिया कप के फाइनल में

**सिंगापुर** : भारत के जूनियर कंपाउंड तीरंदाजों ने एशियाई कप चरण दो में अपना दबदबा कायम रखते हुए मंगलवार को यहां पुरुष और महिला दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त कुशल दलाल ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के हिमू बछार पर 147-143 से जीत दर्ज करके पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड फाइनल में जगह पक्की की जिससे उनका कम से कम रजत पदक पक्का हो गया है। दलाल ने क्वालीफिकेशन दौर में 714 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत के 10वें वरीय सचिन चेची सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ माचोन से हार गए और कांस्य पदक के लिए उनका सामना बछार से होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण और रजत पदक पक्का है क्योंकि शीर्ष वरीयता प्राप्त शानमुखी नागा साई बुड्डे और दूसरी वरीयता प्राप्त तेजल साल्वे भारतीय खिलाड़ियों के बीच होने वाले फाइनल में भिड़ेंगी।

### भारतीय फुटबॉल टीम के सामने ताजिकिस्तान की चुनौती

**नई दिल्ली** : भारतीय अंडर-23 फुटबॉल टीम बुधवार को ताजिकिस्तान के खिलाफ मैत्री मुकाबले में उतरेगी तो उसकी कोशिश आगामी एएफसी अंडर-23 एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की होगी। यह मुकाबला दुशांबे के पास हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इस दौरे पर शनिवार को दूसरे मैच में किर्गिज गणराज्य का सामना करेगी। भारत सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के लिए बहरीन, कतर और ब्रुनेई दारुस्सलाम के साथ ग्रुप ई में है। टीम का लक्ष्य पहली बार इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने का है। कोच नौशाद मूसा की देखरेख में भारत के 23 खिलाड़ियों का दल सोमवार शाम को दुशांबे पहुंचा और उसने मंगलवार को 90 मिनट के अभ्यास सत्र में भाग लिया। ताजिकिस्तान अंडर-23 टीम ने अपने पिछले दोनों मुकाबले संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ खेले हैं।

# आईसीसी चार दिवसीय टेस्ट के लिए तैयार

**लंदन, एजेंसी**

● छोटे देशों के लिए तैयार की जा रही योजना

● भारत, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया पांच दिनी मैच ही खेलेंगे



अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2027-29 के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में छोटे देशों के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों को मंजूरी देने के लिए तैयार है। हालांकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तब भी परंपरागत रूप से चले आ रहे पांच दिवसीय मैच खेल सकते हैं। यहां एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

मैचों की संख्या एक दिन कम करने का कदम एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और इससे छोटे देशों को अधिक टेस्ट और लंबी अवधि की सीरीज खेलने में मदद मिलेगी। 'द गार्डियन' समाचार पत्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल के दौरान चर्चा में आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने 2027-29 के डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए चार दिवसीय टेस्ट के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। इसमें कहा गया है इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत को तब भी एशेज, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए पांच दिवसीय मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलने की अनुमति होगी। एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी की शुरुआत शुक्रवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच के साथ होगी। आईसीसी ने पहली बार 2017 में द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए चार दिवसीय टेस्ट को मंजूरी दी थी। इंग्लैंड ने 2019 और 2023 में आयरलैंड के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट के बाद पिछले महीने ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ भी चार दिवसीय टेस्ट मैच खेला था।

रिपोर्ट के अनुसार कई छोटे देश समय और लागत के कारण टेस्ट मैचों की मेजबानी करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं, लेकिन चार दिवसीय टेस्ट मैच शुरू होने से तीन टेस्ट मैचों की पूरी श्रृंखला तीन सप्ताह से भी कम समय में खेली जा सकेगी। इसमें कहा गया है समय को बर्बाद करने से बचने के लिए चार दिवसीय टेस्ट मैचों में खेल के समय को 90 ओवर प्रतिदिन से बढ़ाकर न्यूनतम 98 ओवर कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक फाइनल में विश्व चैंपियन बनने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के नीरस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को और उजागर किया और इसके बाद बदलाव की जरूरत महसूस की गई।



जसप्रीत बुमराह।

# कप्तानी नहीं करने के बारे में बता दिया था: बुमराह

**लीड्स, एजेंसी** : दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्होंने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए बीसीसीआई को पहले ही बता दिया था कि वह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी नहीं करना चाहते।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के साथ 'स्काई स्पोर्ट्स' पर बातचीत के दौरान बुमराह ने कहा इसमें कोई काल्पनिक कहानी नहीं है। ऐसा कोई विवाद या कोई सनसनी फैलाने वाली बात नहीं है कि मुझे कप्तानी से दरकिनार किया गया। मैंने रोहित और विराट के संन्यास लेने से पहले ही आईपीएल के दौरान बीसीसीआई से इस सीरीज को लेकर अपने गेंदबाजी प्रबंधन के बारे में बात की थी। मैंने उन लोगों से बात की है जिन्होंने मेरी पीठ का इलाज किया है। मैंने सर्जन से भी बात की है, जिन्होंने मुझसे कहा है कि आपको अपनी गेंदबाजी और फिटनेस को लेकर समझदारी से काम करना होगा।

> मैंने बीसीसीआई को फोन किया और कहा कि मुझे टीम के कप्तान की भूमिका में नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि मैं पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के सभी मुकाबले नहीं खेल पाऊंगा।
>
> -जसप्रीत बुमराह

# स्मृति मंधाना वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में 2019 के बाद पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं।



दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने ताजा अपडेट में 19 रेटिंग अंक गंवाये जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज को मिला। मंधाना के कुल 727 रेटिंग अंक हैं। उनके बाद इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर-ब्रंट 719 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वोलवार्ट अब 719 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मंधाना के बाद इस सूची में अगली दो भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं, जो क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच इस महीने के आखिर में पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। मंधाना हाल के दिनों में वनडे बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल रही हैं, लेकिन बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2019 की शुरुआत से शीर्ष स्थान पर नहीं पहुंच पाई थी। भारतीय सलामी बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में शतक बनाया था। इससे उन्हें अपनी रैंकिंग में सुधार करने में मदद मिली। मंधाना टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में भी चौथे स्थान पर हैं।

## सबालेंका ने गॉफ से माफी मांगी

**बर्लिन** : बेलारूस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने पत्र लिखकर फ्रेंच ओपन के फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ पर की गई गैर पेशेवर टिप्पणियों के लिए मंगलवार को माफी मांग ली।

गॉफ ने विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका को इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन के फाइनल में हराया था। मैच के बाद सबालेंका ने कहा था कि यह मेरा फाइनल मैच में सबसे खराब प्रदर्शन रहा। मेरी गलतियों के कारण गॉफ ने खिताब जीता। सबालेंका ने आज कहा कि उन्हें अपनी टिप्पणियों पर खेद है। यह मेरे लिए बिल्कुल भी पेशेवर नहीं था। मैंने अपनी भावनाओं को हावी होने दिया।

## नीदरलैंड ने नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हराकर नया रिकॉर्ड बनाया

**ग्लासगो, एजेंसी**

नीदरलैंड ने यहां टी20 अंतर्राष्ट्रीय त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के मैच में नेपाल को तीसरे सुपर ओवर में हरा कर नया रिकॉर्ड बनाया। टी20 या लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास में यह पहला अवसर है, जबकि किसी मैच का परिणाम तीसरे सुपर ओवर में निकला। माइकल लेविट ने सोमवार की रात को खेले गए इस मैच में तीसरे सुपर ओवर में छक्का लगाकर आखिर में नीदरलैंड को जीत दिलाई। नीदरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी क्योंकि नेपाल को आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे। नेपाल के निचले क्रम के बल्लेबाज नंदन यादव ने हालांकि अंतिम ओवर में दो चौके लगाए। उन्होंने आखिरी गेंद पर भी चौका लगाया, जिससे नेपाल आठ विकेट पर 152 रन बनाकर स्कोर बराबर करने में सफल रहा। कुशाल भुर्टेल ने 18 रन बनाकर नेपाल को पहले सुपर ओवर में 19 रन तक पहुंचाया लेकिन नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओडॉव ने पांचवीं और छठी गेंद पर क्रमश : छक्का और चौका लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। नीदरलैंड ने दूसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी की और 17 रन बनाए। लेकिन नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने काइल क्लेन की आखिरी गेंद को छक्के के लिए भेज कर मैच को नए मोड़ पर खड़ा कर दिया। नेपाल तीसरे सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए एक भी रन नहीं बना पाया। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर जैक लायन कैशेट ने चार गेंदों में बिना कोई रन दिए दो विकेट लेकर नेपाल का ओवर जल्दी समाप्त कर दिया। नीदरलैंड को इस तरह से मैच जीतने के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी, पर लेविट ने संदीप लामिछाने के ओवर की पहली गेंद पर छक्का जड़कर मैच का शानदार अंत किया।



# ओलंपिक 2036 की मेजबानी भारत के लिए फायदेमंद होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

## साक्षात्कार



खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे। ● एजेंसी

● खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा भारत का उद्देश्य है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी महज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेश देने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और देश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने की एक सुविचारित योजना भी है।

महाराष्ट्र के रावेर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार लोकसभा सांसद रह चुकी 38 वर्षीय खड़से ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में इस आलोचना को खारिज कर दिया कि देश को ओलंपिक की मेजबानी जैसे खर्चीले आयोजन का लक्ष्य रखने से पहले देश को खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यहां अपने कार्यालय में बातचीत में कहा खड़से ने कहा खेल अवसाद और यहां तक कि नशीली दवाओं की लत जैसी कई समस्याओं से निपटने का एक तरीका है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए जब आप ओलंपिक जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं। खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी अगले महीने गति पकड़ लेगी, जब खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले साल अपना आशय पत्र सौंपने के बाद अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के साथ चर्चा के लिए लुसाने जाएगा। खड़से ने कहा, ''इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओलंपिक की मेजबानी करके हम एक संदेश देंगे। यह इस बात का संकेत है कि आप एक विकसित देश हैं। लेकिन साथ ही, यह युवाओं को राष्ट्र-निर्माता के रूप में नेतृत्व करने का अवसर भी देता है। उन्होंने कहा कि खेलों की मेजबानी और भारतीय खेलों के विकास को अलग-अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए।

खेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाली दूसरी महिला और सबसे कम उम्र की खड़से ने कहा हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि खर्च किया गया प्रत्येक रुपया देश को भविष्य में लाभ पहुंचाए। पेरिस ओलंपिक 2024 की लागत नौ अरब डॉलर से ज़्यादा थी, जबकि लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के खेलों के लिए सात अरब अमेरिकी डॉलर से ज़्यादा खर्च होने का अनुमान है। कई बार ऐसा होता है कि अनुमानित लागत अंतिम खर्च से काफ़ी ज़्यादा होती है।

### इन फायदों का है उद्देय

ओलंपिक 2036 या राष्ट्रमंडल खेल 2030 जैसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी की तैयारी का मतलब है विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, आर्थिक निवेश और एक ऐसी प्रणाली को तैयार करना है जिसका फायदा सीधे खिलाड़ियों को मिलेगा। यदि मेजबानी करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरक शक्ति का काम करती हैं।

## विश्व कप के बाद वनडे से संन्यास लेंगी सोफी डिवाइन

**ऑकलैंड, एजेंसी**

न्यूजीलैंड महिला टीम की कप्तान और ऑलराउंडर सोफी डिवाइन इस साल के आखिर में भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के बाद एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को महिला क्रिकेट में सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है।

उन्होंने 152 वनडे में 31.66 की औसत और आठ शतकों की मदद से 3990 रन बनाए हैं। उन्होंने 146 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक शतक के साथ 3431 रन भी बनाए हैं। डिवाइन ने वनडे और टी20 में क्रमशः 107 और 119 विकेट लिए हैं। उन्होंने कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। न्यूजीलैंड क्रिकेट द्वारा मंगलवार को जारी बयान में डिवाइन ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए फैसला करने का यह सही समय है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इस फैसले पर पहुंचने में मेरी मदद की। इसका मतलब है कि मैं अब भी न्यूजीलैंड की तरफ से खेल सकती हूं।



न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन।

## पहला एक्स्ट्राडोज्ड ब्रिज



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ने वाले छह लेन के हाईटेक एक्सट्राडोज्ड पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 2,608.68 करोड़ रुपये लागत के इस पुल का निर्माण मार्च 2026 में पूरा होने की उम्मीद है। लगभग 1.24 किलोमीटर लंबाई का यह देश का पहला एक्सट्राडोज्ड पुल होगा। एजेंसी

## अमेरिका की आव्रजन नीति में बदलाव

# पूरी दुनिया में हलचल

अमेरिकी सरकार की इसके पीछे धारणा यह है कि आर्थिक मंदी के कारण रोज़गार के कम अवसरों के मद्देनजर प्रवासियों को प्रवेश की अनुमति देना स्थानीय नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। मेक्सिको की अर्थव्यवस्था के लिए यह प्रवास और भी हानिकारक है क्योंकि अमेरिका में ज्यादा मजदूरी के कारण वहां से प्रतिभा का पलायन हो रहा है। पुरुषों के ज्यादा पलायन ने मेक्सिको में पुरुषों लिंगानुपात भी असंतुलित होने लगा है। हाल ही में ट्रंप के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद से ही अमेरिका में संरक्षणवाद और अमेरिका फर्स्ट जैसी नीतियों पर काम शुरू किया गया है। नए नियम के लागू होने के बाद अमेरिकी प्रशासन उन प्रवासी परिवारों को वापस भेजने के लिए स्वतंत्र होगा जो अवैध रूप से सीमा पार करते हुए पकड़े गए हैं और आवासीय केंद्रों में रह रहे हैं।




### ये बदलाव हुए हैं अमेरिका की आव्रजन नीति में

- **एच-1बी वीजा प्रणाली में संशोधन :** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलाव किए हैं, जिसके तहत केवल उच्चतम स्कोर वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए वीज़ा प्राप्ति की प्रक्रिया और कठिन हो सकती है।
- **परिवार-आधारित आव्रजन में कड़े नियम :** परिवारों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को और कठिन बना दिया गया है, जिससे भारतीय परिवारों को स्थाई निवास प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई : अमेरिका ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है, जिससे भारतीय प्रवासियों के लिए अनिश्चितता बढ़ गई है।

### पूरी दुनिया पर प्रभाव

- वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन : अमेरिका में आव्रजन में कमी से वैश्विक श्रम बाजार में असंतुलन उत्पन्न हुआ है, जिससे अन्य देशों में श्रमिकों की मांग बढ़ी है।
- वैश्विक व्यापार पर असर : अमेरिका की नई आव्रजन नीति के कारण वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है, विशेषकर उन देशों के साथ जिनके नागरिकों की संख्या अमेरिका में अधिक है।

### भारत को संभावित नुकसान

- एच-1बी वीजा प्राप्त करने में कठिनाई से भारतीय आईटी कंपनियों में उच्च गुणवत्ता वाले पेशेवरों की कमी हो सकती है।
- अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई से भारतीय प्रवासियों की स्थिति असुरक्षित हो सकती है।
- अमेरिका में भारतीयों की संख्या में कमी से भारत को मिलने वाली रेमिटेंस में गिरावट आ सकती है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

### नई नीति से अमेरिका को फायदा

- आव्रजन में कमी से अमेरिका में स्थानीय नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार हो सकता है।
- आव्रजन में कमी से अमेरिका के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों पर दबाव कम होगा, वह आर्थिक संसाधनों की कमी से उबरेगा।

**एच-1बी वीजा :** एक गैर-आप्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को कुछ विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। यह वीजा विशेष ज्ञान और कौशल वाले व्यक्तियों के लिए है जो अमेरिका में काम करना चाहते हैं।

## एक नजर

### हैदराबाद से अदीस अबाबा तक सीधी उड़ान सेवा शुरू

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का प्रबंधन करने वाले जीएमआर समूह ने मंगलवार को हैदराबाद से इथियोपिया के अदीस अबाबा के लिए नयी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की। जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार मंगलवार को उद्घाटन उड़ान, एक उत्सव समारोह के बाद अदीस अबाबा के लिए सफलतापूर्वक रवाना हुई, जिसमें जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों, इथियोपिया की एयरलाइंस के प्रमुख अधिकारियों और हवाई अड्डे के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### पाक नागरिक के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट में केस

**कोलकाता।** ईडी ने एक पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक के खिलाफ धन शोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट में अभियोजन शिकायत दायर की है। अदालत ने आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी है। पाकिस्तानी नागरिक आजाद मलिक उर्फ अहमद हुसैन आजाद को ईडी ने अप्रैल मध्य में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बिरती जिले से गिरफ्तार किया। वह बंगलादेशी नागरिकों के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाकर उन्हें पश्चिम बंगाल व अन्य हिस्सों में बसाने का काम करता था।

### वियतनाम में तूफान की घटनाओं में सात लोग मरे

**हनोई।** वियतनाम में 'वुतिप' तूफान के कारण भारी बारिश और बाढ़ से मध्य क्षेत्र में सात लोगों की मौत हो गई है तथा कृषि एवं संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदा निवारण विभाग के अनुसार क्वांग बिन्ह प्रांत में चार और क्वांग त्रि प्रांत में तीन लोगों की मौत हुई है। रिपोर्टों के अनुसार बाढ़ के कारण 33,000 हेक्टेयर से अधिक चावल के खेत और हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि जलमग्न हो गई है।

### ह्यूस्टन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न शुरू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ग्रेटर ह्यूस्टन इलाके में पार्क से लेकर सामुदायिक केंद्रों में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 50 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इंडिया हाउस और कई अन्य सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर ये कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ये कार्यक्रम 14 जून को शुरू हुए हैं और 30 जून तक आयोजित किए जाएंगे जिसमें सभी आयु और वर्गों के लिए योग सत्र, कार्यशाला और वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।

# प. एशिया के हवाई क्षेत्र बंद, लाखों फंसे

## ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष और तेज होने की आशंका से लोगों में दहशत का माहौल

**बेरूत, एजेंसी**

दो कट्टर दुश्मनों ईरान और इजराइल के बीच कई दिन से जारी वार-पलटवार ने उनके उथलपुथल भरे इतिहास में एक नया अध्याय खोल दिया है। दोनों देशों में लोगों में व्यापक संघर्ष की आशंका से दहशत का माहौल है। हर रात आसमान में आग के गोले दिखने से यह दहशत और बढ़ रही है। इस संघर्ष ने पश्चिम एशिया के अधिकतर देशों को अपने हवाई क्षेत्र बंद करने पर मजबूर कर दिया है। दर्जनों हवाई अड्डों ने सभी उड़ानें रोक दी हैं या परिचालन में भारी कटौती की है, जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

इजराइल ने अपने मुख्य अंतरराष्ट्रीय बेन गुरियन हवाई अड्डे को अगली सूचना तक बंद कर दिया है, जिससे 50,000 से अधिक इजराइली यात्री विदेश में फंस गए हैं। देश की तीन विमानन कंपनियों के जेट विमानों को लारनाका ले जाया गया है। ईरान ने शुक्रवार को तेहरान के बाहरी इलाके में स्थित देश के मुख्य खोमेनी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया। इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने मेहराबाद हवाई अड्डे पर बमबारी की, जो तेहरान में ईरान की वायु सेना और घरेलू वाणिज्यिक उड़ानों के लिए सुविधा प्रदान करता है। कई छात्र ईरान, इराक और अन्य जगहों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

हजारों भारतीय छात्र भी ईरान में फंस गए हैं। इनमें से एक अरसलान अहमद ने बताया कि बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं है। तेहरान में वे लोग अपने छात्रावासों से तक बाहर नहीं निकल रहे हैं और हमलों से बुरी तरह भयभीत हैं। उन्हें नहीं पता कि उन्हें कब सुरक्षा मिलेगी। अहमद ने कहा, हम जो टेलीविजन पर देख रहे हैं, वह बहुत डरावना है लेकिन इससे भी ज्यादा भयानक कुछ कान के पर्दे फाड़ देने वाले विस्फोट हैं। विश्वविद्यालयों ने ईरान में कई छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है।



इजराइल के ड्रोन हमले के बाद ईरान की नेटवर्क बिल्डिंग में लगी आग।

### अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने कहा- ईरान नहीं बना रहा परमाणु हथियार, ट्रंप ने नकारा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी संसद के समक्ष गवाही देते समय बताया था कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा है, उसके सर्वोच्च नेता ने स्थगित किए जा चुके कार्यक्रम को पुनः मंजूरी नहीं दी है लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को वाशिंगटन वापस आते समय उड़ान के दौरान अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के इस आकलन को खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, मुझे परवाह नहीं है कि उन्होंने क्या कहा। उनका मानना है कि ईरान परमाणु बम बनाने के बहुत करीब है। ट्रंप के बयान ने उन्हें खुद के शीर्ष खुफिया सलाहकार के बजाय इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ खड़ा कर दिया है, जिन्होंने परमाणु हथियार संपन्न ईरान को एक खतरा बताया है।

### ईरान का परमाणु स्थल बना इजराइली हमलों का निशाना

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि ईरान के नतांज संवर्धन स्थल पर इजराइल के हवाई हमलों का वहां के भूमिगत सेंट्रीफ्यूज हॉल पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा है। एजेंसी ने पहली बार नतांज के भूमिगत हिस्से में हमलों से हुए नुकसान का आकलन किया है, जो ईरान के परमाणु कार्यक्रम का मुख्य संवर्धन केंद्र है। एजेंसी ने कहा, शुक्रवार के हमलों के बाद उपग्रह चित्रों के विश्लेषण से अतिरिक्त तत्वों की पहचान हुई है।

### नेतन्याहू ने जताई ईरान में तख्तापलट की मंशा

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ जारी युद्ध को वहां के दुष्ट शासकों से मुक्त करने का अभियान बताते हुए साफ किया है कि उनके दिन अब लद गए है और वहां स्वतंत्रता की मशाल जल चुकी है। नेतन्याहू ने ईरान इंटरनेशनल से कहा, ईरान के खिलाफ इजराइल का सैन्य अभियान उसके लोगों को इस्लामिक गणराज्य को उखाड़ फेंकने का मौका दे रहा है। आपकी स्वतंत्रता का समय निकट है। उन्होंने ईरान पर इजराइल को नष्ट करने को परमाणु बम बनाने का आरोप लगाया।

### जी 7 में फैसला, परमाणु हथियारों से दूर रहे ईरान

**कनैनिस्किस (कनाडा)।** कनाडा में आयोजित जी-7 देशों के नेताओं की बैठक में एक संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें इजराइल और ईरान के बीच लड़ाई में तनाव कम करने का आह्वान किया गया। साथ ही इसमें इस बात पर भी जोर दिया गया कि है ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। बयान में कहा गया है, हम, जी-7 के नेता, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। इस संदर्भ में, हम पुष्टि करते हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। हम इजराइल की सुरक्षा के लिए अपना समर्थन दोहराते हैं।

# भारत ने 2024 में परमाणु हथियारों का बढ़ाया जखीरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान सहित दुनिया के लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को न केवल उन्नत बनाने की प्रक्रिया को जारी रखा बल्कि अपने हथियारों का जखीरा बढ़ाया भी है।

वैश्विक विचारक समूह स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। सिपरी ने एक बयान में कहा कि ऐसा अनुमान है कि भारत ने 2024 में एक बार फिर अपने परमाणु हथियारों के जखीरे का थोड़ा विस्तार किया है और नयी प्रकार की परमाणु हथियार प्रणालियों का विकास जारी रखा है। पाकिस्तान ने 2024 तक परमाणु हथियारों की नयी वितरण प्रणालियां विकसित करना और परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री एकत्रित करना भी जारी रखा है। पाकिस्तान की योजना आगामी दशक में अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने की है। विचारक समूह सिपरी ने सोमवार को अपनी वार्षिक पुस्तक-2025 में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का अपना वार्षिक मूल्यांकन जारी किया।



**स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट**

### दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियार

सिपरी ने कहा, लगभग सभी नौ परमाणु हथियार संपन्न देश - अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल ने 2024 में अपने परमाणु हथियारों को उन्नत बनाने के साथ-साथ हथियारों के जखीरे को भी बढ़ाने का काम किया। सिपरी का दावा है कि जनवरी 2025 में दुनिया भर में 12,241 परमाणु हथियारों की कुल संख्या थी। जिनमें से लगभग 9,614 हथियार संभावित इस्तेमाल के लिए सैन्य भंडार में थे।

वार्षिक पुस्तक के विमोचन पर दिए गए वक्तव्य में भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष का भी उल्लेख किया गया है। सिपरी ने अपनी वार्षिक पुस्तक में शस्त्रीकरण, निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति का देशवार मूल्यांकन प्रस्तुत किया है।

# ब्रिटेन में चोकसी का भारत पर अपहरण का आरोप

- **भारतीय अधिकारियों को आरोपों को गलत बताकर आपत्ति जताई**

**लंदन, एजेंसी**

**पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित व्यवसायी मेहुल चोकसी ने लंदन के हाईकोर्ट में भारत सरकार और पांच व्यक्तियों पर अपने अपहरण, यातना और प्रत्यर्पण के प्रयास के लिए षड्यंत्रकारी के रूप में मुकदमा दायर किया है। भारतीय प्राधिकारियों ने आरोपों से इनकार किया है और राज्य प्रतिरक्षा के आधार पर ब्रिटेन के क्षेत्राधिकार पर आपत्ति जताई है।**

**सोमवार को न्यायमूर्ति फ्रीडमैन के समक्ष मामले की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान, अदालत को बताया गया कि चोकसी का दावा है कि मई 2021 में भारत सरकार के निर्देश पर अपहरण की कोशिश के तहत उसे प्रताड़ित किया गया था। भारतीय पक्ष ने इस सप्ताह अदालत को बताया कि चोकसी ने भारत के खिलाफ बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसमें कहा गया है कि भारत ने उसका अपहरण करने और नुकसान पहुंचाने की एक अंतरराष्ट्रीय साजिश रची थी। वकील हरीश साल्वे ने भारतीय अधिकारियों की ओर से दलील दी, भारत का पक्ष यह है कि वर्तमान दावा इस मंशा से आगे बढ़ाया जा रहा है कि भारत को शर्मिंदा किया जाए और प्रतिवादी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रत्यर्पण से बचने के प्रयासों के तहत दबाव बढ़ाया जा सके।**

## सीतारमण ने लद्दाख में एनएलएसटी परियोजना स्थल का किया दौरा

**लेह।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में पैंगोंग झील के पास राष्ट्रीय वृहद सौर दूरबीन (एनएलएसटी) परियोजना स्थल का दौरा किया।

अधिकारियों ने बताया कि चार दिवसीय दौरे पर आईं सीतारमण ने चुशुल गांव में 'रेजांग ला' युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश की सेवा में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। एनएलएसटी परियोजना का लक्ष्य लद्दाख में पैंगोंग त्सो झील के पास लगभग 4,200 मीटर की ऊंचाई पर दो मीटर श्रेणी का 'ऑप्टिकल' और इन्फ्रारेड (आईआर) दूरबीन का निर्माण करना है।

# रूस के हमले से कीव में 15 की मौत

## रात भर ड्रोन और मिसाइलों से हमला, घरों में सो रहे थे लोग

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन पर रात को उस समय मिसाइल और ड्रोन से हमले किए जब ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे, जिससे कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और 116 अन्य घायल हो गए। हमलों में मुख्य रूप से राजधानी कीव को निशाना बनाया गया।

कीव शहर सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमुर तकाचेंको ने बताया कि रातभर हुए हमले और बमबारी से नौ मंजिला एक रिहायशी इमारत ध्वस्त हो गई तथा कई अपार्टमेंट नष्ट हो गए हैं। आपातकालीन कर्मी मलबे से लोगों को बचाने के लिए घटनास्थल पर मौजूद हैं। यह हाल के महीनों में यूक्रेन की राजधानी में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है और हमला ऐसे वक्त में हुआ है, जब युद्ध को खत्म करने के लिए दो दौर की शांति वार्ता बेनतीजा रही है। रूस ने दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में भी ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। यह हमला करीब नौ घंटे तक चला और यह कीव को निशाना बनाकर किया गया नया ड्रोन और मिसाइल हमला है। यह हमला ऐसे वक्त में किया गया है कि जब विश्व नेता कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए जुटे हुए हैं।



रूस की मिसाइल से कीव में तहस-नहस हुई नौ मंजिला इमारत।

## आईआईटी दिल्ली और डीआरडीओ की क्वांटम संचार में बड़ी सफलता

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने क्वांटम संचार के क्षेत्र में बड़ी प्रायोगिक सफलता हासिल की है। इससे भारत भविष्य में साइबर सुरक्षा के लिए क्वांटम तकनीक का उपयोग करने की दिशा में अग्रसर हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह उपलब्धि एक किमी से अधिक दूरी तक फ्री-स्पेस ऑप्टिकल लिंक के माध्यम से क्वांटम 'एंटैंगलमेंट' पर आधारित सुरक्षित संचार स्थापित कर प्राप्त की गई, जो आईआईटी-दिल्ली परिसर में किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ और आईआईटी-दिल्ली को बधाई देते हुए कहा कि यह भविष्य के युद्ध और संचार सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

# नए वीडियो में छत से कूदते दिखे लोग

**विमान हादसा**

- **पांच दिन सामने आया विमान दुर्घटना का नया वीडियो**
- **लपटों में घिरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग से कूद रहे हैं लोग**

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें 12 जून को एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में टकराने के बाद वहां के घबराए हुए निवासी पांच मंजिला इमारत की बालकनी से कूदते या कूदने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

इस खौफनाक वीडियो के एक हिस्से में एक महिला बालकनी से महज रेलिंग के सहारे नीचे उतरने की कोशिश करती नजर आ रही है, जबकि घटनास्थल से कुछ ही मीटर की दूरी पर आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। पृष्ठभूमि में, परिसर की परिधीय दीवार के ऊपर से वीडियो बनाने वाले लोग चिल्लाते हुए सुने जा सकते हैं क्योंकि उन्हें डर है कि महिला गिर सकती है और उसे चोट लग सकती है। बाद में, एक आदमी भी इसी तरह नीचे उतरने की कोशिश करता हुआ दिखायी देता है। विमान दुर्घटना में विमान में सवार 241 तथा जमीन पर मौजूद पांच एमबीबीएस छात्र सहित 29 लोग मारे गए थे।

### डीएनए से 163 मृतकों की पहचान, 124 शव सौंपे गए

अहमदाबाद। अब तक डीएनए मिलान से 163 मृतकों की पहचान कर 124 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा, बाकी शव जल्द ही पहचान के बाद सौंप दिए जाएंगे। जोशी ने बताया कि दुर्घटना के बाद अस्पताल में भर्ती 71 घायलों में से नौ का उपचार जारी है, जबकि दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि सिविल अस्पताल से संबद्ध बीजे मेडिकल कॉलेज के दो और एमबीबीएस छात्र दुर्घटना में मारे गए हैं।

### अब तक बोइंग 787 विमानों की 66 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में विमान हादसे के बाद डीजीसीए के नए सुरक्षा दिशानिर्देशों के कारण अब तक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की 66 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। डीजीसीए ने एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की, इसमें उसने बोइंग 787 बेड़े पर विशेष ध्यान देते हुए एयर इंडिया के व्यापक संचालन के लिए हाल के परिचालन आंकड़ों की समीक्षा की।

**अध्ययन** सीईपीटी विश्वविद्यालय ने जलवायु प्रौद्योगिकी कंपनी के साथ अध्ययन कर जारी की रिपोर्ट

# दिल्ली में साल के सिर्फ तीन दिन साफ आबोहवा में सांस लेने वाले

## तापीय रूप से आरामदायक घंटे केवल 2210, जिसमें बाहरी तापमान 18 और 31 डिग्री के बीच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली में वर्ष में केवल तीन प्रतिशत घंटे ही सेहत के लिए सुरक्षित स्वच्छ वायु और सुहाने मौसम वाले होते हैं। एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। सीईपीटी विश्वविद्यालय और एक जलवायु-प्रौद्योगिकी कंपनी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक दिल्ली में लगभग 2,210 तापीय रूप से आरामदायक घंटे दर्ज किए गए हैं, जिनमें बाहरी तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच था।

अध्ययन के मुताबिक 1,951 घंटे खराब वायु गुणवत्ता (वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से ऊपर) के भी होते हैं। इस प्रकार वर्ष में केवल 259 घंटे ही बचते हैं, जो लगभग तीन प्रतिशत है, जब दिल्लीवासी स्वच्छ वायु और सुखद तापमान दोनों का आनंद ले सकते हैं। 'इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ इंडोर एयर क्वालिटी' के आठ जून को आयोजित 'हेल्दी बिल्डिंग 2025' सम्मेलन में प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि गर्मी और वायु प्रदूषण का एक साथ होना सुरक्षित प्राकृतिक आबोहवा के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित कर देता है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली की तुलना में, बेंगलुरु में 8,100 घंटे से ज्यादा समय स्वीकार्य वायु गुणवत्ता और सुखद तापमान की स्थिति रही। अहमदाबाद में गर्मी होने के बावजूद बाहरी परिस्थितियां ज्यादा अनुकूल रहीं। हालांकि, दिल्ली की तरह चेन्नई में भी 88 प्रतिशत आरामदायक घंटे खराब वायु गुणवत्ता के कारण प्रभावित हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन से खुलासा होता है कि गर्मी और प्रदूषण का अभिसरण भारतीय महानगरों में व्यापक होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक भवन निर्माण कार्य, चाहे पूरी तरह से सीलबंद वातानुकूलित स्थानों पर आधारित हो या बिना फिल्टर वाले प्राकृतिक वेंटिलेशन पर आधारित हो, अब शहरी भारत की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते।



आमतौर पर भीषण वायु प्रदूषण का सामना करते हैं दिल्ली के लोग।

### पीईसीएस को मुख्य धारा में लाने की सिफारिश

इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय भवनों में वैयक्तिक पर्यावरण नियंत्रण प्रणालियों (पीईसीएस) को मुख्यधारा में लाने की सिफारिश की गई है। ये प्रणालियां हवा के संचरण को नियंत्रित करती हैं और आदर्श तापमान बनाए रखती हैं तथा विशेष रूप से मिश्रित-मोड वाली इमारतों में उपयोगी होती हैं, जो दिन के समय, मौसम या प्रदूषण के स्तर के आधार पर प्राकृतिक और यांत्रिक हवा निकासी के बीच बदलाव करती हैं। अनुसंधानकर्ताओं द्वारा तैयार 'मॉडल' में पाया गया कि पीईसीएस पारंपरिक वातानुकूलित व्यवस्थाओं की तुलना में चेन्नई में वेंटिलेशन के लिए उपयोग की जाने वाली ऊर्जा में 72 प्रतिशत, अहमदाबाद में 70 प्रतिशत और दिल्ली में 68 प्रतिशत तक की बचत कर सकती हैं।